e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 190
गुरुवार
13.07.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

आप जिस भी स्तिथि में हैं, आप वहीं से लक्ष्य प्राप्त करने की कोशिश कीजिये, बजाए किसी के आगे हाथ फैलाने के।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28⁰ |
| न्युनतम | 22⁰ |

## क्विक न्यूज

### उत्तर कोरिया ने फिर दागी बैलिस्टिक मिसाइल

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइल दागकर दुनिया को चुनौती दी है। यह इस साल उत्तर कोरिया द्वारा किया गया 12वां प्रक्षेपण है। दक्षिण कोरिया और जापान ने मिसाइल दागे जाने की पुष्टि की है। दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा, उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी तट से पूर्वी सागर की ओर एक अनिर्दिष्ट बैलिस्टिक मिसाइल दागी। उत्तर कोरिया के पिछले प्रक्षेपण के बमुश्किल एक महीने बाद हुए इस प्रक्षेपण की सूचना जापान की सेना ने भी दी है। दक्षिण कोरिया की सेना के संयुक्त प्रमुख ने घोषणा की है कि उन्होंने बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण का पता लगाया है। उन्होंने इस प्रक्षेपण के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी है। जापानी रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने भी जानकारी दी कि मिसाइल को उड़ान भरते देखा गया। इससे पहले उत्तर कोरिया ने 15 जून को बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की थी।

### प्रधानमंत्री ने नेपाल के प्रधानमंत्री की पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की पत्नी सीता दाहाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है और नेपाल के प्रधानमंत्री के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को ट्वीट किया; श्रीमती सीता दाहाल के निधन के बारे में जानकर बेहद दुख हुआ। मैं पुष्प कमल दाहाल प्रचंड के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शाश्वत शांति मिले। ओम शांति।

### जमीनी विवाद में भाजपा के वरिष्ठ नेता के भाई सहित चार लोग गंभीर

**चैनपुर(पलामू) :** चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा चेड़ाबार मे जमीनी विवाद को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता अमलेश्वर कुमार दुबे के भाई मनोज कुमार दुबे, दिनेश कुमार दुबे, अखिलेश्वर दुबे एवं भतीजा आयुष कुमार दुबे को गंभीर रूप से मारकर हमलावर पक्ष के लोगो ने किया घायल। जानकारी के अनुसार उनके जमीन में आरोपी पक्ष के प्रेमन सिंह, तारकेश्वर सिंह, सुरेश सिंह, कौलेश्वर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कन्हाई सिंह, गोपाल सिंह, मनोहर सिंह ट्रैक्टर से जोताई कर रहे थे जिसके बाद पीड़ित पक्ष के द्वारा रोके जाने पर आरोपी पक्ष के लोगो ने तीर धनुष, गड़ासा और लाठी डंडे से उनपर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें पीड़ित पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

### एक दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे सीबीआई के डायरेक्टर

**रांची।** सीबीआई के डायरेक्टर प्रवीण सूद बुधवार को एक दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची पहुंचे। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से सीबीआई के अधिकारी उन्हें लेकर रवाना हो गए। सीबीआई के डायरेक्टर बनने के बाद प्रवीण सूद का यह पहला झारखंड दौरा है। बताया गया है कि प्रवीण सूद रांची स्थित सीबीआई की आर्थिक शाखा, एंटी करप्शन ब्यूरो और चिटफंड की शाखा की समीक्षा करेंगे। साथ ही दर्द के शो की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी लेंगे। उल्लेखनीय है कि वह 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी है।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में नीति आयोग की टीम के साथ हुई अहम बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

# पिछड़े राज्यों पर विशेष कार्य करने की जरूरत : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** संघीय ढांचे की मजबूती के लिए जरूरी है कि केंद्र और राज्यों का सर्वांगीण विकास हो। केंद्र और राज्य सरकारें एक दूसरे को सहयोग करें तभी विकास के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं उसे हासिल कर सकें। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नीति आयोग की टीम के साथ बैठक के दरम्यान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बैठक में पुराने और लंबित विषयों पर चर्चा हुई है और उसका समाधान भी निकला। इसके साथ कई नए मुद्दों को भी रखा गया, जिस पर नीति आयोग की ओर से सकारात्मक पहल करने का आश्वासन मिला। नीति आयोग के समक्ष राज्य सरकार के द्वारा जो भी मामले रखे गए हैं,वे केंद्र सरकार तक पहुंचेगी और झारखंड के हित में नीति निर्धारित होगी,ऐसी उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास की दौड़ में कई राज्य आगे बढ़ गए हैं और कुछ राज्य अभी भी पिछड़े हुए हैं। इसमें झारखंड भी शामिल है। ऐसे राज्य कैसे विकास की राह में आगे बढ़ें, इसके लिए विशेष कार्य करने की जरूरत है और इसमें सभी को साथ लेकर चलना होगा।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य विनोद कुमार पॉल, वरीय सलाहकार नीरज सिन्हा, सलाहकार नीलम पटेल, डॉ अमृत कॉल पॉल,डॉ अशोक ए, डॉ थ्यागराजू, सुमन सौरभ, नमन अग्रवाल और राज्य सरकार में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह,विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह,अपर मुख्य सचिव एल खियांगते, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे , सचिव सुनील कुमार, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव अबू बकर सिद्दीक, सचिव श्री प्रशांत कुमार, श्रीमती विप्रा, सचिव चंद्रशेखर और वन विभाग के संजय श्रीवास्तव मौजूद थे।

**इन मंत्रालयों के मुद्दों और विषयों पर हुई चर्चा**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ नीति आयोग की हुई बैठक में कोयला मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय, ऊर्जा मंत्रालय, केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय और महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।



#### मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से संबंधित बातें भी रखी गई

मुख्यमंत्री ने राज्य में स्थापित होने वाले मेडिकल कॉलेज से संबंधित बातें भी नीति आयोग के समक्ष रखी। उन्होंने कहा कि राज्य में मेडिकल कॉलेज के लिए ऐसी जगहों को चिन्हित किया गया है, जहां उसकी उपयोगिता उतनी नहीं है । अगर केंद्र सरकार मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की दिशा में निर्णय ले रही है तो उसमें राज्य सरकार की भी सलाह ली जानी चाहिये।

#### राज्य सरकार के कार्यों की सराहना

नीति आयोग के सदस्य डॉ विनोद कुमार पॉल ने कहा कि नीति आयोग केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच सेतु का कार्य करती है। झारखंड विकास के पथ पर तेजी से कैसे आगे बढ़े, इस दिशा में केंद्र से जो भी सहयोग की जरूरत होगी, नीति आयोग उसे पूरा करने की दिशा में पहल करेगी। उन्होंने कहा कि आज की बैठक काफी सार्थक रही है और उसके सार्थक परिणाम आएंगे। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन, मत्स्य पालन, दुग्ध उत्पादन और रागी उत्पादन के फील्ड में में काफी बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने राज्य सरकार की सराहना करते हुए कहा कि इसका निश्चित तौर पर फायदा यहां के लोगों को और देश को भी मिलेगा।

#### एफसीआई से अनाज मिले

मुख्यमंत्री ने फूड सिक्योरिटी को लेकर कहा कि केंद्र द्वारा लाभुकों का जितना कोटा तय है, उससे कहीं ज्यादा लाभुकों को राशन की जरूरत है। इसलिए राज्य सरकार ने अपने स्तर पर राशन कार्ड जारी किए हैं । लेकिन, राज्य सरकार के राशन कार्ड धारियों के लिए अनाज सरकार को बाजार से खरीदना पड़ता है । फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा अनाज उपलब्ध नहीं कराया जाता है। ऐसे में नीति आयोग केंद्र सरकार के पास झारखंड की इस मांग को रखे कि राज्य सरकार के राशन कार्ड धारियों के लिए भी राज्य सरकार को एफसीआई से अनाज उपलब्ध कराया जाए।

#### संसाधनों का हो बेहतर इस्तेमाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें संसाधन तो मिल रहे हैं, लेकिन उसका उपयोग ऐसी जगह हो रहा है, जिससे उसका जितना फायदा होना चाहिए, वह नहीं मिल पा रहा है । ऐसे में संसाधनों की बेहतर उपयोगिता के लिए केंद्र और राज्य को मिलकर काम करना होगा, तभी हम विकसित देश और विकसित राज्य बना पाएंगे तथा जनता उसका बेहतर सदुपयोग कर सकेगी।

#### राज्य सरकार ने रखे ये मुद्दे

मुख्यमंत्री ने कोयला मंत्रालय से जुड़े मामलों में कोल् कंपनियों द्वारा जमीन अधिग्रहण के एवज में मुआवजा और कोयले पर राज्य सरकार को मिलने वाली रॉयल्टी से जुड़े मुद्दे को विशेष रूप से रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न कोयला कंपनियों का जमीन अधिग्रहण को लेकर लगभग 80 हजार करोड़ रुपए मुआवजा दिया जाना है , लेकिन मात्र 2532 करोड़ रुपए राज्य सरकार और रैयतों को मुआवजा दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोल कंपनियां जो भी जमीन अधिग्रहित करती है, उसका मुआवजा मिलना चाहिए, भले ही उस पर खनन कार्य शुरू नहीं हुआ हो। इस पर कोयला मंत्रालय की ओर से पक्ष रखा गया। वहीं, नीति आयोग के सहयोग से यह सहमति बनी कि कोल कंपनियां कितना जमीन अधिग्रहित कर चुकी है और कितना मुआवजा वितरित किया गया है, इसकी पूरी रिपोर्ट जल्द देगी । मुख्यमंत्री ने कोयला पर मिलने वाली रॉयल्टी बढ़ाने की मांग रखी और कहा कि राज्य सरकार को ज्यादा से ज्यादा कोल रॉयल्टी मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनन कर रहे कोल कंपनियां जब तक किसी कोल माइंस में पूरी तरह उत्पादन बंद करने का सर्टिफिकेट नहीं देती है तब तक नई जगह पर वह कोल खनन नहीं करे। मुख्यमंत्री ने कोयला खदानों में लगी भूमिगत आग के मुद्दे को भी रखा।

### बालासोर ट्रेन हादसा
### सस्पेंड किए गए सात कर्मचारी



**भुवनेश्वर :** ओडिशा में हुई बालासोर ट्रेन दुर्घटना में सीबीआई ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में रेलवे के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया था. अब रेलवे ने इन तीन कर्मचारियों सहित कुल सात लोगों को सस्पेंड कर दिया है. बीते महीने दो जून को बालासोर जिले के बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन के पास हुए ट्रेन हादसे में 293 लोगों की मौत हो गई थी और 1200 से अधिक लोग घायल हो गए थे. इस मामले पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने संवाददाताओं से कहा था कि अगर ये अधिकारी सतर्क होते तो दुर्घटना को टाला जा सकता था. सीबीआई ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर (सिग्नल) अरुण कुमार महंत, सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद आमिर खान और तकनीशियन पप्पू कुमार को गिरफ्तार किया था. उन्हें बुधवार से सीबीआई ने और चार दिन की हिरासत में लिया है. तीनों कर्मचारियों को मंगलवार को पांच दिन की हिरासत पूरी होने के बाद यहां सीबीआई अदालत में पेश किया गया.इससे पूर्व, दक्षिण पूर्वी सर्कल के रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) की जांच में पता चला कि रेलने स्टेशन के उत्तरी सिग्नल गुमटी पर सिग्नलिंग सर्किट में छेड़छाड़ की वजह से यह हादसा हुआ था.


## प्रधानमंत्री का आज से दो दिवसीय फ्रांस दौरा शुरू



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13-14 जुलाई को फ्रांस दौरे पर रहेंगे. ये पीएम मोदी का छठा फ्रांस दौरा है.14 जुलाई को होने वाले फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस बैस्टिल डे परेड समारोह में के पीएम मोदी मुख्य अतिथि हैं. दो दिवसीय यात्रा के दौरान पीएम मोदी 26 राफेल समुद्री लड़ाकू जेट और तीन स्कॉर्पीन कैटेगरी की पारंपरिक सबमरीन खरीदने के लिए अरबों डॉलर के सौदे का ऐलान कर सकते हैं. फ्रांस की यात्रा के बाद पीएम मोदी अबू धाबी भी जाएंगे.पीएम मोदी की फ्रांस यात्रा का शेड्यूल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जुलाई से 15 जुलाई तक फ्रांस दौरे पर रहेंगे. पीएम गुरुवार 13 जुलाई को पेरिस पहुंचेंगे. वह ला सीन म्यूजिकल में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करेंगे. कार्यक्रम के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों एलिसी पैलेस में अपने आधिकारिक आवास पर प्रधानमंत्री के लिए प्राइवेट डिनर होस्ट करेंगे. इस दौरान दोनों नेताओं के द्विपक्षीय बातचीत करने और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने की संभावना है. 14 जुलाई को पेरिस में बैस्टिल डे परेड में मुख्य अतिथि होंगे. इसी दिन दोनों देशों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की चर्चा होगी. मैक्रों लौवर संग्रहालय के कौर मार्ली परिसर में पीएम के लिए एक औपचारिक डिनर होस्ट करेंगे. फ्रांसीसी राष्ट्रपति पीएम मोदी को प्रसिद्ध संग्रहालय के दौरे पर भी ले जाएंगे. इसके बाद मोदी और इमैनुएल मैक्रों लौवर संग्रहालय की छत से एफिल टॉवर पर आतिशबाजी का आनंद लेंगे. यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री के साथ शीर्ष भारतीय सीईओ का एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी होगा. भारत-फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी का ये 25वां साल है. पीएम मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच इस दौरान रक्षा, ऊर्जा, स्पेस, नई तकनीक का एजेंडा समेत द्विपक्षीय बातचीत हो सकती है.

## अब तक के इतिहास में सबसे ज़्यादा उफान पर यमुना नदी



**दिल्ली की सड़कों पर पहुंचा यमुना का पानी**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में बीते कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह से नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रहा है. हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी का असर अब दिल्ली में भी दिखने लगा है. दिल्ली में यमुना का जलस्तर बुधवार को सभी रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 207.55 मीटर तक पहुंच गया है. इससे पहले वर्ष 1978 में यमुना का जलस्तर 207.49 मीटर तक पहुंचा था. यमुना के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल ने इमरजेंसी बैठक बुलाई.यमुना के जलस्तर के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचने और उसके पार करने की आशंका के बीच दिल्ली प्रशासन ने यमुना से सटे निचले इलाकों में वाले लोगों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित जगह पर जाने को कहा था. यमुना में जलस्तर के बढ़ने के बाद आसपास के इलाकों में पानी भर गया है.कुछ इलाके तो ऐसे हैं जहां घरों में अभी कई फीट पानी भरा हुआ है.मौसम विभाग ने पहाड़ी राज्यों में अगले कुछ दिनों तक ऐसे ही बारिश जारी रहने की भविष्यवाणी की है. ऐसे में अगले कुछ दिनों में दिल्ली में यमुना का जलस्तर और ऊपर जा सकता है. दिल्ली सरकार ने मौसम विभाग द्वारा पहाड़ी राज्यों के लिए जारी की गई चेतावनी और यमुना के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए आपात बैठक बुलाई है. सीएम केजरीवाल ने यमुना के जलस्तर में आए रिकॉर्ड बढ़ोतीर के बाद एक ट्वीट भी किया है. उन्होंने लिखा कि केंद्रीय जल आयोग ने आज रात तक यमुना में जलस्तर के 207.72 मीटर तक पहुंचने की भविष्यवाणी की है. ये दिल्ली के लिए अच्छी खबर नहीं. दिल्ली में पिछले 2 दिनों से बारिश नहीं हुई है. हालांकि, हथिनीकुंड बैराज में हरियाणा द्वारा असामान्य रूप से अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण यमुना का स्तर बढ़ रहा है. केंद्र से हस्तक्षेप करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह है कि यमुना का स्तर और न बढ़े.यमुना नदी का पानी उफान पर होने के कारण मोनेस्ट्री और आईएसबीटी कश्मीरी गेट के बीच रिंग रोड पर आ गया है। इसी कारण से रोड पर यातायात प्रभावित है। लोगों को दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने इस रास्ते से बचने की सलाह दी है। साथ ही दिल्ली पुलिस ने कहा है कि बहुत जरूरी हो तब ही इन रास्तों का उपयोग करें।

## टीबी उन्मूलन के लिए बढ़ाया जाएगा जांच का दायरा: स्वास्थ्य मंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गांवों को समृद्ध किए बिना टीबी से नहीं लड़ा जा सकता। हालॉकि झारखण्ड के लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत अधिक है और हमारी एडवांस प्लानिंग अन्य राज्यों से अच्छी है। राज्य में प्रति एक लाख लोगों में से 1022 लोगों को जांच के दायरे में लाया जा रहा है। जांच का दायरा और बढ़ाया जाएगा। यह कहना है स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का। वह राष्ट्रीय याक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित टीबी वर्क प्लेस पॉलिसी एंड कॉरपोरेट इंगेजमेंट टू एंड टीबी के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन हेतु कार्ययोजना तैयार कर ससमय कार्य करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करना है। पूरे विश्व में टीबी उन्मूलन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक है, वही राष्ट्रीय लक्ष्य वर्ष 2025 तक है, जबकि झारखण्ड में टीबी उन्मूलन का लक्ष्य दिसम्बर 2024 तक रखा गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक राज्य में 57567 टीबी मरीजों की पहचान की गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि टीबी उन्मूलन हेतु कार्ययोजना तैयार कर ससमय कार्य करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करना है। पूरे विश्व में टीबी उन्मूलन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक है वही राष्ट्रीय लक्ष्य वर्ष 2025 तक है, जबकि झारखण्ड में टीबी उन्मूलन का लक्ष्य दिसम्बर 2024 तक रखा गया है।

उन्होंने कहा कि सभी जिलों में टीबी के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा पंचायत को टीबी मुक्त करने हेतु कार्य किये जा रहे हैं। जब तक एक-एक गांव एवं पंचायत टीबी मुक्त नहीं होगा, टीबी मुक्त जिला एवं राज्य की परिकल्पना बेईमानी होगी। राज्य सरकार टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम की शुरूआत आज से कर रही है। प्रथम दस टीबी मुक्त पंचायत के प्रतिनिधियों को राज्य सरकार द्वारा राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही सभी टीबी मुक्त पंचायतों को स्वर्ण, रजत और कॉस्य पदक प्रदान किये जाएंगे। मंत्री ने कहा कि सरकार अपने स्तर पर टीबी उन्मूलन हेतु हर संभव प्रयास कर रही है, लेकिन अन्य विभागों के समन्वय के बिना यह कार्य संभव प्रतीत नहीं हो रहा है। अतः इस दिशा में श्रम, उद्योग, खनन, सामाजिक सुरक्षा, डाक विभाग, आदिवासी कल्याण विभाग इत्यादि से समन्वय बना कर कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है । राज्य में बहुत सारे छोटे-बड़े उद्योग है। बहुत सारे लोक उपक्रम है एवं खदानों की भरमार है। हमारी पहुच राज्य के सुदूरवर्ती इलाको में सहिया की मदद से हो रही है, लेकिन इन कल-कारखानों, खदानों इत्यादि में कार्यरत कर्मचारियों तक हमारी पहुंच नहीं हो पाती है । लोग वर्किंग आवर में अपने कार्यस्थल पर चले जाते हैं एवं हमारे स्वास्थ्य कर्मीयों से उनकी मुलाकात नहीं हो पाती है । वहीं लोग भ्रांतियों के कारण बीमारी को छुपाना चाहते है एवं अन्य लोगों में टीबी की बीमारी फैला देते हैं।



### आईपीएस वाईएस रमेश को मिला जैप-दो का अतिरिक्त प्रभार

**रांची :** झारखंड सशस्त्र बल (जैप-1) के कमांडेंट वाईएस रमेश को जैप-2 टाटीसिल्वे का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस संबंध में जैप डीआईजी सुनील भास्कर ने बुधवार को आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि जैप-दो कमांडेंट के पद पर पदस्थापित इंद्रजीत महथा के डीआईजी के पद पर प्रोन्नत होने के बाद से जैप-दो कमांडेंट का पद रिक्त हो गया है। इससे दैनिक कार्य प्रभावित हो रहा है। इसलिए वाईएस रमेश अपने कार्यों के अतिरिक्त जैप-दो के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

**संक्षिप्त खबरे**

## कांग्रेस भवन से चोरों ने खिड़की का लोहा काटा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी ने शहर थाना प्रभारी को आवेदन देकर कहा है कि पलामू जिला कॉंग्रेस कमिटि के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वतंत्रता सेनानी स्व0 जगनारायण पाठक जी की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित करने कॉंग्रेस भवन पहुँचे तो देखा की जिला कार्यालय कॉंग्रेस भवन के खिड़की का सभी पाँच ग्रील अज्ञात व्यक्ति द्वारा काट लिया गया है और स्व0 पाठक जी की स्थापित मूर्ति का टाईल्स भी तोड़ने का प्रयास किया गया है।विदित हो कि अभी दो साल पहले नया ग्रील लगाया गया एवं पुरे भवन का जीर्णोद्धार किया गया था। उन्होंने थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा से आग्रह किया है कि प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए ऐसे दुस्साहस करने वाले अपराधी को चिन्हित कर दण्डित कीया जाय।

# विधायक ने किया धुमकुड़िया भवन का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने ग्राम करसो केलहार में आदिवासी समाज के सबसे पवित्र भवन धुमकुड़ीया भवन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत करसो में डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने आदिवासी समाज के सबसे पवित्र भवन धुमकुड़ीया भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान उनके साथ करसो गांव की मुखिया सीमा देवी, उपस्थित जिला परिषद श्री प्रमोद सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि और कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। ग्रामीणों के समक्ष में विधायक आलोक चौरसिया ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर शिलान्यास कार्यक्रम को शुरू किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केंद्रीय धुमकुड़िया भवन जनजातीय समाज की संस्कृति और परंपराओं के उत्थान का केंद्र बनेगा। धुमकुड़िया की परंपरा को पूर्वजों की धरोहर बताते हुए विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि यह भवन गांव की पहचान बनेगा। धुमकुड़िया एक ऐसा स्थल है जिसका आदिवासी समाज खास तौर पर उरांव जनजाति की परंपराओं में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है।

## उपायुक्त ने सूआ के मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे व उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने बुधवार को सदर प्रखण्ड के सूआ पंचायत अंतर्गत लहसुनिया मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में तितली प्रोजेक्ट के तहत चल रहे अरली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन पाठ्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त श्री दोड्डे ने केंद्र में बच्चों को डिजिटल लर्निंग के तहत क्या और कैसे पढ़ाया जा रहा है इसकी जानकारी ली, इस पर सेविका ने बताया कि टैब में सभी बच्चों का रजिस्ट्रेशन करा दिया गया है एवं सभी बच्चों को किताब से पढ़ाने के पश्चात सभी बच्चों से एक-एक कर लॉगिन कर उनको प्रैक्टिकली भी पढ़ाया जाता है एवं समय-समय पर बच्चों का मूल्यांकन भी किया जाता है।

## फॉरेस्ट विभाग के जमीन पर अवैध रूप से खेती करने वाले छः नामजद व्यक्ति पर एफआईआर के साथ एक ट्रेक्टर को किया जब्त

**विश्रामपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत घासीदाग पंचायत के ग्राम कौड़िया में फॉरेस्ट विभाग के जमीन पर अवैध रूप से खेती करने वाले छः नामजद व्यक्ति पर एफ. आई. आर. के साथ एक ट्रेक्टर को जब्त किया है. बताते चले की यह पूरी कार्रवाई ग्रामीणों द्वारा अबैध कब्ज़ा करते हुए विडिओ वायरल किए जाने के बाद वनरक्षी अभिषेक कुमार पांडे एवं गौरव कुमार निराला के द्वारा मौके पर पहुंचने के बाद किया गया है. ईस मामले में लुकमान अंसारी, शहीन अंसारी, अयूब अंसारी, निजाम अंसारी, रवायत अंसारी, कयामुद्दीन अंसारी सभी ग्राम मूसीखाप थाना पांडू जिला पलामू निवासी पर कार्रवाई की गई है.साथ में वन विभाग के जमीन पर हल चला रहे स्वराज ट्रेक्टर को अपने कब्जे में ले कर प्राथमिकी दर्ज की गई है. ट्रेक्टर किसकी है, कौन चला रहा था इसकी पड़ताल जारी है. हलांकि जोतकारों का कहना है की ईस जमीन पर लगभग पचास वर्ष से भी अधिक समय से हम लोगों का कब्ज़ा है, इसमें पूर्वज से लेकर आज तक खेती करते आ रहे है। कहा कौड़िया के कुछ लोग खेती को बार बार मवेशी से चरा देते थे जिसके कारण विवाद हुआ था, उन्ही लोगों ने यह सडयंत्र रचा है। कहा अगर कार्रवाई करनी है तो उन सभी लोगों पर एक साथ कार्रवाई करना चाहिए जो वन विभाग पर अवैध कब्ज़ा किए है।

## बीआरपी-सीआरपी की बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ संपन्न



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में बुधवार को बीआरपी- सीआरपी की बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीपीओ ने विभागीय कार्यों की समीक्षा के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में बीपीओ ने कहा कि प्रतिदिन का नामांकन रुआर लिंक में सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक भरेंगे। बीपीओ ने कहा कि नये नामांकन के लिये शिक्षक अपने-अपने विद्यालय के पोषक क्षेत्र का भ्रमण करें तथा आनंमकित व क्षितिज बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने रुआर के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि 6-18 आयुवर्ग के नामांकित सभी बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने विद्यालय से बाहर रह रहे बच्चों का शत- प्रतिशत नामांकन एंव उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.ट्रांजीशन रिपोर्ट वर्गवार सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक अपने सीआरपी को देना सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि प्रशस्त एप के द्वारा सभी प्रधानाध्यापक रजिस्ट्रेशन कर सर्वे करें तथा सहायक अध्यापक से भी सर्वे कराना सुनिश्चित करेंगे. विद्यालय स्तर पर खेलो झारखंड 2023 के तहत खेल प्रतियोगिता 15 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक आयोजित करना है.उन्होंने कहा कि सभी नामांकित बच्चों का अगली कक्षाओं में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करेंगे। बीपीओ ने सभी सीआरपी को निर्देश दिया कि लाइब्रेरी पुस्तक व ज्ञान सेतु किताब का उठाव जल्द से जल्द कराना सुनिश्चित करें.सभी बच्चों तथा शिक्षकों का उपस्थिति ई विद्या वाहिनी में दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे, इसका नियमित अनुश्रवण करने का निर्देश सीआरपी को दिया. बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे, प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी संजय कुमार सिंह, प्रशांत कुमार देव, अजय कुमार, शोभा पांडेय, वीरेंद्र प्रजापति, लेखापाल चंदन कुमार, रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल तथा कंप्यूटर कोडिनेटर मुकेश कुमार उपस्थित थे।

## बीडीसी के बैठक में भ्रष्टाचार के उठाई गई कई मुद्दे, कई विभाग के अधिकारी बैठक से रहे गायब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** प्रखंड सभागार मे बुधवार की प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी के अध्यक्षता प्रखंड विकास समिति की बैठक आहूत गई। इस बैठक मे पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय और अनुपालन के विषयों पर चर्चा किया गया, इसके पश्चात् सभी विभागों की एक एक कर समीक्षा किया गया। पेयजल विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी बीडीसी की बैठक से अनुपस्थि रहे। इस पर प्रमुख रेशम कुमारी ने काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि आखिर बैठक में आने से दूर क्यों भागते है वैसे अधिकारी पर वरीय पदाधिकारी को करवाई के लिए लिखने की बात कहा। राजस्व विभाग के उपनिरीक्षक के द्वारा केवाल का दाखिल ख़ारिज करने के लिए 20-25 हजार की रुपया वसूली किया जाता है। इस मामला का तत्काल संज्ञान मे लेते हुए प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी ने कहा कि सही पाये जाने पर निश्चिचत करवाई किया जायेगा और साथ मे सभी राजस्व कर्मचारी को निर्देशित किया कि किसी प्रकार के निजी मैनपावर नहीं रखना है।बीडीडी के सदस्य श्री संतोष कुमार यादव ने मनरेगा के जेई मनीष कुमार दिल्ली मे रहते है और उनकी बदले मे उनके द्वारा एक आदमी रखकर काम लिया जाता है, उनके के द्वारा नियुक्त व्यक्ति का नाम अमरेश कुमार रजक का प्रकाश मे आया है और सारी वर्क योजना मे भारी राशि वसुल कर मनरेगा द्वारा संचालित योजना की माफी पुस्तिका किया जाता है। तत्काल मामला को संज्ञान मे लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बीपीओ दीपक कुमार को निर्देश दिया कि सेवामुक्त करने के लिए उप विकास आयुक्त पलामू को पत्र प्रेषित करने की बात कहा। इस बैठक मे प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के बीईईओं, पेयजल स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता ने अनुपस्थित रहे। प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी ने काफी नाराजगी व्यक्त।

## परिवार नियोजन पखवाड़ा का किया गया शुभारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय ट्रॉमा सेंटर में मंगलवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर परिवार नियोजन पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये डॉ अवधेश सिंह ने कहा कि जनसंख्या की वृद्धि तेजी से हो रही है। देश मे जनसंख्या विस्फोट की स्थिति उतपन्न हो गई है, जिससे हम सबो को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लोगो मे जागरूकता लाकर परिवार नियोजन कार्यक्रम को अपनाते हुये जनसंख्या को नियंत्रित करने की दिशा में पहल की जरूरत है.उन्होंने कहा कि देश व राज्य के समग्र विकास के लिये जनसंख्या नियंत्रण आवश्यक है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुये अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने कहा कि परिवार नियोजन पखवाड़ा कार्यक्रम 11 जुलाई से आगामी 26 जुलाई तक चलेगा.इस दौरान लोगो को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया जायेगा। परिवार नियोजन पखवाड़ा अगले 15 दिनों तक मेला के रूप में मनाया जायेगा। जिसमे परिवार नियोजन से सम्बंधित सामग्री कंडोम का वितरण, महिला बन्ध्याकरण, पुरुष नसबन्दी आदि की जानकारी दिया जायेगा. कार्यक्रम को प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे ने भी सम्बोधित किया। मौके पर करुणा कुमारी, विपेश राज तमांग, प्रखंड लेखा प्रबन्धक करुणा कुमारी, एसटीटी सुभाष राम,बीटीटी सुनीता कुमारी, ए एन एम सुशीला देवी, फूलकुमारी तिर्की, अंजू कुमारी, दीप्ति कुमारी सहित अस्पताल कर्मी व बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बैठक कर माउंट हीरा कमेटी का किया गया गठन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विशुनपुर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में मुस्लिम समुदाय की बैठक आयोजित कर माउंट हीरा कमेटी का गठन किया गया.बैठक में सर्वसम्मति से मो सद्दाम हुसैन को सदर,तुफैल खान उर्फ गब्बर को महामंत्री, अमन आलम को खजांची, एहसान खान को सचिव, रहमान खान को उपसचिव, नेयामत खान को सूचना मंत्री नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सदर मो सद्दाम हुसैन ने कहा कि माउंट हीरा कमेटी के गठन का मुख्य उद्देश्य समाज की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि कमिटी के द्वारा पर्व-त्योहार में भी बढ़चढ़ कर सहयोग व सहायता किया जायेगा. बैठक में वारिस आलम, शहंशाह खान, शाहिद खान, इकबाल खान, आशिक अंसारी, चांद आलम, शमीम आलम, सोनु, टाइगर खान, वसीम अंसारी, सलातीन खान, अमीर खलीफा, तालिबा खान, फुटेनि सिद्दीकी, ताबीज़ खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## केतार प्रमुख चंद्रावती देवी ने अर्शी कंप्यूटर व डिजिटल सेवा केंद्र का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड के खरौंधी मोड पर बुधवार को अर्शी कंप्यूटर एवं मोबाइल सेंटर का शुभारंभ केतार प्रमुख चंद्रावती देवी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि कोलमोड़ में एक भी प्रज्ञा केंद्र नही रहने से यहा के ग्रामीणों को बहुत कठिनाई का सामना करना पढ़ता है। आज के परिवेश में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को प्रज्ञा केंद्र द्वारा संचालित किया जा रहा हैं। वही अर्शी कंप्यूटर व प्रज्ञा केंद्र के संचालक ने कहा कि इस प्रज्ञा केंद्र में पैन कार्ड, आय,जाति, निवास, चरित्र प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, ड्राईविंग लाइसेंस, इंशुरेन्स, लेमिनेशन,रेलवे टिकट, एयर टिकट,ऑनलाइन जमीन रशीद, खतियान, मुटेशन, फसल राहत, पीएम किसान, एवं सभी तरह का फॉर्म तथा ऑनलाइन कार्य किया जाएगा। साथ ही सभी बैंकों का पैसा निकासी एवं जमा भी किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के लोगो को कही भटकना नहीं पड़ेगा।

## कांवरीयों के जत्थों को मुखिया ने भगवा झंडा दिखाकर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उंटारी रोड, पलामू :** जिले के उंटारी रोड प्रखंड के मुरमाखुर्द गाँव से काँवरीयों का जत्था बुधवार को देवघर बाबा धाम के लिए बसों से रवाना हुआ काँवरीयों के जत्थे को मुखिया रामवचन राम ने भगवा झंडा और अंग वस्त्र देकर रवाना किया काँवरीयों को मंगलमय यात्रा की शुभकामना भी दी इससे पहले काँवरीयों के जत्था ने गावों का भ्रमण किया और ग्राम देवता की पूजा अर्चना के बाद मुरमाखुर्द स्थित बजरंगबली मंदिर में भी पूजा अर्चना के बाद मुखिया राम वचन ने बारी-बारी से अपने हाथों स मिष्ठान खिलाकर अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया रामवचन राम ने कहा कि बाबा भोलेनाथ की भक्ति से शक्ति मिलती है भक्ति से मिले शक्ति का सदुपयोग करते हुए समाज और राष्ट्र का भला करने का प्रयास करें मोके पर ओम प्रकाश मेहता, प्रभु नारयण मेहता, मंटू पासवान, लक्ष्मी सिंह, संतोष यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## प्रखंड कार्यालय पंडवा के सभागार में बीस सूत्री की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** प्रखंड कार्यालय पंडवा में हुई वीस सूत्री की बैठक पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने दी जानकारी।पलामू जिले अंतर्गत पंडवा प्रखंड कार्यालय में बुधवार को वीस सूत्री की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता वीस सूत्री अध्यक्ष श्री रजाऊदीन अंसारी ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुवे राजाउदीन अंसारी ने प्रखंड अंतर्गत हो रहे कार्यो के विषय में जानना चाहा। वही पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने उपस्थित लोगो के बीच प्रखंड संबंधित कार्यो की जानकारी दी। साथ ही इस बैठक में 20 सूत्री के बारे में लोगो को अध्यक्ष से अवगत कराया इस बैठक के दौरान प्रखंड सह अंचल कर्मी उपस्थित है।

## जन्म-मृत्यु के शत प्रतिशत निबंधन के लिए प्रखंड स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला हुआ संपन्न



**उंटारी रोड, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उंटारी रोड प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में जन्म -मृत्यु निबंधन पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रमुख अल्का कुमारी व संचालन बीडीओ ललित राम ने किया। बैठक में बीडीओ ललित राम ने जन्म-मृत्यु निबंधन की महत्ता व उद्देश्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी 14 जुलाई से 14 अगस्त तक प्रखंड स्तर कोविड-19 अवधि के दौरान छुटे हुए को शत प्रतिशत निबंधन के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान जन जागरुकता के लिए एवं आमजनों में जन्म-मृत्यु की घटना के निबंधन के महत्व का युद्ध स्तर पर प्रचार-प्रसार करने एवं इस कार्य से जुड़े निबंधको, प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविका, सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, पंचायत सचिव, पंचायत के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी की अहम भूमिका होगी। बैठक में प्रखंड व अंचल के कई कर्मी मौजूद थे।

## घासीदास पंचायत सचिवालय में किया गया डिजिटल साक्षरता शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड के घासीदास पंचायत सचिवालय में मंगलवार को डिजिटल साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जहां बैंकिंग सेवा सहित ऑनलाइन किए जा रहे कार्यो की समुचित जानकारी दी गई। ग्रामीणों के बीच डिजिटल संबंधित एवं जालसाज के तौर तरीके एवं उसके बचाव पर फिल्म प्रदर्शित कर जागरूकता अभियान चलाया गया साथ हीं उपस्थित ग्रामीण लोगों बीमा भी कराया गया। साथ हीं लोगों को बताया गया कि आज ऑनलाइन बैंकिंग सेवा के नाम पर जालसाजों के द्वारा लोगों को फॉड किया जा रहा है। ऐसे में समुचित जानकारी के बिना कुछ भी साझा ना करें। नहीं तो आर्थिक जोखिम उठानी पड़ सकती है। आयोजित डिजिटल साक्षरता शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया अंजू देवी व संचालन भारतीय स्टेट बैंक के वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता अभय कुमार के द्वारा की गई। मौके पर अभय कुमार ने कहा कि डिजिटल साक्षरता का संबंध उन तमाम तरह के साक्षरता से है, जो इंटरनेट का प्रयोग करने व डिजिटल संसार के अनुकूल बनने के लिए किसी व्यक्ति के लिए आवश्यक हैं। वहीं भारतीय स्टेट बैंक मेदिनीनगर के वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता अभय कुमार के द्वारा डिजिटल वित्तीय साक्षरता शिविर लगाकर उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई। साथ हीं बैंक की विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ सामाजिक जन सुरक्षा बीमा, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई डिजिटलाइजेशन एवं जागरूकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर पलामू जिला के एलडीएम अनुकरण तिर्की, एंथोनी, संस्था के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर रूपेश ठाकुर, सेंटर को ऑर्डिनेटर मनीष वैद्य, प्रशिक्षक गुरूदेव विश्वकर्मा, जेएसएलपीएस कार्यकर्ता मनीष कुमार सिंह, शुभम कुमार, सुषमा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, सहित सकडो ग्रामीणों ने मौजूद थे।

## बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक सदस्यो के भारी विरोध के कारण स्थगित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक सदस्यो के भारी विरोध के कारण स्थगित कर दिया गया। बैठक में बीस सूत्री क्रियावन्यन समिति के कुल नौ सदस्यो में से छः सदस्य उपस्थित हुए थे। सदस्यो द्वारा अध्यक्ष से पूछने पर की बाकी के तीन सदस्य उपस्थित क्यो नही है?इस पर अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि सभी को सूचना दिया गया था।जब कि सदस्यो का कहना था कि बाकी के तीन सदस्यों को सूचना ही नही दिया गया। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष तथा सदस्यो के कहा सुनी के बाद उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्य बैठक का विरोध करते हुए सभागार से बाहर चले गए। बाद में अध्यक्ष द्वारा अपने सदस्यो के साथ बैठक कर पुनः बैठक की बात कह कर बैठक को स्थगित कर दिया गया।इस संबंध में सदस्यो दिनेश राम, शिव कुमार यादव, मधु मिंज, इकबाल खान सहित बीस सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष ईश्वरी चौधरी ने आपस मे बैठक कर संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बैठक स्थगित होने का कारण बताते हुए प्रेस विज्ञप्ति में लिखा है कि बैठक का समय साढ़े ग्यारह बजे का था।बीस सूत्री अध्यक्ष व बीडीओ दोनो लोग साढ़े बारह बजे पहुचे।बैठक के प्रारंभ होने पर सदस्यो ने उनसे देर आने का कारण पूछा। अध्यक्ष महोदय के टाल मटोल जबाब देने के कारण सदस्य नाराज हो गए। उसके बाद सभी सदस्य उपाध्यक्ष अपने अधिकार क्षेत्र की कापी अध्यक्ष और प्रखंड विकास पदाधिकारी से मागने लगे। जबाब में अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि अधिकार की कॉपी रांची में है। उसे लेने के लिए आप सभी लोगो को रांची जाना पड़ेगा। अध्यक्ष द्वारा यह भी कहा गया कि अगले बैठक से आप लोगो को नही बुलाया जाएगा। अध्यक्ष के द्वारा दिए गए इस जबाब की वजह से बीस सूत्रीय उपाध्यक्ष ईश्वरी चौधरी, सदस्य दिनेश राम,शिव कुमार यादव,मधु मिंज, इकबाल खान सहित पांच सदस्यों ने बैठक का विरोध कर बैठक से चले गए।

## शहर थाना की सफल प्रयास से अधिवक्ता की बेटी सकुशल घर वापस लौटी

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अधिवक्ता प्रभु कुमार शर्मा की पुत्री सकुशल अपने घर वापस लौट आई है। अधिवक्ता रुचिर कुमार तिवारी ने पलामू जिला प्रशासन को इसके लिए बधाई दिया है। विदित है कि अधिवक्ता श्री प्रभु कुमार शर्मा की पुत्री 26 जुलाई से ही लापता हो गई थी और उसके बाद से अधिवक्ता के पत्नी और उनके परिजन काफी परेशान थे।परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। लेकिन बुधवार को सकुशल लौटने के बाद खुशी का ठिकाना नहीं है भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव राष्ट्रीय परिषद सदस्य सह अधिवक्ता रुचिर कुमार तिवारी ने इस टीम में शामिल सभी पदाधिकारियों को जिला प्रशासन के पदाधिकारियों एवं शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा को विशेष रूप से बधाई देते हैं जो समय रहते हुए कुशलतापूर्वक लड़की को वापस लगाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

**संक्षिप्त खबरें**

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय में एक कमरे के निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**रांची।** कांके प्रखंड के अंतर्गत सूती अंबे पिठौरिया चौक के पास सांसद संजय सेठ के मदद से सामुदायिक भवन एवं चेडी कांके प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में एक कमरे के निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद संजय सेठ के द्वारा किया गया। संजय सेठ ने कहा सभी क्षेत्रों का विकास हमारी प्राथमिकता है और प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। साथी 12 बूथों पर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों के बीच प्रधानमंत्री के 9 साल के कार्यों को बताया गया। इस अवसर पर कांके के विधायक समरी लाल, मंडल के अध्यक्ष गोपाल महतो, राम लखन मुंडा, अनिल टाइगर ,नसीब लाल महतो , मनोज राम ,सुरेश राम सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ईडी ने टेंडर कमीशन मामले में हरीश यादव को किया गिरफ्तार

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टेंडर कमीशन मामले में निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल के सहयोगी हरीश यादव को रांची से बुधवार को गिरफ्तार किया है। ईडी के अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। टेंडर कमिशन मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों को ईडी ने बीते 24 जून को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में तारा चंद, नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया शामिल थे। ये तीनों ने उसकी काली कमाई खपाने में उसका सहयोग करते थे।

# उपायुक्त ने बाल संरक्षण इकाई का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बाल संरक्षण इकाई का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त द्वारा कार्यालय में कार्यरत मानव बल एवं उनके द्वारा संपादित किए जा रहे कार्यों, विभाग द्वारा चलायी जा रही संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वेदप्रकाश तिवारी, सदर सीडीपीओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त से जिला समाज कल्याण और बाल संरक्षण ईकाई के पदाधिकारियों/कर्मियों से बारी-बारी से उनके कार्य एवं दायित्व की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी अपने कार्य एवं दायित्व का जिम्मेदारी



पूर्वक ससमय निर्वहन करें ताकि जरुरतमंदों को लाभ मिल सके। उपायुक्त् ने सभी कर्मियों की सेवा संपुष्टि से संबंधित आवश्यक प्रक्रिया ससमय पूरा करने के निदेश दिये। उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण एवं बाल संरक्षण ईकाई द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। दिव्यांगजनों के लिए यंत्र की खरीददारी की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कहा नियमानुसार ससमय यंत्रों की खरीददारी करें और दिव्यांगों को योजना का लाभ दें। टीएचआर, पूरक पोषाहार, पोषण अभियान, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना आदि की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिये। सावित्री बाई फुले किशोर समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सेविका के माध्यम से विभिन्न स्कूलों से ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिये। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को उपायुक्त ने वृद्धाश्रम आदि के लिए विभाग अंतर्गत छोटे मरम्मत कार्य के लिए खाका तैयार करने को कहा ताकि सीएसआर तथा अनाबद्ध निधि से कार्य कराया जा सके। उपायुक्त ने समीक्षा के दौरान ही पोषण टैऊक्रर में की जाने वाली इंट्री की जानकारी संबंधित कर्मी से ली। उपायुक्त जिला में सेविका-सहायिका द्वारा संपादित किये जा रहे कार्यो की जानकारी जिला समाज कल्याण पदााधिकारी एवं सदर सीडीपीओ से ली गयी। उपायुक्त नेसेविका-सहायिका की रिक्तियों को अभियान चलाकर पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि एक महीने के अंदर रिक्तियों को भरें।

# ई-रिक्शा व टुकटुक के विरुद्ध विशेष जांच अभियान, 18 किया गया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** टैक्स डिफॉल्टर, बिना फिटनेस और बिना इंश्योरेंस के चल रहे ई-रिक्शा/टुकटुक के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची प्रवीण प्रकाश द्वारा मोरहाबादी एवं कचहरी के आसपास के क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया गया।

**18 ई-रिक्शा/टुकटुक को किया गया जब्त**

विशेष जांच अभियान के दौरान 18 ई-रिक्शा/टुकटुक को जब्त किया गया। जब्त 18 ई-रिक्शा/टुकटुक को मोरहाबादी टीओपी में सुरक्षार्थ रखा गया है। जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश द्वारा बताया गया कि वाहनों की जाँच निरंतर जारी रहेगी।

उन्होंने सभी वाहन स्वामियों/चालकों से अनुरोध किया है कि रोड टैक्स का भुगतान कर वाहन संबंधित सभी कागजात



अद्यतन रहने पर ही वाहन का परिचालन करें नहीं तो मोटर अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। प्राय~ ऐसा देखा जा रहा है कि माता-पिता या अभिभावक की सहमति से नाबालिग बिना लाइसेंस के वाहन का परिचालन कर रहे हैं। जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश ने बताया कि ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि संशोधित मोटर अधिनियम के तहत माता-पिता की सहमति से बिना लाइसेंस के नाबालिग द्वारा वाहन परिचालन पर 25000 रुपये का जुर्माना या 2 साल की सजा का प्रावधान है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि प्रायः ऐसा देखा जा रहा है कि नाबालिग टुकटुक वाहन का परिचालन कर रहे हैं एवं मनमाना भाड़ा भी वसूल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# धुर्वा थाना के बैरक में लगी आग, समय पर पाया गया काबू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** धुर्वा थाना के बैरक में बुधवार की सुबह अचानक आग लग गई । आग लगने के बाद बैरक में सो रहे सिपाही इधर-उधर भागने लगे। कुछ लोग अपने सामान को भी बचाने के प्रयास करने लगे और इसी बीच फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई । समय रहते फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई , बैरक में लगी आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बहुत ज्यादा बैरक में रखे समान को नुकसान नहीं पहुंचा। थाना प्रभारी ने बताया कि सुबह सभी लोग आराम कर रहे थे , तभी बैरक में आग लगने की सूचना पर हड़कंप मच गया। आग पर काबू पा लिया गया है। जिसमें बहुत ज्यादा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन आग जहां तक लगने की बात है तो शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है , ज्यादा संभवत है शॉर्ट सर्किट से ही आग लगी है। वहीं सूत्रों ने बताया कि जहां पर आग लगी है वहां पर हीटर चूल्हा भी था।

# रांची में युवक ने की खुदकुशी सुसाइड नोट बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पुंदाग ओपी क्षेत्र के लाजपतनगर में किराये के मकान में रहने वाले एक युवक ने खुदकुशी कर ली। मृत युवक की शिनाख्त सपन कुमार राउत (31) के रूप में की गई है। वह मूल रूप से ओडिशा का रहने वाला था। पुलिस ने मृतक के कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें बच्ची की बीमारी का जिक्र है। पुंदाग ओपी प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति ने कमरे में फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली है। कमरे से सुसाइड नोट भी मिला है। उसमें मृतक की बच्ची के बीमारी के



बारे में जिक्र है। उसकी बच्ची बोल नहीं सकती थी। उसका इलाज करवा रहे थे लेकिन वह ठीक नहीं हो रही थी। इसी को लेकर राउत ने खुदकुशी कर ली। वह टेक्निशियन का कार्य करता था। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

# लोक कला सोहराय पेंटिंग अमेजॉन पर बिक्री के लिए उपलब्ध है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के आदिवासी लोक कला सोहराय पेंटिंग अमेजॉन पर बिक्री के लिए ग्लोबल मार्केट में उपलब्ध है।गुमला जिला के सिसई प्रखंड के निवासी मूर्तिकार और चित्रकार दिलेश्वर लोहरा के अथक मेहनत से रंग लायी। लंबे समय से काम कर रहे हैं, लेकिन ग्लोबल मार्केट में सोहराई पेंटिंग को कैसे उपलब्ध कराया जाए यह चिंता की विषय थी। अमेजन प्रतिनिधि से बात करने के बाद लोक कला सोहराय पेंटिंग को अपलोड किया गया।दिलेश्वर लोहरा के आनंद कला के नाम पर ऑनलाइन बुक कर सकते हैं। दिलेश्वर लोहरा के द्वारा राज्य के विभिन्न जगहों पर महापुरुषों के मूर्ति स्थापित किए गए हैं लोहरदगा



जिले में स्वतंत्रता सेनानी स्व.बुधन सिंह, स्व.छेदीलाल आजाद और शिव शंकर राम आर्य की प्रतिमा का निर्माण किया है।गुमला जिले में संसद स्वर्गीय कार्तिक उरांव की मूर्ति बनाई है।सिसई प्रखंड के प्रांगण में संसद स्वर्गीय ललित उरांव के मूर्ति का निर्माण कियें हैं।दिल्ली के तालकटोरा पार्क में पौधे से मूर्ति शिल्प जिसमें हाथी, जिराफ, ऊंट, पांडा और बैल का निर्माण किया है।

# एक सौ श्मशान घाटों के सौंदर्यीकरण का लक्ष्य : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सांसद संजय सेठ ने कहा कि अपने पहले कार्यकाल में लोकसभा क्षेत्र के एक सौ श्मशान घाटों के निर्माण और सौंदर्यीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसे तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। सेठ बुधवार को वार्ड संख्या 34 स्थित हेहल में सीसीएल के सहयोग से लगभग 46 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे श्मशान घाट निर्माण कार्य के शिलान्यास के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने रांची लोकसभा क्षेत्र में



केंद्र सरकार के सहयोग से लगभग 1000 करोड़ रुपये से अधिक राशि की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि गेल इंडिया के सहयोग से कचरा निस्तारण के लिए प्लांट लगाया जा रहा है, जो अगले वर्ष से काम करना शुरू कर देगा। सेठ ने केंद्र सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। स्थानीय लोगों के बीच पम्फलेट का भी वितरण किया। साथ ही पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया । कार्यक्रम में पूर्व पार्षद विनोद सिंह, डॉक्टर भीम प्रभाकर और शशांक शेखर ने भी विचार रखे। इस मौके पर बिंदेश्वर वेग, मंटू केसरी, अजीत भगत, सोनू श्रीवास्तव, संतोष सिंह आलोक सिंह परमार, सतीश चौधरी, प्रदीप सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस ने दिया एक दिवसीय मौन सत्याग्रह धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बापू वाटिका मोराबादी रांची में राहुल गांधी की जिस तरह सदस्यता समाप्त की गई है। उसके विरोध में एक दिवसीय मौन सत्याग्रह धरना दिया गया, जिसमे झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी के नेतृत्व में सैकड़ों अल्पसंख्यक कांग्रेस के पधाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्य रूप से महासचिव सह पूर्व उप महापौर



अब्दुल वाहिद खान, रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष अख्तर अली,रांची ग्रामीण अध्यक्ष अख्तर हुसैन,तौकीर अख्तर ,उपाध्यक्ष सगीर अंसारी, बोकारो जिला अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा,धनबाद अध्यक्ष जाहिर अंसारी,लोहरदगा अध्यक्ष हाजी सिकंदर अंसारी, खूटी जिला अध्यक्ष केसर खान,सिमडेगा जिला अध्यक्ष रॉवेल लकड़ा,चाईबासा उपाध्यक्ष तौहीद आलम,जमशेदपुर अध्यक्ष साकिर खान, चतरा जिला अध्यक्ष अशरफ हुसैन, कोडरमा जिला अध्यक्ष केसर इमाम,प्रदेश महासचिव गुलरेज अख्तर , मौहम्मद सलीम,प्रवक्ता गुलाम रब्बानी,तनवीर खान, महमूद अली,मुजम्मिल अंसारी,के अलावा सैकड़ों अल्पसंख्यक कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जमीन घोटाले के आरोपित अफसर अली की जमानत याचिका पर 19 को होगी सुनवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सेना के कब्जे वाली जमीन सहित अन्य भूमि की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े जमीन घोटाले के आरोपित अफसर अली की जमानत याचिका पर ईडी की विशेष अदालत में 19 जुलाई को सुनवाई होगी। आरोपित अफसर अली की ओर से अधिवक्ता शम्भू अग्रवाल और अक्षय शर्मा पक्ष रखेंगे जबकि ईडी की तरफ से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार बहस करेंगे। इससे पूर्व अफसर अली ने 11 जुलाई को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में जमानत याचिका दायर की थी। उल्लेखनीय है कि रांची में अवैध तरीके से जमीन की बड़े पैमाने पर हुई खरीद-फरोख्त के मामले में ईडी ने बीते 13 अप्रैल को झारखंड, बंगाल और बिहार के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन अफसर अली सहित अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था। अब तक की जांच में ईडी अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़गाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है। अफसर अली से पहले अमित अग्रवाल और दिलीप घोष ने भी जमानत याचिका दाखिल की थी लेकिन ईडी कोर्ट ने दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# रांची में मिला अधजला शव



**रांची :** सिल्ली थाना पुलिस ने बुधवार को बूढ़ाआम स्थित डोभा से एक व्यक्ति का अधजला शव बरामद किया। आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या कर शव को छिपाने के उद्देश्य से डोभा में फेंक दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# एनएच के किनारे चलाया गया पौधारोपण अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आजादी का महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रव्यापी वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। मंत्री भारत सरकार नितिन गड़करी के निर्देशानुसार आज पूरे देश में सभी एनएच के किनारे पौधारोपण अभियान चलाया गया।इसकी शुरुआत माननीय मंत्री नितिन गड़करी ने तिरूपति से की। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, (पीआईयू) आरओ राँची ने आज प्लांटेशन एजेंसी पैट्सी के साथ मिलकर एनएच -33 के किनारे (झाबरी गाँव) में 1000 हजार पौधे लगाये।इस अवसर पर श्री विजय कुमार,परियोजना निदेशक,



एनएचएआई, राँची ने पौधारोपण की शुरुआत की साथ ही उपस्थित लोगों को वृक्षारोपण का महत्व समझाया।इस अवसर पर पैट्सी के सचिव अर्चित आनंद ने भी पौधा लगाया और बताया की वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना बेमानी है। बताते चलें कि एनएचएआई द्वारा पूरे देश में वृहद् वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में पैट्सी को भी एनएच -33 के पैकेज-2 में सड़क के दोनों तरफ़ और बीच में करीब 69000 पौधे लगाने और उसकी देखभाल का जिम्मा दिया गया है,इसमें 90 प्रतिशत पौधे लगाये जा चूके हैं इसमें सभी प्रकार के पौधे लगाये जा रहे हैं जैसे पेल्टफ़ॉर्म, कचनार, अमलतास, अर्जुन, चंपा, बांस, कटहल, वैगन बेलिया इत्यादि। इस अवसर पर एनएचएआई वरिष्ठ पदाधिकारी, पैट्सी के अधिकारियों सहित उत्क्रमित उच्च विद्यालय, खिदडीह के छात्र/छात्राएँ शामिल थे।

# अंतरराज्यीय वाहन के तीन चोर गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ओरमांझी पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन के तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है इन तीनों युवकों में एक जमशेदपुर बागबेरा का रहने वाला मुकेश कुमार है बीटेक का छात्र भी रहा है और कुरखुंडा देवरिया थाना के 4 मामलों में वह जेल भी जा चुका है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि पटना जिला के रामजानकी कॉलोनी के रहने वाले वाहन मालिक अशोक कुमार मिश्रा ने थाना में लिखित जानकारी देते हुए बताया कि जस्ट डायल के माध्यम से स्कॉर्पियो बीआर01एचबी2704 को पटना से देवरी मंदिर रांची जाने के लिए बुक कराया गया था । जिसमें चालक दिलीप मंडल हैं। चारों व्यक्तियों को लेकर 4 जून 2023 को पटना से देवरी मंदिर पूजा करने के बाद, फिर वापस ओरमांझी की ओर बढ़े और इसी दौरान चालक को फ्रूटी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया गया, जिसमें चालक बेहोश हो गया । इस पूरे मामले को एस एसएसपी किशोर



कौशल ने ग्रामीण एसपी के निर्देशन में ओरमांझी थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन कराया गया और फिर इस मामले का उद्भेदन हुआ। पता चला कि पटना से गाड़ी कोलकाता पश्चिम बंगाल से झारखंड पहुंचा। युवकों को गिरफ्तार किया गया ।

मुकेश कुमार ,प्रेम कुमार और आशीष कुमार शामिल हैं। मुकेश कुमार का अपराधिक इतिहास रहा है। इस पूरे मामले का उद्भेदन ओरमांझी थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार, सूर्य प्रताप सिंह, बुद्धेश्वर उरांव, अनुराग कुमार, अनिल, रघुवंश यादव शामिल है।वहीं बताया गया कि गिरफ्तार युवकों का एक साथी अरुण ट्रेन से रांची पहुंच रहा है, उसकी भी गिरफ्तारी होगी।

# 10 जून की हिंसा आतंकवाद से जुड़ा हुआ मामला है, एनआईए जांच करे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डेली मार्केट थाना क्षेत्र में 10 जून 2022 को हुई हिंसक मामले पर झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। इस मामले में प्रार्थी की ओर से कोर्ट में कहा गया कि यह मामला एनआईए गतिविधियों से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी जांच एनआईए को दे देनी चाहिए। इस पर कोर्ट ने प्रार्थी से पूछा है कि वह बताएं की क्यों इस मामले को एनआईए को दे दिया जाए। क्या इस हिंसा की घटना में आंतकवादी गतिविधि दिखती है। इसके लिए अदालत ने प्रार्थी के अधिवक्ता को रिजवांडर फाइल करने को कहा है। तमाम उन तथ्यों को पेश करने को कहा है, जिससे यह साबित हो सके कि मामला आंतकवादी गतिविधियों से जुड़ा है। बता दें कि इस घटना में दो युवकों की मौत हो गई थी और 9 लोग घायल हो गए थे। वहीं कुछ पुलिसकर्मियों पर भी मामले दर्ज



किए गए थे , लेकिन उस पर कार्रवाई नहीं हुई है, कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## करकट्टा स्थित आग लगी बंद खदान से निकल रहा दमघोटू गैस, हो रही परेशानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी के करकट्टा स्थित बंद भूमिगत खदान सहित आग लगी बंद खदान से दमघोटू गैस निकलना एक बार फिर से तेज हो गया है. मानसून भी आ गया है. ऐसे में इस खदान से दर्जनों जगह से गैस निकलना जारी है. इसके अलावा झामुमो कार्यालय सहित करकट्टा खिलान धौड़ा के इर्दगिर्द में भी जमीन फटकर धुआं निकल रहा है. वहीं मुह बांधकर कर बाजार के लिए जाते राहगीरों ने बताया कि इधर कई दिनों से गैस काफी तीव्रता



निकल रहा है. स्वांस लेना मुश्किल हो रहा है.

मालूम हो कि करकट्टा की पूरी आबादी दहक रहे बंद भूमिगत कोयला खदान के ऊपर ही स्थित है. इस इलाके में जहां भी धरती की सतह कमजोर होती है, भूमिगत खदान का दमघोटू गैस धरती फाड़ककर बाहर निकलने लगता है. करकट्टा में रहने वाले लोग इसके अभ्यस्त हो चुके हैं. परंतु कभी-कभी आग लगी बंद खदान से दमघोटू गैस का तीव्रता बढ़ जाता है. जिसके कारण स्वास्थ्य के लिए सबसे ज्यादा चिन्ताजनक वह दमघोटू गैस है जो बंद खदान और जमीन के अंदर से निकलती रहती है. उल्लेखनीय है कि छह दशक पूर्व यहां भूमिगत खदान चलाया गया था. कई जगह भूमिगत खदान के मुहाने भी खुले हुए हैं.इधर हाल ही में करकट्टा खिलानधौड़ा नजदीक केडीएच कोयला खदान के बंद हिस्से में आग की लपटें धधक रही थी. जिसे सीसीएल द्वारा मिट्टी डालकर बंद किया गया था.इससे पहले करकट्टा में यह घटना बड़े पैमाने पर घट चुका है. जानकारों की माने तो निकल रहे गैस में कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डायऑक्साइड है.इसके अलावा मिथेन गैस होने की भी संभावना है.कार्बन मोनोक्साइड व कार्बन डायऑक्साइड दोनो की स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है. चिकित्सकों का कहना है कि ज्यादा मात्रा में कार्बन मोनोक्साइड सांस में जाने से जान भी जा सकती है.वहीं इस मामला को लेकर राज्य सभा सांसद महुआ माजी ने संसद को करकट्टा की स्थिति से अवगत कराया है. जबाबदेह लोगों को इसे गंभीरता से लेना होगा.

## यूथ कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सांगा ने ग्रामीणों की समस्या को लेकर डीडीसी से की मुलाकात

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** यूथ कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा और विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान खान ने सायको ग्राम प्रधान और ग्रामीणों के साथ डीडीसी से मुलाकात की। बातचीत के क्रम में अरुण संगा ने बताया कि साइको में जो दुकान टेंडर दिया गया है वह कहीं ना कहीं अनुचित तरीके से दिया गया है दुकानें अगर बनती भी है तो ग्रामीणों को उसका लाभ नहीं मिल पाता है तथा बाजार के समीप यात्री पड़ाव और पार्किंग की भी व्यवस्था की जानी चाहिए। इस संदर्भ में डीडीसी ने आश्वासन दिया है कि अगर दुकान सायको बाजार के समीप बनती हैं तो उसका दर मिनिमम रखा जाएगा।

## पांच परगना किसान महाविद्यालय में इंटर में एडमिशन नहीं होने से छात्र आक्रोशित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** पांच परगना किसान महाविद्यालय में इंटर के संभागों में एडमिशन नहीं लिए जाने का विरोध आज बुंडू की सड़कों पर सैकड़ों की तादाद में छात्रों ने किया।दरअसल पुरा मामला ये है झारखंड के कुल 65 अंगीभूत डिग्री महाविद्यालय में इंटर संभागों में एडमिशन नहीं लिया जा रहा जिससे लाखों छात्र का भविष्य अधर में लटका हुआ है इस मामले को लेकर सरकार से कई शैक्षणिक संस्थानों के द्वारा आग्रह किया गया की इंटर में एडमिशन को लेकर विचार किया जाए जिसके बाद सरकार ने आदेश जारी किया की इस वर्ष एडमिशन लिया जाए पर इस आदेश की भी अवहेलना विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किया जा रहा है और अब तक महाविद्यालय में इंटर संभागों में एडमिशन नहीं लिया जा रहा है जिसको लेकर छात्रों में काफी रोष है।बुधवार को पांच परगना क्षेत्र के सैकड़ों छात्रों ने बुंडू काली मंदिर से अनुमंडल कार्यालय तक आक्रोष प्रदर्शन किया बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी को इंटर में एडमिशन लिए जाने का आग्रह करते ज्ञापन सौंपकर पांच परगना किसान महाविद्यालय पहुंचे और महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को एक ज्ञापन सौंपा।इस दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन और महाविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध छात्र जोरदार नारेबाजी करते हुए नजर आए।इधर पांच परगना किसान महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष, इंटर प्रभारी और जैक सदस्य डॉ राधारमण साहू और व्याख्याता गौतम शुकला एक कार्यक्रम में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री मंत्री आलमगीर आलम और भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय से मिलकर मामले पर ज्ञापन देकर ध्यानाकृष्ट कराया जिसपर केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा ये एक गंभीर मामला है सरकार से इस पर बात करेंगे। वहीं छात्रों के आक्रोष प्रदर्शन में छात्र नेता सुरेंद्र लोहरा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जब मुख्यमंत्री ने एडमिशन लेने का आदेश जारी कर दिया है तो फिर विश्वविद्यालय प्रशासन और? महाविद्यालय प्रशासन क्युं मनमानी कर रही है पांच परगना क्षेत्र के किसानों मजदूरों के बच्चों के भविष्य साथ खिलवाड़ क्युं किया जा रहा है। ज्ञात हो कि पुर्व में इस मामले पर पांच परगना किसान महाविद्यालय का एक प्रतिनिधिमंडल महामहिम राज्यपाल महोदय से भी मिलकर पांच परगना किसान महाविद्यालय में इंटर में एडमिशन को लेकर आग्रह पूर्वक एक ज्ञापन सौंपा है।

## महिलाओं को परिवार नियोजन की दी गई जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जनसंख्या के रोकथाम को लेकर 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाला जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का शुरुआत किया गया। इस अवसर पर अनगड़ा सीएचसी प्रभारी निशा सिंह के देखरेख में परिवार नियोजन मेला का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन प्रखण्ड प्रमुख दीपा उराँव व सीएससी प्रभारी निशा सिंह डॉ. ने फीता काटकर किया। इस दौरान प्रखण्ड प्रमुख दीपा उराँव ने उपस्थित महिलाओं को पखवाड़ा के तहत परिवार नियोजन के बारे में बताया। और कहा कि कम उम्र में बेटियों का शादी ना करें। शिक्षित राष्ट्रहित परिवार में खुशहाली लाई जा सकती है। छोटा परिवार से ही बाल बच्चों का असली देखभाल और सकता है इसलिए परिवार नियोजन सरकार की बेहतर पहल है वहीं सीएचसी प्रभारी निशा सिंह ने परिवार नियोजन पर चर्चा करते हुए बताया कि इससे लोगों को सशक्त बनाने में मजबूती तथा विकाशील राष्ट्र बनाने में मदद मिलेगी। दुनिया का विकाशील व विकसित देश जनसंख्या विस्फोट से चिंतित है। भारत में जनसंख्या के कारण लगातार बेरोजगारी, गरीबी, भूखमरी बढ़ेगी और आने वाले पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ रह पाना मुश्किल होगा। ऐसा अनुमान है कि भारत में प्रति मिनट 25 बच्चे जन्म लेते हैं जनसंख्या के हिसाब से विश्व मे प्रथम स्थान चीन का है जबकि दूसरे स्थान पर भारत है।उन्होंने सहिया व स्वास्थ्य कर्मियों से आग्रह किया कि बंध्याकरण व नसबंदी करने के लिए लोगों को जागरूक करें. इस दौरान परिवार नियोजन के तहत बेहतर कार्य करने वाले एएनएम व सहिया को सम्मानित किया गया।

## नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजकीयकृत मध्य विद्यालय बुकबुका में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक बुकबुका पंचायत समिति सदस्य धीरज बहादुर, विद्यालय अध्यक्ष प्रतिमा एक्का तथा बुकबुका पंचायत उपमुखिया नीलम मिंज की उपस्थिति में सम्पन्न हुई.बैठक में शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के नियमित छात्र-छात्राओं के बीच झारखंड शिक्षा परियोजना रांची द्वारा नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया.नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक विद्यालय के वर्ग-1, वर्ग-3, वर्ग-4, वर्ग-7 एवं वर्ग-8 के छात्रों को दिया गया.मौके पर धीरज बहादुर ने अपने संबोधन में सभी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आकर पठन-पाठन करने पर जोर दिया.

## सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने तथा ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को निखारने और आगे बढ़ाने के लिए अवसर प्रदान करेगा.इसी के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी द्वारा सभी मुखिया, पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान को पत्र भेजकर 'सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब' के गठन हेतु एक अस्थाई समिति का गठन करने का निर्देश दिया है.14 जुलाई से 21 जुलाई तक ग्रामवार एवं अपने पंचायत में ग्राम सभा कर अस्थाई समिति का गठन करना है.अस्थाई समिति गांव के 40 वर्ष तक आयु वर्ग के सारे युवाओं को 'सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब' का सदस्य बनाएगी. ये सदस्य निर्वाचन के द्वारा 'सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब' के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन करेंगे. क्लब के पदधारक की उम्र 18 से 40 वर्ष तक की होगी. गठित क्लब संस्था निबंधन अधिनियम-1860 के अंतर्गत निबंधन कराएंगे.

## बक्सपुर गांव के सिसकारी पहाड़ में शेषनाग के आकृति देखने से क्षेत्र में भक्ति का माहौल

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बक्सपुर गांव अन्तर्गत सिसकारी पहाड़ पर शेषनाग के रूप का आकृति धारण किया हुआ देखकर ग्रामीणों में भक्तिमय व खुशी का माहौल देखा गया. सिसकारी पहाड़ पर शेषनाग के आकृति का खबर काफी तेजी के साथ पुरे क्षेत्र फैलाने लगा. जिससे देखने व दर्शन करने के लिए सैकड़ों महिला पुरूष बक्सपुर के सिसकारी पहाड़ पहुंचने लगे हैं और शेषनाग के आकृति का दर्शन करके अपने आप को काफी भाग्यशाली महशूस कर रहे हैं. वही बक्सपुर पंचायत के कुछ समाज सेवी व भक्तों ने सिसकारी पहाड़ पर स्थित शेषनाग के आकृति तक पहुंचने के तत्काल जेसीबी से झाड़ियों व पत्थरों को साफ करके लोगों के आने जाने के लिए रास्ता बनवाया है. बक्सपुर गांव के लोगों का कहना है कि सिसकारी पहाड़ में शेषनाग के अलग-अलग तरह के कई आकृति देखने को मिल रहे हैं जिससे क्षेत्र में भक्ति व आस्था का माहौल बना हुआ है.

## 30 दिवसीय घरेलू विद्युत उपकरण का उद्घाटन किया गया

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वरा शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय घरेलू विद्युत उपकरण एवं 10 दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल उधमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह किया गया । राज्य के विभिन्न प्रखंड से आए 50 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रांची जिला उपाध्यक्ष श्रीमती वीणा देवी ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिपूर्वक उद्घाटन किया, और प्रशिक्षण ले रहे सभी प्रशिक्षणार्थियों को स्वयं का रोजगार कर खुद पर निर्भर होने के लिए प्रेरित की और अपने रोजगार में दूसरों को भी रोजगार देने की बात कही। महिलाएं चाहे तो हर असंभव काम को संभव कर सकती है। संस्थान के निदेशक श्री संजीत कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को संदेश दीया की आप बैंक से जुड़कर अपने रोजगार को और आगे बढ़ा सकते हैं, रूडसेट संस्थान में आगामी चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम बकरी पालन, प्लंबिंग एंड सेनेटरी वर्क, हॉर्टिकल्चर प्रशिक्षण जल्द शुरू किया जाएगा । संस्थान के निदेशक ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो, अतिथि संकाय हजारी लाल शर्मा, दशरथ कुमार महतो, महेशरूही दास ,सुनील कुमार उपस्थित रहे।

## प्रखंड के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी बालिका उच्च विद्यालय प्रांगण में मंगलवार को आयोजित ग्रामीण मेधा सम्मान समारोह में जैक बोर्ड के मैट्रिक व इंटर परीक्षा में इटकी प्रखंड टॉपर्स व प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मैट्रिक में बालिका उच्च विद्यालय इटकी की छात्रा सारिया सना 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड टॉपर रही जबकि सनोबर सना 95 प्रतिशत व उमरा कौसर ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने वाले प्रखंड के 286 विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सम्मानित विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की व सफलता की कई टिप्स देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए शारीरिक व मानसिक अनुशासन जरूरी है।

## भाजपा का घर- घर जाकर जनसंपर्क अभियान जारी

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):**बुधवार को भाजपा के द्वारा चलाई जा रही महा जनसंपर्क अभियान के तहत पिठोरिया मंडल के नायक बस्ती,अंबा टोली,सुतियांबे व पिठोरिया पंचायत के विभिन्न गांवों में जाकर घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। भाजपा अनूसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने घर-घर जनसंपर्क कर जनता जनार्दन से पुनः एक बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनने व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना समर्थन देने का आग्रह किया। इस बीच लोगों को संबोधित करते हुए कमलेश राम ने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार गरीब, शोषित पीड़ित एवं? आदिवासियों का है इसी को केंद बिंदु में रखकर सभी योजनाएं बनाए गए हैं। इस दौरान नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं का लिस्ट संबंधित पत्रक बांटा गया तथा लोगों के घरों पर 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण का स्टीकर भी लगाया।

## सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के गठन हेतु ग्राम सभा का आयोजन कल

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सभी 84 गांवों में सिद्धू कान्हू खेल युवा क्लब के गठन हेतु सभी गांव में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। गांव की 40 साल तक के युवाओं का एक सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया जाएगा। जिसमें 10 कार्यकारिणी के सदस्य होंगे। एक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव होंगे। जिनका चयन ग्रामसभा के माध्यम से किया जाएगा। यह क्लब गांव के सांस्कृतिक, खेल ,विकास संबंधी कार्य व अन्य गतिविधियों देखरेख करेगा। सभी गांव में सिद्धू कान्हू युवा खेल का गठन होने के पश्चात प्रखंड स्तर का सिद्धू कानू युवा खेल क्लब का गठन इन्हीं सदस्यों के बीच किया जाएगा।

## आरपीएफ पोस्ट मुरी ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेलवे स्टेशन परिसर एवं ट्रेनों में आरपीएफ पोस्ट मुरी के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा यात्री जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें यात्रियों को कुछ प्रमुख बिंदुओं के बारे में जागरूक किया गया। आरपीएफ हेल्पलाइन नंबर-139 के बारे में जानकारी दिया गया और बताया गया कि उनकी सुरक्षित यात्रा के लिए क्या करना है और क्या नहीं करना है।रेलवे में प्रतिबंधित ज्वलनशील सामान और खतरनाक सामान ले जाने के खिलाफ आग्रह किया गया।लावारिस और संदिग्ध वस्तुओं के बारे में जानकारी दिया गया जो विस्फोटक हो सकती हैं, यदि ऐसी वस्तुएं मिलती हैं तो उन्हें न छुएं और आरपीएफ/जीआरपी या रेलवे कर्मचारियों को सूचित करें। पैदल यात्रा न करें और चलती ट्रेन में सेल्फी न लें।

## भाजपा नेता करण महतो ने गरीबो के बीच अंग वस्त्र का वितरण

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत के सिदालु गांव में भाजपा नेता करण कुमार महतो के द्वारा क्षेत्र के वृध्द महिला,पुरूष और विधवा के बीच अंग वस्त्र का किया वितरण।कार्यक्रम मे उन्होंने वृद्ध महिला के बीच साड़ी और वृद्ध पुरूष के बीच गमछा का वितरण किया।इस संबंध मे करण महतो ने कहा कि गरीब और असहाय की मदद करना सबसे बड़ा पूण्य का काम है।उन्होंने गरीबो की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही,साथ ही गरीब बच्चो के शिक्षा मे हर संभव मदद का भरोसा दिया। करण महतो पिपरवार क्षेत्र में संचालित आउटसोर्सिंग सैनिक कंपनी में एक मजदूर के पद पर कार्यरत हैं।इससे पूर्व करण महतो महामारी कोरोना संक्रमण के समय लगे लॉकडाउन मे अपने तीन साल का वेतन क्षेत्र के गरीब असहाय लोगो के बीच खाद्य सामाग्री मे बांट दिया।

## विधायक प्रतिनिधि के पिता के ब्रह्मभोज में शामिल हुई विधायक अंबा प्रसाद

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता के पिता स्व. रामकुमार गुप्ता के ब्रह्मभोज में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुई।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता के पैतृक निवास बुण्डू पंचायत पहुंच कर विधायक अंबा प्रसाद ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि दी,साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित आसपास के काफी ग्रामीण मौजूद थे जिन्होंने मृतात्मा को श्रद्धांजलि देते हुए ब्रह्मभोज में भाग लिया।ज्ञात हो कि 30 जुन की सुबह रांची के एक अस्पताल मे विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता के पिता रामकुमार गुप्ता का निधन हो गया था,जिसके बाद विधायक अंबा प्रसाद सहित कई लोगों ने दुःख प्रकट किया था।


## कार्यालय जिला गव्य विकास पदाधिकारी रामगढ़

### आम सूचना

सरकार के सचिव , कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, रांची के राज्यादेश संख्या –10रा0 वि0, दिनांक– 14.06.2023 के आलोक में **वितीय वर्ष 2023–24** में स्वीकृत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत ग्रामीण स्तर पर युवाओं / महिलाओं को स्वनियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनुदानित/लाभुक अंशदान (स्वंय या बैंक ऋण) पर संचालन हेतु गव्य प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति के तहत् विहित प्रपत्र मे आवेदन का आमंत्रित किया जाता है :–

| क0 सं0 | योजना का नाम | इकाई लागत प्रति युनिट | लाभुक श्रेणी | उप योजना | लक्ष्य | | | कुल लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 50% अनुदान एवं 50% लाभुक अंशदान | 75% अनुदान एवं 25% लाभुक अंशदान | 90% अनुदान एवं 10% लाभुक अंशदान | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 02 गाय/मैंस की योजना | 135050/- | सभी ए0पी0एल0/बी0पी0एल0 ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए – (आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना से प्रभावित परिवार की महिला/दिव्यांग/परित्यक्त ग्रामीण महिलाओं को छोड़कर) | OSP | – | 100 | – | 180 |
| | | | | SCSP | – | 30 | – | |
| | | | | योग | – | **130** | – | |
| | | | आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना से प्रभावित परिवार की महिला/दिव्यांग/परित्यक्त ग्रामीण महिलाओं के लिए। | OSP | – | – | 40 | |
| | | | | SCSP | – | – | 10 | |
| | | | | योग | – | – | **50** | |
| 2 | 05 गाय/मैंस की योजना | 337625/- | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। | OSP | 45 | – | – | 54 |
| | | | | योग | **45** | – | – | |
| | | | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | OSP | – | 5 | – | |
| | | | | SCSP | – | 4 | – | |
| | | | | योग | – | **9** | – | |
| 3 | 10 गाय/मैंस की योजना | 675250/- | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। | OSP | 13 | – | – | 28 |
| | | | | योग | **13** | – | – | |
| | | | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | OSP | – | 12 | – | |
| | | | | SCSP | – | 03 | – | |
| | | | | योग | – | **15** | – | |
| 4 | हस्तचालित चैफ कटर | 8000/- | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के दुधारू पशुपालकों लिए। | OSP | – | 115 | – | 225 |
| | | | | योग | – | **115** | – | |
| | | | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | OSP | – | – | 70 | |
| | | | | SCSP | – | – | 40 | |
| | | | | योग | – | – | **110** | |
| 5 | विधुत चलित चैफ कटर | 20000/- | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के दुधारू पशुपालकों लिए। | OSP | – | 12 | – | 24 |
| | | | | योग | – | **12** | – | |
| | | | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | OSP | – | – | 10 | |
| | | | | SCSP | – | – | 02 | |
| | | | | योग | – | – | **12** | |
| 6 | मिल्किंग मशीन (4 बकेट का) | 120000/- | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के दुधारू पशुपालकों लिए। | OSP | – | 30 | – | 55 |
| | | | | योग | – | 30 | – | |
| | | | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | OSP | – | – | 19 | |
| | | | | SCSP | – | – | 6 | |
| | | | | योग | – | – | **25** | |
| 7 | पनीर एवं खोवा मेकिंग युनिट (1 सेट) | 100000/- | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के दुधारू पशुपालकों लिए। | OSP | – | 10 | – | 20 |
| | | | | योग | – | **10** | – | |
| | | | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | OSP | – | – | 8 | |
| | | | | SCSP | – | – | 2 | |
| | | | | योग | – | | **10** | |
| 8 | वर्मी कम्पोस्ट यूनिट– साईज (3m x 2m x 1m) | 25000/- | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के दुधारू पशुपालकों लिए। | OSP | – | 70 | – | 115 |
| | | | | योग | – | **70** | – | |
| | | | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | OSP | – | – | 33 | |
| | | | | SCSP | – | – | 12 | |
| | | | | योग | – | – | **45** | |
| 9 | डीप बोरिंग 400' ft. 4" का | 100000/- | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के दुधारू पशुपालकों लिए। | OSP | – | 20 | – | 40 |
| | | | | योग | – | **20** | – | |
| | | | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | OSP | – | – | 15 | |
| | | | | SCSP | – | – | 05 | |
| | | | | योग | – | – | **20** | |
| 10 | काउ मैट 6.5'X4' | 5200/- | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के दुधारू पशुपालकों लिए। | OSP | – | 12 | – | 19 |
| | | | | योग | – | **12** | – | |
| | | | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | OSP | – | – | 05 | |
| | | | | SCSP | – | – | 02 | |
| | | | | योग | – | – | 07 | |
| 11 | संतुलित पशुआहार | RS.24/kg | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के दुधारू पशुपालकों लिए। | OSP | – | 220000 kg | – | 410000 kg |
| | | | | योग | – | **220000 kg** | – | |
| | | | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | OSP | – | – | 150000 kg | |
| | | | | SCSP | – | – | 40000 kg | |
| | | | | योग | – | – | **190000 kg** | |
| 12 | मिनरल मिक्स्चर | Rs. 120/kg | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के दुधारू पशुपालकों लिए। | OSP | – | 5000 kg | – | 8200 kg |
| | | | | योग | – | **5000 kg** | – | |
| | | | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | OSP | – | – | 2700 kg | |
| | | | | SCSP | – | – | 500 kg | |
| | | | | योग | – | – | **3200 kg** | |
| 13 | शीतवर्द्धक सप्लीमेन्ट | Rs. 60/kg | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के दुधारू पशुपालकों लिए। | OSP | – | 700 kg | – | 1100 kg |
| | | | | योग | – | **700 kg** | – | |
| | | | अनुसूचित जाति/जनजाति के दुधारू पशुपालकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | OSP | – | – | 250 kg | |
| | | | | SCSP | – | | 150 kg | |
| | | | | योग | – | | **400 kg** | |

**चयन हेतु अहर्ताए एवं प्रकिया :–**

- जिला के लाभुको का चयन की प्रक्रिया में लाभुकों का चयन/अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा के साथ–साथ पंचायत स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा ।
- लाभुकों के चयन हेतु अनुशंसा ग्राम सभा अथवा पंचायत स्तरीय समिति, दोनों मे से कोई एक द्वारा किया जाएगा।
- लाभुकों के चयन के साथ योजना अनुसार आवश्यक पशु शेड हेतु भी अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति द्वारा निश्चित रूप से किया जायेगा।
- योजनावार निर्धारित लक्ष्य के आलोक में लाभुकों का चयन ग्राम सभा/पंचायत समिति की अनुशंसा के साथ–साथ प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा उपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदन (अंतिम चयन) प्राप्त होने पर योजना का लाभ लाभुक को लाभुक अंशदान जमा करने के उपरान्त ही दिया जायेगा ।
- जिला स्तरीय चयन समिति से अनुमोदन (अंतिम चयन) उपरांत लाभुक को लाभुक अंशदान की निर्धारित राशि एक माह के अंदर संबंधित Escrow Account/Dedicated Bank Account में जमा करना अनिवार्य होगा।
- सभी योजनाओं का अनुदान राशि DBT के माध्यम से लाभुकों के Escrow Account/Dedicated Bank Account में लाभुक अंशदान जमा करने के उपरान्त हस्तांतरित की जायेगी ।

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत गाय/भैंस का क्रय हेतु प्रावधान :–**

- विभाग द्वारा आयोजित पशु मेला/शिविर (कैम्प) में गव्य विकास निदेशालय द्वारा सूचीबद्ध आपूर्तिकर्ताओं से मोल भाव व लगातार तीन पाली में दुध उत्पादन की क्षमता जाँचोपरान्त।
- अन्य जिला एवं राज्य से (झारखण्ड में सूचीबद्ध होने के उपरान्त मान्य होगा)।
- GeM Portal से।
- NDDB से।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ लेने हेतु वांछित स्थानीय और जाति/दिव्यांगता/विधवा से संबंधित प्रमाण–पत्र के स्थान पर निम्न प्रावधान के तहत् प्राप्त प्रमाण–पत्र/घोशणा–पत्र भी स्वीकार्य होगा –
  उक्त योजना से संबंधित आवेदन पत्र में स्थानीय और जाति/दिव्यांगता/विधवा की घोशणा की सत्यता की जाँच करते हुए आवेदन पत्र को मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिशद् का सदस्य द्वारा सत्यापित किया जायेगा। स्थानीयता के लिए Voter ID/Aadhar Card आवेदन पत्र के साथ लाभुक को जमा करना होगा।

**02 गाय की योजना :–**

- इस योजना से सिर्फ APL/BPL ग्रामीण महिलाओं को आच्छादित किया जाना है।
- 75% के अनुदान की योजना सभी वर्ग (जाति) के महिलाओं / स्वंय सहायता समुह के सदस्यों जो पूर्व से दुधारू पशुधन गतिविधि से जुडे को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा ।
- 90% के अनुदान की योजना आपदा/ आगलगी/ सडक दुर्धटना से प्रभावित परिवार की महिला/दिव्यांग/परित्यक्त ग्रामीण महिलाओं के लाभुकों को योजना का लाभ दिया जायेगा । (प्रमाण पत्र/घोशणा पत्र जो कि मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिशद का सदस्य द्वारा सत्यापित किया हुआ हो, अनिवार्य है)

**05 /10 गाय योजना :–**

- 50% के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला–पुरूष /लघु उद्यमियों युवा शिक्षित बेरोजगारों/ स्वंय सहायता समुह /सहकारी समितियों के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों जो पूर्व से दुधारू पशुधन गतिविधि से जुडे को प्राथमिकता के आधार पर योजना का का लाभ दिया जायेगा ।
- 75% के अनुदान की योजना सभी अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति को योजना से आच्छादित किया जाना है। (प्रमाण पत्र/घोशणा पत्र जो कि मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिशद का सदस्य द्वारा सत्यापित किया हुआ हो, अनिवार्य है)

**अन्य योजनाए :–**

- 75% के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला–पुरूष / स्वंय सहायता समुह /सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से दुधारू पशुधन गतिविधि से जुडे को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा ।
- 90% के अनुदान की योजना सभी अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/ दुग्ध सहकारी समिति को योजना से आच्छादित किया जाना है।(प्रमाण पत्र/घोशणा पत्र जो कि मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिशद का सदस्य द्वारा सत्यापित किया हुआ हो, अनिवार्य है)।

**नोट :–**


1. उपरोक्त योजनाओं के आवेदन करने एवं जानकारी हेतु संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी /भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी/जिला गव्य विकास कार्यालय,रामगढ़ से सम्पर्क किया जा सकता है।
2. आवेदन पत्र दिनांक **10.08.2023** तक कार्यालय से कार्य अवधि में नि:शुल्क लाभुक के द्वारा आधार न0 के आधार पर प्राप्त किया व पूर्ण रूप से भरा हुआ अनुलग्नक (आधार कार्ड की छाया प्रति, ग्राम सभा की छाया प्रति, जमीन का करेंट रशीद का छाया प्रति, बैंक खाता की स्पश्ट छाया प्रति) सहित मुखिया/पंचायत समिति द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन पत्र दिनांक **14.08.2023** तक जिला गव्य विकास कार्यालय, रामगढ़ में जमा किया जा सकता है।
3. अपूर्ण व अधूरा आवेदन पत्र स्वतः रद्द समझा जाएगा।

ह0/–

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
रामगढ़

PR302156 (District)23-24*D

## सराहनीय कदम : समाज सेवी डॉ विजय मोहन ने अकेले दलमा में की सफाई



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को जमशेदपुर के समाज सेवी डॉ विजय मोहन सिंह ने दलमा स्थित प्राचीन शिव मंदिर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में एकेले ही सफाई अभियान चलाया.आपको बतादें की दलमा में सावन की प्रथम सोमवारी को हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किये। साफ सफाई ना होने की बजह से कई तरह की प्लास्टिक बोतलें अन्य कचरा सामग्री देखने को मिला जिसको देखते हुए समाज सेवी डॉ विजय मोहन सिंह ने एकेले ही दलमा सफाई करना सुरु कर दिया।दलमा चढ़ने वाली रास्ते में प्लास्टिक बोतल एवं दलमा शिव मंदिर परिसर के पास पड़े कचड़े एवं प्लास्टिक को एकत्रित कर अपने निजी वाहन से नीचे उतार कर वन विभाग को सौप दिया ।और जागरूकता के तौर पर दलमा चढ़ने वाले नीचे चेक नाका में सभी लोगों से अपील की है कि इधर ङ्क उधर कूड़े न फेंक केवल कूड़ेदान का इस्तेमाल करें.जितना कम हो सके प्लास्टिक का प्रयोग कम करें।दलमा में इस प्लास्टिक बजह से किसी बेजुबान जानवर की जान भी जा सकता है।

## सपारुम में ईचागढ़ के विधायक ने किया तालाब का उद्घाटन



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को कुकडु प्रखंड के सापारुम में ईचागढ़ के विधायक सबिता महतो ने शिलापट्ट का अनावरण कर एवं नारियल फोड़ का उद्घाटन किया।विधायक सबिता महतो ने बताया कि लगभग 6.66 लाख के लागत से उक्त तालाब का जिनोरधार किया गया, जिससे गांव के किसानों को अपने खेतों के सिचाई करने का लाभ मिलेगा जिससे वे अपने खेतों में धान के अलावा सब्जी की खेती के साथ साथ मछली पालन भी कर सकते है। मौके पर तिरुलडीह के मुखिया रामबालक सिंह मुंडा, केंद्रीय सदस्य क़ाबलु महतो,बिस सूत्री अध्यक्ष शक्ति महतो,अरुण महतो,रामु महतो,शिबू तंतुबाई सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## दिवंगत भाजपा नेता किशोरी लाल व जय नारायण सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के एग्रिको स्थित आवासीय कार्यालय में बुधवार को हुई एक बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता किशोरी लाल और जय नारायण सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने दोनों दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि दोनों पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता थे। पार्टी में उनके योगदान को नहीं भुलाया जा सकता है। इनका जीवन आदर्श कार्यकर्ताओं की आने वाली पीढ़ी को भविष्य में प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री के अलावा गुंजन यादव, रामबाबू तिवारी, राकेश सिंह, आदि शामिल थे ।

## कोहिनूर स्टील कंपनी स्टाफ बस और बोलेरो में टक्कर, कोई हताहत नहीं

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा-कांड्रा मार्ग पर पिंड्राबेड़ा के समीप आदित्यपुर की ओर से आ रहा कोहिनूर स्टील कंपनी स्टाफ बस संख्या द्वारा जीआरडीसीएल के बोलेरो पिकअप वैन के बीच टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो घूमते हुए गार्डवाल से जा टकराया। बुधवार को सुबह हुई इस दुर्घटना के बावत प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस टाटा से खुचीडीह स्थित कोहिनूर स्टील कंपनी के स्टाफ को लेकर आ रही थी। इसी दौरान टोल बूथ पर जाने के लिए पिंडराबेड़ा मोड के क्रॉसिंग में दाहिने घूम रहे बोलेरो पिकअप वैन को बस द्वारा टक्कर मार दी गई। इस घटना में बोलेरो चालक बाल-बाल बच गया। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना कांड्रा पुलिस को दिए जाने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया। इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

## उपायुक्त कार्यालय में 29 नए क्लर्कों की हुई बहाली, विभिन्न शाखाओं में किया गया पदस्थापित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम उपायुक्त कार्यालय में 29 क्लर्कों की बहाली हुई है। इन क्लर्कों को बुधवार को डीसी ऑफिस की विभिन्न शाखाओं में पदस्थापित किया गया है। डीसी विजया जाधव ने बुधवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग रांची के विज्ञापन के आलोक में इंटरमीडिएट स्तर के कंप्यूटर ज्ञान की अर्हता रखने वाले संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की मेरिट लिस्ट के अनुसार यह भर्ती की गई है। डीसी ने इस परिप्रेक्ष्य में सीधी भर्ती, बैकलॉग भर्ती और अनुकंपा के आधार पर नवनियुक्त सभी क्लर्कों को भौतिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जिला परिषद के सभा कक्ष में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 17 जुलाई से 19 जुलाई तक सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक चलेगा।

## भगवान की कृपा प्रतीक्षा की चीज नहीं समीक्षा की वस्तु हैं : सीताराम शास्त्री



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिष्टुपुर तुलसी भवन में बुधवार को भागवत कथा के पांचवें दिन श्री कृष्ण बाल लीला, गिरिराज पूजन एवं छप्पन भोग का प्रसंग का व्यास पीठ से सुंदर व्याख्यान करते हुए कथावाचक सीताराम शास्त्री ने कहा कि भगवान की कृपा प्रतीक्षा की चीज नहीं समीक्षा की वस्तु हैं। साधक के जीवन में सुःख हो या दुःख हर परिस्थिति में प्रभु कृपा का दर्शन करना चाहिए। गिरिराज पूजन का प्रसंग सुनाते हुए महाराज जी ने कहा कि मनुष्य को सदा प्रकृति का पूजन करना चाहिए विध्वंसक नहीं। प्रकृति हमारी मां हैं। उसे विकृत नहीं, संस्कृति करें। साधक यदि सत्यता में जीता हैं तो उसे सदा निर्भयता ही मिलती हैं। असत्य से वही समझौता करता हैं जिसका सत्य का पक्ष कमजोर होता हैं। वह हमेशा डरा हुआ होता हैं। सत्य परेशान हो सकता हैं पर परास्त नहीं। सत्य हमारा निज स्वरूप हैं। वही भगवान हैं। इसलिए तो कोई हमसे झूठ बोले हमें अच्छा नहीं लगता। इससे प्रमाणित होता हैं कि हम सत्य की मंताति हैं। सत्य स्वरूप परमात्मा को उपलब्ध होना ही जीवन का परम लक्ष्य हैं। शास्त्री ने कालीय निग्रह प्रसंग सुनाते हुए आगे कहा कि इन्द्रियों को मारने से इन्द्रियां शांत नहीं होती, अपितु इन्द्रियों को मोड़ने से इन्द्रियों की गति दिव्य बनती हैं और शांत होती हैं। उन्हें प्रभु के मार्ग से मोड़ना चाहिए क्योंकि इन्द्रियों के स्वामी भगवान ही हैं।

# दुर्घटनाओं को रोकने के लिए टाटा-कांड्रा मार्ग पर दस स्थानों पर लगेगा ट्रैफिक सिग्नल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर दुर्घटनाओं को रोकने की कवायद जिला प्रशासन ने तेज कर दिया है। शीघ्र ही इस मार्ग पर दस स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाया जाएगा। इसके अलावा 15 किलोमीटर के समूचे मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाया जाएगा। बताया गया है कि इसके लिए जेएआरडीसीएल की ओर से विगत दिनों पथ निर्माण विभाग को प्रस्ताव भेजा था जिसकी तकनीकी स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इस व्यस्ततम मार्ग पर दुर्घटना रोकने की कवायद में आदित्यपुर-गम्हरिया विकास समिति भी जुट गया है। समिति के अध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह द्वारा पूर्व में जेएआरडीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर सत्या प्रमोद से मिलकर बंद पड़े स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करवाया गया था। उसके बाद उन्होंने उपायुक्त अरवा राजकमल से मिलकर सड़क दुर्घटना रोकने के लिए इस मार्ग के प्रमुख दस चौक चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने और समूचे मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की। इन दोनों मांगों पर डीसी ने गंभीरता दिखाई है और तत्काल उन्होंने जेएआरडीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर से बात कर इन दोनों मांगों पर किए जा रहे प्रयासों से पुरेंद्र को अवगत कराया। डीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि वे क्षेत्र की कई बड़ी कंपनियों की मदद से दस मुख्य चौक चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने की पहल कर चुके हैं, वहीं आदित्यपुर से कांड्रा टोल प्लाजा तक कुल 15 किलोमीटर सड़क पर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य सड़क निर्माण कंस्ट्रक्शन विभाग को करना है, जिसका प्रस्ताव जेएआरडीसीएल ने आरसीडी विभाग को भेजा था जिसकी तकनीकी स्वीकृति मिल चुकी है। डीसी ने उन्हें बताया कि वे खुद भी पथ निर्माण विभाग के सचिव को इस सड़क पर हो रहे हादसों का हवाला देते हुए पत्र लिख रहे हैं ताकि प्रशासनिक स्वीकृति भी शीघ्र मिल जाय। बताया गया है कि टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर शेरे पंजाब चौक, एस टाइप मोड़, टोल ब्रिज मोड़, सुधा डेयरी मोड़, गम्हरिया बाजार चौक, उषा मार्टिन मोड़, आकाशवाणी चौक, आशियाना चौक, पान दुकान चौक और आरआईटी मोड़ पर ट्रैफिक सिग्नल लगाया जाएगा।

## नियम उल्लंघन करने पर खालसा क्लब, गुजराती सनातन समाज व मिलानी हॉल पर लगा जुर्माना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड शहरी क्षेत्र धर्मशाला, विवाह भवन, बैंक्वेट हॉल, लॉज एवं हॉस्टल निर्माण और अनुज्ञप्ति नियमावली 2013 के आलोक में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के क्षेत्रांगत आने वाले खालसा क्लब, गुजराती सनातन समाज बैंक्वेट हॉल और मिलानी बैंक्वेट हॉल का औचक निरीक्षण विशेष पदाधिकारी संजय कुमार के द्वारा किया गया। अनुज्ञप्ति नही कराने वाले एवं नियम का उल्लंघन कर अवैध रूप से संचालित बैंक्वेट हॉलों पर 25 हजार रूपये जुर्माना देने का आदेश दिया गया । इस निरीक्षण के दौरान नगर मिशन प्रबंधक विद्या कुमारी एवं टैक्स कलेक्टर मनोज कुमार लाल दास आदि मौजुद रहे ।

## बीडीओ ने किया प्रखंड स्तर पर संचालित विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** प्रखंड विकास पदाधिकारी सरायकेला मृत्युंजय कुमार द्वारा बुधवार को प्रखंड स्तर पर संचालित विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मुंडाटांड एवं मोहितपुर पंचायत के विभिन्न गांव मे प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के निरीक्षण करते हुए लंबित आवास के लाभुकों से वार्ता कर लंबित कार्य पूर्ण करने हेतु उन्हें प्रेरित किया। जो लाभुक योजना के तहत राशि प्राप्त कर कार्य प्रारंभ नहीं किए हैं या निर्माण कार्य लंबित रखे हैं उनके समक्ष क्या समस्या है जानकारी ली। साथ ही उन्हें आगाह किया गया कि राशि लेकर समय पर आवास पूर्ण नहीं करने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। प्रखंड के महादेवपुर, पदमपुर, चड़कपाथर आदि गांव में प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों से मिलकर उनकी स्थिति की जानकारी ली गई। मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव , राशन डीलर ,पंचायत स्वयंसेवक एवं प्रखंड समन्वयक को आदेश दिया गया कि लंबित आवासों की लगातार निगरानी की जाए और उन में प्रगति हेतु हरसंभव सहयोग भी प्रदान किया जाए । भ्रमण के क्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय चड़कपाथर एवं आंगनवाड़ी केंद्र का भी उन्होंने निरीक्षण किया।

# ह्यूमन वेलफेयर द्वारा आयोजित नीट यूजी में सफल छात्रों को डीसी विजया जाधव ने किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को नीट यूजी क्वालिफाई करने वाले छात्रों को मानगो, चेपापुल स्थित महल इन होटल के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त विजया जाधव, विशिष्ट अतिथि सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर परवेज आलम, ब्रह्मानंद हॉस्पिटल तामुलिया और करीम सिटी कॉलेज के सेक्रेटरी डॉ. मो. जकरिया उपस्थित हुए। अतिथियों का स्वागत अहसीन इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल डॉक्टर अर्चना द्विवेदी, विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल डॉक्टर निधि श्रीवास्तव ने गुलदस्ता एवं शाल ओढ़ाकर कर किया। इस अवसर पर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से उपायुक्त विजया जाधव को पूर्वी सिंहभूम में इनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया। ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी ने बताया कि उपायुक्त ने बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में भरपूर कार्य किया है। वहीं सबर परिवार के बच्चों को गोद लेकर स्कूली शिक्षा हेतु विद्यालय में उनका एडमिशन करवाया है। इस अवसर पर उपायुक्त ने सबसे पहले उपस्थित अभिभावकों, माता-पिता और परीक्षा में उतीर्ण सभी छात्र छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने आगे कहा कि आज प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से आगे निकल रही है। आज से पहले महिलाओं को शिक्षा से वंचित रखा जाता था। गांव समाज के लोग एक लड़की का पढ़ना-लिखना गलत मानते थे। ऐसी धारणा हरेक समाज में बनी और महिलाओं का उत्पीड़न भी होने लगा। ऐसे में समाज सुधारकों ने एक नई समाज की नींव रखी जिसमें महिलाओं को उनका हक मिला। इस मौके पर डॉक्टर परवेज आलम ने नीट क्वालीफाई बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही उन्हें बताया की मेडिकल प्रोफेशन में सामाजिक भावना से अपनी पहचान बनाए। उपायुक्त के द्वारा नीट यूजी के छात्र छात्राओं में सुमेधा सिन्हा, हैका अशरफ,आमना तबस्सुम, शाजिया तसनीम,अपूर्व मोहताशीम अशरफ, अमन अहमद, शहजेब आलम, अब्दुल मोइज आलम, युविका गुप्ता को बुके और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मतिनुल हक अंसारी, सैयद आसिफ अख्तर, आसिफ महमूद, डॉ. मो. ताहिर हुसैन, मोइनुद्दीन अंसारी, प्रोफेसर अहमद बद्र, असलम बद्र, समाजसेवी अशरफ, प्रोफेसर महफूज आलम, नादिर खान, हाजी मुहम्मद अयूब अली, डॉ बशीर अहमद, गोविंद विद्यालय की शिक्षिका रजिया नौसाद, एमजीएम मेडिकल कॉलेज से डॉ सुमंगला बिस्वास, अफताब आलम, सामू खान का बड़ा योगदान था।

## युवा कांग्रेस संगठन जिला में सबसे मजबूत : मुकेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खरसावां :** युवा कांग्रेस के सांगठनिक बैठक में शामिल होने के लिए युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश मुंडुईया के नेतृत्व बुधवार को सरायकेला युवा कांग्रेस के जिला कमेटी, विधानसभा कमेटी और प्रखंड कमेटी के पदाधिकारीगण रांची रवाना हुए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री मुंडुईया ने कहा कि आगामी 2024 में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए काफी अहम है। आज की बैठक युवा कांग्रेस के झारखंड प्रभारी शेषनारायण ओझा और युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभीजित राज की अध्यक्षता में हो रही है। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को सरायकेलाङ्कखरसावां जिला में संगठन की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया जाएगा और आगामी दिनों में जिला स्तरीय व विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने के अनुमति ली जाएगी। उन्होंने कहा कि आज सरायकेला जिला में युवा कांग्रेस की संगठन काफी मजबूत है। वर्तमान समय में जिला कमेटी,सभी तीनो विधानसभा कमेटी और 9 प्रखंड एवं 3 नगर कमेटी का गठन कर अनुमोदन हेतु प्रदेश अध्यक्ष को भेज दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष की अनुमति मिलते ही सभी नवमनोनित पदाधिकारियों के लिए भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित कर पदभार दिया जाएगा। मौके पर युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रूईदास चाकी, जिला उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, जिला उपाध्यक्ष बीरेंद्र नायक, जिला महासचिव हीरालाल तियू, खरसावां विधानसभा अध्यक्ष जीवन सिंह हेंब्रम, सरायकेला विधानसभा अध्यक्ष सचिन हेंब्रम, ईचागढ़ विधानसभा अध्यक्ष बद्दी सिंह मुंडा, राजनगर प्रखण्ड अध्यक्ष मोटू सोरेन, सेराइकेला प्रखण्ड अध्यक्ष सिंघु टुडू,ईचागढ़ प्रखण्ड अध्यक्ष कृष्ण प्रमाणिक,गम्हारिया प्रखण्ड अध्यक्ष लादूरा गोडसोरा आदि बैठक मे उपस्थित होने के लिए राँची रवाना हुऐ।

## मनरेगा व आवास योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं का डीडीसी ने किया समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**सरायकेला :** समाहरणालय सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई ने संबंधित पदाधिकारियों सहित बैठक कर मनरेगा, आवास योजना एवं जे एस एल पी एस अंतर्गत संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित विरसा हरित ग्राम योजना, पीडी जेनरेशन, रिजेक्शन ट्रांजैक्शन, पोटोहो खेल मैदान, दीदी वादी योजना, पोषण वाटिका, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, आधार सीडिंग, रिजेक्शन स्कीम, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण इत्यादि योजनाओं का क्रमवार समीक्षा करते हुए लंबित योजनाओं में सुधारात्मक प्रगति लाने के निर्देश दिए। गम्हरिया एवं नीमडीह प्रखंड में पीडी जैनरेशन (मानव सृजन) में प्रगति लाने एवं आधार सीडिंग तथा डोभा निर्माण के लंबित कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मनरेगा के योजनाओं में प्रगति लाने हेतु प्रखंड सभी बीडीओ को क्षेत्रीय पदाधिकारियों सहित योजनाओं का स्थल निरीक्षण एवं प्रखंड स्तर पर नियमित समीक्षा करने को कहा। पीएम आवास योजना अंतर्गत प्रखंडवार राजनगर के 6 पंचायत, सरायकेला के 8, गम्हरिया के 4, खरसावां के 5 एवं नीमडीह व इचागढ़ के एक एक पंचायतों मे आवास निर्माण के लंबित कार्य को यथा शीघ्र पूर्ण करने तथा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर योजना अंतर्गत विभिन्न प्रखंड मे 158 लंबित योजनाओं को पूर्ण कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लाभुकों से भी संपर्क कर ससमय योजना पूर्ण करने हेतु प्रेरित करने को कहा गया।

# पटमदा से सटे बंगाल के पुरुलिया जिले में भाजपा को बड़ा झटका

## 2018 की तुलना में इस बार का प्रदर्शन खराब होने से भाजपा कार्यकर्ताओं में निराशा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** 2019 के लोकसभा चुनाव में पुरुलिया लोकसभा सीट से पहली बार भाजपा प्रत्याशी के रूप में ज्योतिर्मय महतो ने जीत दर्ज करते हुए क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस को बड़ा झटका दिया था। जिसका असर हुआ कि पार्टी संगठन के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा और 2021 में पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में पुरुलिया जिले की 9 विधानसभा सीटों में से 6 सीटों पर भाजपा प्रत्याशी की जीत हुई थी। इस बड़ी जीत से जहां पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं में भरपूर उत्साह देखने को मिल रहा था। वहीं ठीक 2 साल के बाद 8 जुलाई को हुए पंचायत चुनाव का परिणाम मंगलवार की देर रात तक जारी हुआ। इसमें 170 ग्राम पंचायतों में से 123 पर तृणमूल कांग्रेस, 11 पर भाजपा, 1 पर कांग्रेस व 2 पर वाम दल का कब्जा हो गया है जबकि 33 ग्राम पंचायतों में किसी को भी स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। यह परिणाम भाजपा के शीर्ष नेतृत्व एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं के लिए जहां निराशाजनक रहा वहीं राजनीतिक विश्लेषक भी आश्चर्यचकित हो रहे हैं। जिला परिषद 45 सीटों के लिए हुए चुनाव में भाजपा को सिर्फ दो सीटें राकेश महतो (बाघमुंडी प्रखंड) व समीर बाउरी (हुड़ा प्रखंड) के रूप में प्राप्त हुआ है। निर्दलीय को एक सीट मानबाजार-1 प्रखंड में गीतांजलि महतो। तृणमूल कांग्रेस की 42 सीटों में से बराबाजार प्रखंड में तीन सीटें शिवानी महतो, प्रतुल महतो व सुमिता सिंह मल्ल ने जीते हैं। बोरो प्रखंड में दो सीटें प्रतिमा सोरेन व हंसेश्वर महतो। बांदोवान प्रखंड में दो सीटें आह्लादी महतो व कलेंद्र नाथ मांडी। पुरुलिया-1 प्रखंड में दो सीटें भाग्य रुहिदास व निवेदिता महतो। आड़षा में दो सीटें पुष्पलता टुडू व काकली महतो। बलरामपुर में दो सीटें प्रतिमा किस्कू व गौतम महतो। झालदा-1 में दो सीटें नरेश महतो व रिंकू महतो। बाघमुंडी में एक सीट नमिता सिंह मुड़ा। जयपुर में दो सीटें नीलांजना पट्टनायक चटर्जी व अर्जुन महतो। कोटशिला में दो सीटें जुग्निवाला गोराई व विनय कुमार। पुरुलिया-2 में तीन सीटें प्रभाष चंद्र महतो, लतिका महतो व समरजीत महतो। हुड़ा में एक सीट सुरजमनी मांडी। पुंचा में दो सीटें सुचित्रा महतो व सुजय बनर्जी। मानबाजार-1 में दो सीटें सुचित्रा मुर्मू व प्रतिमा बाउरी। काशीपुर में तीन सीटें स्वपन कुमार बेलथरिया, लक्खी सोरेन व नमिता महतो। रघुनाथपुर-2 में दो सीटें परेश चंद्र बाउरी व अभिजीत मुखर्जी। पाड़ा में तीन सीटें जबा बाउरी, नुरुल नाहार व जयमल भट्टाचार्य। नितुड़िया में दो सीटें संतोषी दत्त बाउरी व बाबुजान हेम्ब्रम। सांतुड़ी में दो सीटें मनिका मंडल व कमल मंडल। रघुनाथपुर-1 में दो सीटें सरस्वती बाउरी व अजित बाउरी ने जीते हैं। पुरुलिया जिले की 20 पंचायत समिति में से 19 पर तृणमूल कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिला है जबकि एक प्रखंड में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। वहीं 170 ग्राम पंचायतों में से 123 पर तृणमूल कांग्रेस ने कब्जा जमाया है जबकि 11 ग्राम पंचायतों पर भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला है। 1 पंचायत कांग्रेस व 2 पर वाम दलों का कब्जा हुआ है। 33 ग्राम पंचायत में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है।

## बिजली करेंट लगने से युवक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** कांड्रा थाना अंतर्गत आजाद बस्ती में विद्युत करंट लगने से रंजीत प्रमाणिक (29)नामक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह रंजीत प्रमाणिक स्नान करने के लिए बाथरूम में गया था। स्नान कर बाथरूम से निकलने के बाद पास ही टंगे अरगनी में कपड़े को रखने के क्रम में उसका हाथ वहां झूल रहे बिजली के नंगे तार से सट गया। आनन-फानन परिजनों द्वारा उसे टीएमएच अस्पताल ले गया जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने रंजीत प्रमाणिक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता लखीकांत प्रमाणिक ने बताया कि जिस समय यह घटना हुई उस वक्त घर में कोई भी नहीं था। इस घटना से क्षेत्र में मातम छा गया है।

## संपादकीय

# दिल्ली पानी-पानी

**गली-गली** पानी, घुटनों तक पानी... ! ठहर गई दिल्ली, सडक़ों पर पानी... ! दरिया जितना पानी-पानी, बाढ़ बनता पानी-पानी... ! ये काव्यात्मक वाक्यांश देश की राजधानी दिल्ली की दुर्दशा और अव्यवस्था बयां करने को काफी हैं। गनीमत है कि दिल्ली और आसपास के इलाके पहाड़ी नहीं हैं। यदि पहाड़ी होते, तो एक ही बारिश त्रासद साबित हो सकती थी ! दिल्ली में बीते 24 घंटे में करीब 155 मिमी बारिश हुई और 41 साल पुराना रिकॉर्ड याद आ गया। इससे ज्यादा बारिश 1982 की जुलाई में हुई थी। बहरहाल इस बार की बारिश से करीब 60 इलाकों में जलभराव हो गया। औसतन हर तरफ घुटनों तक पानी बरसा और जमा हो गया। मंत्रियों, सांसदों, आईएएस, आईपीएस अधिकारियों के वीआईपी आवासीय क्षेत्रों और घरों के भीतर तक, सभी दिशाओं में, पानी-पानी हो गया। पानी के साथ कूड़ा-कर्कट भी चला आया और छोटे-छोटे सरीसृप वर्ग के जीव भी दिखाई दिए। यमुना नदी में जल-स्तर खतरे के निशान से ऊपर तक बढ़ जाएगा, क्योंकि हथिनी कुंड बैराज से करीब 71,000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। खतरे को भांपते हुए यमुना के आसपास के इलाकों में बसे 37,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। लोक निर्माण एवं शिक्षा मंत्री आतिशी के चुनाव-क्षेत्र श्रीनिवास पुरी में एक स्कूल की दीवार गिर गई। शुक्र है कि स्कूल में बच्चे नहीं थे। यदि स्कूल चल रहा होता, तो बड़ी त्रासद घटना हो सकती थी ! इस स्कूल का उद्घाटन महज 4 माह पहले ही किया गया था। स्कूल पर 16 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। राजधानी में आधा दर्जन से अधिक जगहों पर पेड़ भी टूट कर गिर पड़े। गनीमत है कि पहाड़ों जैसा भू-स्खलन, सडक़ों का टूटना, बादल फटना और प्रलय-सा पानी का बहाव दिल्ली में नहीं होता और न ही ऐसी स्थितियां बन पाईं, लेकिन 6 लोगों की मौत हो गई और कुछ घायल भी हुए। इसका एकमात्र कारण है-व्यवस्था की नालायकी। विभिन्न दिल्ली सरकारों के दौरान टाउन प्लानिंग के विशेषज्ञों ने दस्तावेजी प्रारूप बनाकर दिए थे, लेकिन विडंबना है कि देश की राजधानी में भी अराजकता के ढोल बजते रहे हैं। चौतरफा विकास और सडक़-निर्माण के बावजूद ड्रेरनेज सिस्टम और बारिश-नियंत्रण आदि नाकाम हैं। बेशक राजधानी दिल्ली में भारत सरकार और संसद भी हैं, लेकिन बरसाती नालों को साफ कराना, लोक निर्माण के स्थानीय कार्यों, ड्रेरनेज, शहरी स्मार्टनेस की कोशिशें आदि जिम्मेदारियां दिल्ली नगर निगम और अद्र्धराज्य की केजरीवाल सरकार की हैं। इन कामों के लिए संसद और केंद्र सरकार पर्याप्त बजट आवंटित करती हैं। अब नगर निगम में भी आम आदमी पार्टी (आप) की सत्ता है और महापौर भी 'आप' का ही है। मुख्यमंत्री केजरीवाल बहाना मार सकते हैं कि दिल्ली में इतनी भारी बारिश अपेक्षित नहीं थी, लिहाजा जो तैयारियां की गई थीं, वे विकलांग साबित हुईं और राजधानी दिल्ली को पानी-पानी देखना पड़ा। मुख्यमंत्री को विशेषज्ञों से विमर्श करना चाहिए था, क्योंकि जलवायु-परिवर्तन ने तमाम समीकरण बदल दिए हैं। इसे मजाक में नहीं लेना चाहिए, क्योंकि पूरी दुनिया जलवायु-परिवर्तन के घातक प्रभावों को झेल रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के उपराज्यपाल को फोन कर हालात की जानकारी ली। नतीजतन उपराज्यपाल को सडक़ों पर आना पड़ा। मंत्री भी सडक़ों पर उतरे और लोगों के बीच जाकर उनकी तकलीफें हल करने की कोशिशें कीं। राजधानी दिल्ली में जो भी घटता है, वह अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बन जाता है। सोशल मीडिया पर तो सरकार की भद्द पिट रही है। हम आपदा और समस्याओं की संवेदनशीलता को नकार नहीं रहे हैं, लेकिन मानसून के मौसम में ये दृश्य हर साल दिखाई देते हैं। दिल्ली सरकार आम नागरिक से कर भी वसूलती है, तो फिर व्यवस्था की जिम्मेदारी और जवाबदेही किसकी है ? ताजा खबर है कि हथिनी कुंड बैराज से 2.79 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, अतः सचेत रहना होगा।

यमुना नदी में जल–स्तर खतरे के निशान से ऊपर तक बढ़ जाएगा, क्योंकि हथिनी कुंड बैराज से करीब 71,000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। खतरे को भांपते हुए यमुना के आसपास के इलाकों में बसे 37,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। लोक निर्माण एवं शिक्षा मंत्री आतिशी के चुनाव–क्षेत्र श्रीनिवास पुरी में एक स्कूल की दीवार गिर गई। शुक्र है कि स्कूल में बच्चे नहीं थे। यदि स्कूल चल रहा होता, तो बड़ी त्रासद घटना हो सकती थी! इस स्कूल का उद्घाटन महज 4 माह पहले ही किया गया था। स्कूल पर 16 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। राजधानी में आधा दर्जन से अधिक जगहों पर पेड़ भी टूट कर गिर पड़े। गनीमत है कि पहाड़ों जैसा भू–स्खलन, सडक़ों का टूटना, बादल फटना और प्रलय–सा पानी का बहाव दिल्ली में नहीं होता और न ही ऐसी स्थितियां बन पाईं, लेकिन 6 लोगों की मौत हो गई और कुछ घायल भी हुए। इसका एकमात्र कारण है–व्यवस्था की नालायकी।

## कुछ अलग

# सियासत निर्माण नहीं करती

**दिल** पे हाथ रख के पूछो, हमीं से हुए हैं कितने गुनाह। कुछ इसी तर्ज पर हिमाचल भी अगर अपनी जमीर को टटोले तो सियासत के सुरूर से नागरिक के गुरूर तक, हम सभी कसूरवार होंगे। भाजपा को गिला है कि वर्तमान राज्य सरकार उनके नेक फैसलों की मिट्टी खराब कर रही है, तो सुक्खू सरकार व्यवस्था परिवर्तन के पैमानों को हर ओर भर रही है। इसी कड़ी में 'लैंड यूज फ्रीज' जैसे निर्णय को सियासी मंच पर ढोना लाजिमी तौर पर, प्रदेश के भविष्य की मुखालफत है या नीतियों को पटकने की ख्वाहिश में सियासत को जिंदा रखने की फरमाइश है। एक बड़ा बयान भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं विधायक त्रिलोक जम्वाल के मार्फत सुक्खू सरकार को आंखें दिखा रहा है। भाजपा का मानना है कि फोरलेन के किनारों पर सौ मीटर तक के क्षेत्रफल में निर्माण की गुंजाइश की कोई नियमावली नहीं होनी चाहिए। पार्टी जो कहना चाहती है उसके संदर्भों की लाली में टीसीपी कानून का अमल जनता का अहित करेगा, जबकि सरकार के सामने यह चुनौती है कि कुछ ऐसा किया जाए ताकि प्रदेश अव्यवस्थित न रहे। दरअसल आधी सदी गुजरने के बाद भी टीसीपी कानून की मौलिक संरचना और जरूरत कहीं अंग भंग हुई है। कोई शहर, गांव या बस्ती ऐसी नहीं जो साबित कर सके कि ग्राम एवं नगर योजना कानून के तहत में हमने कुछ पाया या खोया। टीसीपी कानून के तहत प्रक्रियाओं का सरलीकरण या उद्देश्यों की स्पष्टता में हो सकता है कई खामियां रही होंगी, लेकिन सत्ता की अदला बदली में राजनीति ने हमेशा इस कानून को कमजोर किया। परवाणू से शिमला, पठानकोट से मंडी, कांगड़ा से शिमला-ऊना या मंडी से सुंदरनगर-कुल्लू से मिलती सडक़ों के किनारे नव निर्माण का जो जखीरा खड़ा हुआ है, उसके लिए क्या भाजपा या कांग्रेस गर्व के साथ स्वीकार करेगी। क्या हमारी सडक़ें बाजार हैं या बाजार के लिए ही सडक़ों का निर्माण जरूरी है। सर्वेक्षण बताता है कि पिछले तीस सालों में प्रमुख सडक़ों को घेर कर नव निर्माण की अफरातफरी ने इतना कोहराम मचाया है कि कई दृश्यावलियां गुम हो गईं। भाजपा यही गिनती कर ले कि प्रदेश में तीन हजार से ज्यादा जेसीबी मशीनों ने सडक़ों के किनारे कितने पहाड़ खोदे और घाटियों को गहरा कर दिया। इन्हीं सडक़ों के किनारे अगर कूहल, नाला, खड्ड या नदी भी आई तो आधुनिक हिमाचल के निर्माताओं ने जल निकास के रास्ते बदल दिए। किनारे खड़ी इमारतों ने अपनी जल निकासी सडक़ों को सौंप दी, तो क्या सरकारी अधोसंरचना पर इस गैरजिम्मेदाराना अधिकार को वैध करार दिया जाए। कहना न होगा कि हिमाचल ने सुनियोजित विकास नहीं किया, तो हर मौसम कहर बन कर टूटेगा और अगर बच भी गए तो यूं माफिया निरंकुश हो कर लूटेगा। जनता के हित अगर निजी स्वार्थ हैं, तो क्या प्रदेश के हितों की जवाबदेही तय ही न की जाए। हो सकता है भाजपा की पिच पर 'लैंड यूज फ्रीज' मुद्दा बन कर दो चार चौके-छक्के मार दे, लेकिन किसी दिन देखना कि नेरचौक से सुंदरनगर, भूंतर से मनाली, शाहपुर से पालमपुर या इसी तरह सडक़ों के किनारे हम कैसा हिमाचल बना चुके होंगे। शायद हिमाचल की राजनीति जनता में ज्ञान बोध को मार कर उसे ऐसे नफे नुकसान में घुमाना चाहती है ताकि सारे कानून अंधे हो जाएं, लेकिन हमें याद रखना होगा कि अदालतें बार-बार क्या कह रही हैं। अब तक आए एनजीटी के फैसलों का ही संज्ञान लें, तो अवैध निर्माण पर लगी रोक व टिप्पणियों का गुनहगार तो टीसीपी कानून ही बना। हिमाचल की छवि, पर्यटन की हिफाजत, भविष्य की उड़ान और पर्वतीय परिवेश के संरक्षण के लिए अगर जंगल बचाने हैं, तो खेत और घाटियां भी बचानी होंगी। एनजीटी के निर्देश, टीसीपी की जरूरत और भविष्य की खुशहाली इसी में है कि हर तरह के निर्माण को सुनियोजित किया जाए। होना तो यह चाहिए कि हिमाचल के नियोजित विकास के लिए पूरे प्रदेश में टीसीपी कानून को लागू किया जाए। यह दीगर है कि सियासत को तो शहरी विकास परियोजनाओं से चुन-चुन कर गांव हटाने होते हैं ताकि गड्डु मड्डु संस्कृति में राजनीति ही हमारा नारा बनी रहे।

### 2030 पर भारत की अस्वीकृति ने भारत की अडिगता प्रदर्शित की है

# विश्व व्यवस्था में आर्थिकी और कूटनीति

**डा. अश्विनी महाजन**

नई दिल्ली घोषणापत्र पर सहमति, हालांकि मतभेद कायम : शिखर सम्मेलन के अंत में, हालांकि नई दिल्ली घोषणा नामक एक घोषणा की गई थी, जो व्यापक सहमति को रेखांकित करती है, लेकिन दो प्रमुख मुद्दों, यानी 'बेल्ट रोड पहल' (बीआरआई) और 'विकास रणनीति 2030' पर मतभेदों को इंगित करते हुए इस घोषणापत्र को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया। नई दिल्ली घोषणा के अलावा, कुछ हस्ताक्षरित समझौतों में बेलारूस गणराज्य के दायित्वों का ज्ञापन, और कट्टरवाद और डिजिटल परिवर्तन पर दो बयान शामिल हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है कि भारत संप्रभुता के मुद्दे पर बीआरआई का विरोध करता रहा है।

**आजकल** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) एक बार फिर चर्चा में है। गौरतलब है कि शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्राध्यक्षों का एक ऑनलाइन शिखर सम्मेलन 4 जुलाई 2023 को आयोजित किया गया था। इस वर्ष इस संगठन की अध्यक्षता की जिम्मेदारी भारत के हाथों में है। यह पहली बार है कि संगठन के जन्म (2001) के बाद और विशेष रूप से 2016 में एससीओ में पूर्ण सदस्य के रूप में भारत के शामिल होने के बाद, भारत इसकी अध्यक्षता कर रहा है। मूल रूप से इस संगठन की स्थापना यूरोप और एशिया (जिसे यूरेशिया भी कहा जाता है) के देशों के बीच आर्थिक और रक्षा सहयोग के लिए की गई थी। एससीओ की स्थापना से पहले उज्बेकिस्तान को छोडक़र 5 देशों का एक समूह 'शंघाई फाइव ग्रुप' 1996 से काम कर रहा था। बाद में इस समूह में उज्बेकिस्तान को भी शामिल कर लिया गया और एससीओ की औपचारिक स्थापना हो गई। नई दिल्ली में प्रस्तावित इस बैठक को अचानक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बदल दिया गया। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि यह भारत के लिए अपनी स्वतंत्र विदेश नीति को प्रदर्शित करने का एक अच्छा अवसर था और दो दिवसीय भौतिक शिखर सम्मेलन इस काम को भलीभांति किया जा सकता था। हालांकि इस तर्क में दम है, लेकिन घटनाक्रम से पता चलता है कि इस बैठक के तरीके में बदलाव का शिखर सम्मेलन के नतीजों पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, पाकिस्तान के वर्तमान प्रधानमंत्री और अन्य राज्याध्यक्षों ने बैठक में भाग लिया। शंघाई सहयोग संगठन की औपचारिक स्थापना वर्ष 2001 में 6 देशों चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान द्वारा की गई थी। वर्ष 2016 में भारत और पाकिस्तान को एससीओ के पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल किया गया था, हालांकि उन्हें शामिल करने का निर्णय 10 जुलाई 2015 को किया गया था। इस वर्ष ईरान को भी एससीओ की सदस्यता प्रदान की गई है। चाबहार बंदरगाह के कारण भारत की ईरान में विशेष रुचि है। 2016 से, ईरान और अफगानिस्तान के साथ एक त्रिपक्षीय समझौते के हिस्से के रूप में, भारत ने चाबहार बंदरगाह और इससे जुड़ी रेलवे लाइन के विकास के लिए एक बड़ा निवेश प्रतिबद्ध किया है। भारत ने बंदरगाह के विकास में 85 मिलियन डॉलर का निवेश किया है और चाबहार विशेष आर्थिक क्षेत्र में 8 बिलियन डॉलर का और निवेश करने का वादा किया है। इस परियोजना को शुरुआत से ही बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। रूस की भी इस बंदरगाह और संबंधित बुनियादी ढांचे के विकास में विशेष रुचि है, क्योंकि चाबहार बंदरगाह होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर स्थित है, यह रूस को मध्य पूर्व से माल भेजने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करेगा। एससीओ में ईरान के प्रवेश से रूस और भारत के सहयोग से इस परियोजना को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त होगा। फरवरी 2022 में एससीओ के सदस्य देश आपसी व्यापार में अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं का उपयोग बढ़ाने पर सहमत हुए थे। इसे आगे बढ़ाते हुए भारत के केंद्रीय बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपए में अंतरराष्ट्रीय व्यापार के निपटान की अनुमति देते हुए एक परिपत्र जारी किया और तब से, 19 देशों के साथ वोस्ट्रो खाते खोले गए हैं और व्यापार का निपटान रुपए में होना शुरू हो चुका है। यह सबसे पहले रूस के साथ हुआ। एससीओ द्वारा इसे आगे बढ़ाने के साथ, सदस्य देशों को अपने आपसी व्यापार में अपनी-अपनी घरेलू मुद्राओं का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना है और यह डी-डॉलरीकरण की दिशा में कदम है। नई दिल्ली घोषणापत्र पर सहमति, हालांकि मतभेद कायम : शिखर सम्मेलन के अंत में, हालांकि नई दिल्ली घोषणा नामक एक घोषणा की गई थी, जो व्यापक सहमति को रेखांकित करती है, लेकिन दो प्रमुख मुद्दों, यानी 'बेल्ट रोड पहल' (बीआरआई) और 'विकास रणनीति 2030' पर मतभेदों को इंगित करते हुए इस घोषणापत्र को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया। नई दिल्ली घोषणा के अलावा, कुछ हस्ताक्षरित समझौतों में बेलारूस गणराज्य के दायित्वों का ज्ञापन, और कट्टरवाद और डिजिटल परिवर्तन पर दो बयान शामिल हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है कि भारत संप्रभुता के मुद्दे पर बीआरआई का विरोध करता रहा है। गौरतलब है कि चीन, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) बना रहा है और भारत लगातार इसका विरोध करता रहा है। इसके अलावा भारत के मुताबिक, बीआरआई कई विकासशील देशों के लिए कर्ज का जाल साबित हो रहा है और बीआरआई ने पाकिस्तान, श्रीलंका समेत कई देशों की अर्थव्यवस्थाओं को खतरे में डाल दिया है। चीन कई देशों को कर्ज के जाल में फंसाकर रणनीतिक स्थानों पर जबरन कब्जा कर रहा है और इस तरह यह वैश्विक शांति के लिए खतरा साबित हो रहा है। एक और मुद्दा, जिस पर भारत सहमत नहीं था, वह था विकास रणनीति 2030 पर दस्तावेज। भारत ने पहले ही वैश्विक विकास पहल के समान, दस्तावेज पर चीनी प्रभाव के बारे में अपनी चिंताओं को चिह्नित किया था और दस्तावेज की भाषा को बनाए रखने पर आपत्ति जताई थी। उभरते बहुध्रुवीय परिवेश में प्रतिबंधों का विरोध : आज रूस और ईरान अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के शिकार हैं। एससीओ के सदस्यों, भारत और चीन ने न केवल रूस और ईरान से तेल खरीदना जारी रखा है, बल्कि इसे कई गुना बढ़ा दिया है। इससे अमेरिका और पश्चिमी देश परेशान हैं, लेकिन भारत ने अमेरिका के साथ अपने मैत्रीपूर्ण संबंध जारी रखते हुए एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा भारत के स्वतंत्र दृष्टिकोण का संकेत है। हालांकि, दूसरी ओर, रूस और चीन आर्थिक और रणनीतिक मामलों में अपने सहयोग को गहरा कर रहे हैं।



# बढ़ते मानव, घटती जमीन



विश्व में एक दिन में 3 लाख से अधिक बच्चे पैदा हो रहे हैं। जन्म और मृत्यु का हिसाब–किताब लगाया जाए तो जनसंख्या में प्रतिदिन 2 लख से अधिक की बढ़ोतरी हो रही है। 1970 के मुकाबले आज विश्व की जनसंख्या दुगुनी हो गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुमान के अनुसार 2050 तक पृथ्वी पर 9 .8 बिलियन से अधिक आदमी हो जाएंगे। भारत की जनसंख्या इस समय 140 करोड़ से अधिक हो चुकी है। विश्व की आबादी का 18 प्रतिशत हिस्सा हमारे देश में ही बसता है। हमारा देश अब आबादी में चीन से आगे निकल गया है। जाहिर है हमारी स्थिति व समस्या और भी चिंताजनक है। पृथ्वी का क्षेत्रफल 510 .1 मिलियन वर्ग कि . मी . है जो विशाल ज़रूर लगता है, परन्तु वास्तव में यह स्थिर और सीमित है, अर्थात धरती उतनी ही रहेगी जितनी ये है। इसे मजरी से अपनी सुविधा के अनुसार बढ़ाना या घटाना किसी इनसान के बस की बात नहीं है।

**18वी** शताब्दी के दार्शनिक टॉमस मुल्थस ने कहा था- 'मानव की बच्चे पैदा करने की न मिटने वाली प्यास हमें इस उपग्रह पर अंततः एक दिन अत्यधिक जनसंख्या तक ले जाएगी। मानव सब संसाधनों को खा जाएगा और स्वयं महा अकाल का शिकार हो जाएगा।' इतने वर्ष पहले मानव के भविष्य के बारे में उनका ये आकलन सही है और एक भयानक त्रासदी की ओर संकेत करता है। इसे देखते हुए हमारे देश में जनसंख्या विनियमन कानून लागू करना एक बड़ा महत्त्वपूर्ण व प्रशंसनीय कदम होगा। इस कानून को राजनीतिक या धार्मिक रंग देना या इस दृष्टि से देखना सरासर अनुचित, बेमानी व अवांछनीय है क्योंकि बढ़ती जनसंख्या के परिणाम धर्म और जाति में पहचान नहीं करेंगे। ये समझना कठिन नहीं है कि तीव्र गति से बढ़ती हुई जनसंख्या विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। क्या आपने कभी गूगल पर जनसंख्या घड़ी को देखा है। ज़रूर देखिएगा। जब देखेंगे तो अचरज और चिंता में पड़ जाएंगे। आपको लगेगा कि इस धरती पर बेशुमार आदमी हैं जो तीव्र गति से बढ़ रहे हैं। आपको समझ आ जाएगा कि यदि जनसंख्या की ये घड़ी इसी गति से चलती रही, तो एक दिन ज़मीन कम पड़ जाएगी। विश्व में एक दिन में 3 लाख से अधिक बच्चे पैदा हो रहे हैं। जन्म और मृत्यु का हिसाब-किताब लगाया जाए तो जनसंख्या में प्रतिदिन 2 लख से अधिक की बढ़ोतरी हो रही है। 1970 के मुकाबले आज विश्व की जनसंख्या दुगुनी हो गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुमान के अनुसार 2050 तक पृथ्वी पर 9.8 बिलियन से अधिक आदमी हो जाएंगे। भारत की जनसंख्या इस समय 140 करोड़ से अधिक हो चुकी है। विश्व की आबादी का 18 प्रतिशत हिस्सा हमारे देश में ही बसता है। हमारा देश अब आबादी में चीन से आगे निकल गया है। जाहिर है हमारी स्थिति व समस्या और भी चिंताजनक है। पृथ्वी का क्षेत्रफल 510.1 मिलियन वर्ग कि. मी. है जो विशाल ज़रूर लगता है, परन्तु वास्तव में यह स्थिर और सीमित है, अर्थात धरती उतनी ही रहेगी जितनी ये है। इसे मजरी से अपनी सुविधा के अनुसार बढ़ाना या घटाना किसी इनसान के बस की बात नहीं है। न ही अभी तक पृथ्वी के अलावा किसी अन्य उपग्रह पर इनसानी जहां बसाना संभव हो पाया है। इस दिशा में खोज ज़रूर चल रही है, परंतु फिलहाल हमें इसी पृथ्वी पर रह कर अपना जहां बसाना और चलाना है। पृथ्वी पर रहने वाले लोग निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। हमें धरती रहने के लिए भी चाहिए और इसी धरती से जीने के लिए अन्न चाहिए। तेजी से बढ़ते इनसानों को रहने के लिए अधिक मकानों की जरूरत पड़ेगी और भोजन प्रदान करने के लिए अधिक अनाज की आवश्यकता होगी। जाहिर है दिन प्रतिदिन हमारी भूमि की आवश्यकता बढ़ती जाएगी। उस स्थिति में मानव जंगलों की ओर रुख करेगा। नतीजा ये होगा कि जंगल सफाचट होते जाएंगे। सांस लेने के लिए ऑक्सीजन की कमी होती जाएगी क्योंकि यह पेड़ों से मिलती है और पेड़ जमीन के अलावा कहीं और नहीं उगते। सांस लेने को शुद्ध हवा मयस्सर नहीं होगी। इन्हैलर को साथ लेकर चलना पड़ेगा। प्राकृतिक संसाधनों का अधिकाधिक शोषण होगा। पानी की कमी तो होगी ही होगी, साथ ही स्वच्छ पानी भी नहीं मिलेगा। मानव और वनों में पलने वाले जीव-जंतुओं के बीच अस्तित्व के लिए संघर्ष होगा। मनुष्य को अधिक जमीन की आवश्यकता होगी और जंतुओं के लिए जंगल कम हो जाएंगे। शक्तिशाली होने के कारण आदमी जंतुओं को मारता चला जाएगा जिससे प्राकृतिक व पारिस्थितिकी संतुलन बिगड़ जाएगा। अपनी अन्य आवश्यकताओं व विकास के लिए इसी धरती से हमें संसाधन भी चाहिए। धरती पर उपलब्ध संसाधनों का अधिकाधिक दोहन होने के कारण हमारी शानदार पृथ्वी एक मरीज की भांति हो जाएगी। समझने के लिए सामान्य समझ ही काफी है कि जैसे-जैसे पृथ्वी पर लोग बढ़ते जाएंगे, हर एक आदमी का हिस्सा इस पर घटता चला जाएगा। मेरे पड़दादा के पास 200 बीघा जमीन थी जो दादाओं, पिता-चाचा-तायों से होते हुए बंटती चली गई और मेरे हिस्से में बची है 5 बीघा खेती योग्य जमीन। कारण संतानें बिना नियंत्रण के पैदा होती चली गईं। इसी तरह पूरे विश्व में आबादी बढ़ रही है। जाहिर है हर व्यक्ति का जमीन का हिस्सा घट रहा है। दरअसल जनसंख्या में बढ़ोतरी ऐसी समस्या है जो हर तरह के विकास पर ऋणात्मक प्रभाव डालती है। बढ़ती हुई आबादी की मांग को पूरा करने के लिए प्रकृति के नियमों को अनदेखा किया जा रहा है। तभी तो कभी कहीं बाढ़ का तांडव होता है तो कभी सूखे से हाहाकार मचता है। यदि भारत में जनसंख्या वृद्धि की दर यही रहती है, जल्द ही आम आदमी की न्यूनतम आवश्यकताएं भी पूरी नहीं होंगी। बच्चे पैदा करने के बाद उनका बेहतर लालन-पालन करना भी मां-बाप का दायित्व होता है। परिवार में अधिक बच्चे होने से उन्हें बढिया व संतुलित भोजन उपलब्ध करवाना आसान नहीं होता। उन्हें उच्च व बेहतर शिक्षा दिलाना भी मां-बाप के लिए मुश्किल हो जाता है। यदि परिवार सीमित होगा, तो बच्चों की बेहतर परवरिश की जा सकती है। बेटे की चाहत में बच्चों की टीम पैदा करके केवल बेरोजगारी, गरीबी और कुपोषण की समस्याओं को और विकट बनाया जा सकता है। इन समस्याओं के लिए हमेशा सरकार को दोषी ठहराना भी ठीक नहीं। आम जनचेतना व समझने की आवश्यकता है। जनसंख्या नियंत्रण कानून आज नहीं तो कल लागू करना ही होगा। इसमें शरीयत या धर्मशास्त्रों को नाक घुसेडने की जरूरत नहीं। विश्वास रखें, न जन्नत दोजख होगी, न अल्ला नाराज होगा और न ही मृत्यु के बाद मुक्ति की राह में रोड़ा आएगा। बेटी के अर्थी को मुखाग्नि देने से कोई नरक में नहीं जाएगा। यदि बांसुरी अपनी मां सुषमा स्वराज को मुखाग्नि दे सकती हैं, तो हमारी बेटियां क्यों नहीं ? जमीन को बढ़ाना हमारे बस में नहीं है, परंतु हम जनसंख्या को नियंत्रित करने का काम जरूर कर सकते हैं। हम इस पृथ्वी पर किराएदार की तरह हैं। इस पर आने वाली पीढ़ी का भी इतना ही अधिकार है जितना हमारे पूर्वजों का था और हमारा है।

## नागरिक बोध

# गिलगित बाल्टिस्तान भारत का हिस्सा, पाकिस्तान की दावेदारी गलत

**गिलगित** बाल्टिस्तान पर पाकिस्तान की दावेदारी गलत और न्यायसंगत नही है। दबंगई से भारत की भूमि पर कब्जा कर अपने खुद की जागीर बनाने वाले पाकिस्तान की अब खैर नही है। गिलगितबाल्टिस्तान पर अपना हक जमाकर चीन को बेचने की चर्चा जोरों पर है। लेकिन यह भूमि ब्रिटेन से जो ऐतिहासिक गलतियां हुई है, क्या वह उसमे सुधार कर रहा है ? यह सवाल इसलिए सामने आया है कि पिछले दिनों पाकिस्तान ने गिलगित और बाल्टिस्तान पर अपना हक जमाया था। कई वर्षों पूर्व ब्रिटेन की संसद ने कहा था कि गिलगित बाल्टिस्तान कानूनी और संवेधानिक रूप से भारत के जम्मु कश्मीर का अंग है। पाकिस्तान ने 1947 से इस पर गैर कानूनी तौर पर कब्जा कर रखा है। स्मरण रहे कि 1947 में रहे बंटवारे के बाद से ही भारत ऐतिहासिक और भूगोलीय आधारों पर भू भाग को अपना बताता आ रहा है। लेकिन ब्रिटेन ने अब से पहले कोई ठोस राय जाहिर नही की थी। वह इस बात पर कूटनीतिक वाणी ही बोलता रहा है। पिछले वर्षो में ब्रिटिश संसद की और से जो बात कही गई, वह भारतीय पक्ष की दृष्टि से काफी सकारात्मक है। इसमें भारत का आधार इसलिए मजबूत हुआ था, क्योकि देश विभाजन से पहले इस पूरे क्षेत्र पर ब्रिटेन का अधिकार था। ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी ने पिछले वर्षों में ब्रिटिश संसद में एक प्रस्ताव पेश किया। उसने कहा था कि पाकिस्तान गिलगित बाल्टिस्तान को लेकर जिस तरह की घोषणा कर रहा है, उसमे इस विवादित क्षेत्र पर विवाद और बढ़ेगा। ध्यान रहे कि रणनीतिक रूप से अहम माने जाने वाले विवादित गिलगित बाल्टिस्तान क्षेत्र को पाकिस्तान अपना पांचवा प्रान्त घोषित करने की योजना बना रहा था। वह यह कदम चीन के सहयोग में उठा रहा था। चुकि वह इलाका पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से सटा हुआ है। ऐसे में भारत के लिए पाकिस्तान का यह कदम चिंता जा विषय है। अभी हाल ही में पाकिस्तान ने दावेदारी जताई है। वह चीन के उकसाने की वजह से ही है। विस्तारवाद की नीतियों पर उलझ कर सभी सीमा पार भूमि पर उसकी नजर है। लेकिन अब एक इंच जमीन कोई नही ले सकता है। भारत हर पड़ोसी की गन्दी नीतियों का विरोध करने के लिए तैयार है। पाकिस्तान ही हिन्दू और हिन्दू मंदिरों का विरोध करता है अफगान सीमा से सटे पाकिस्तान उतरी वजीरिस्तान के मेरनशाह में रहने वाले 60 हिन्दू परिवारों के लिए पूजा अर्चना करने के लिए मन्दिर का निर्माण हो रहा है। उन इलाका पाक सेना और सरकार के नाक में दम करने वाला क्षेत्र है। और आतंकी संगठन टीटीपी का गढ़ है। पिछले दस सालों में फ़ौज प्रतिबन्धित है। मन्दिर के निर्माण में तालिबान को कोई आपत्ति नही है। मन्दिर से कोई ऐतराज नह है। जबकि पाकिस्तान को भारत के हिन्दू और हिन्दू मन्दिरो का ऐतराज जरूर रहता है। तालिबान के निर्णय के सामने पाकिस्तान मजबूर है। क्योंकि तालिबान से पाकिस्तान डरता है। पाकिस्तान का बड़ा भाई तालिबान है। उपरोक्त क्षेत्र में मन्दिर नही है। साधकों और पूजा अर्चना करने वालो को 150 किमी दूर जाना पड़ता है। मन्दिर निर्माण की रूपरेखा बन गई है। बजट आवंटित हो गया है। वहा हिन्दू परिवारों की रक्षा का ख्याल रखा जाएगा। पश्चिमी देशों में भारत और हिन्दुओ को सम्मान देते है।

## देश दुनीया से

# आम, छाता, मूत्र और गारंटी

**राष्ट्र** विसर्जन के दौर से गुजर रहा है। कहीं मूल्यों का विसर्जन हो रहा है तो कहीं मर्यादाओं का, कहीं सत्य का विसर्जन हो रहा है तो कहीं नैतिकता का, कहीं गारन्टी का विसर्जन हो रहा है तो कहीं मूत्र का। पर आप क़तई परेशान न हों। रामचंद्र पहले ही सिया से कह गए हैं कि ऐसा कलियुग आएगा, जिसमें कोई भी, कहीं भी, कभी भी, बिना क्यों के, किसी भी वक्त, कुछ भी विसर्जित कर सकेगा। इस विसर्जन के बारे में कोई गारन्टी नहीं दी जा सकेगी। पर शर्मो-हया के बारे में गारन्टी से कहा जा सकेगा कि मनुष्य सुविधा अनुसार इसे कहीं भी विसर्जित कर सकेगा। ऐसा मनुष्य ही कलियुग में सफलता का सही हक़दार होगा क्योंकि शर्मो-हया छोड़ कर मूल्यों, मर्यादाओं, सत्य और नैतिकता के वस्त्र त्यागने वालों से परमेश्वर भी डरते हैं। कहा भी गया है कि नंग बड़े परमेश्वर से। ख़ासकर लोकतंत्र की कथित चौपाई व्यवस्था में जो जितना अधिक बेशर्म होता है, उसकी सफलता की गारन्टी उतनी अधिक है। फिर चाहे राजनीति हो, न्यायपालिका हो, नौकरशाही हो या लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ पत्रकारिता। इन सभी में शर्मो-हया को तजने के बाद ही व्यक्ति सफलता की सीढियां चढ़ते हुए शिखर पर आरूढ़ होता है। ख़ासकर राजनीति में जो व्यक्ति बेशर्मी के जितने गहने पहनता है, उसकी सफलता की गारन्टी उतनी ही अधिक रहती है। कई बार तो बेशर्मी के गहनों के बोझ तले दबा व्यक्ति ओझल हो जाता है और सिर्फ बेशर्मी ही नजर आती है। राजनीति में ऐसा व्यक्ति कुंदन की तरह निखर कर, सफलता के शिखर पर विराजमान होता है। इसमें कोई लिंग भेद नहीं। विसर्जन के इस दौर में राष्ट्र एक घोषणा के साथ आसानी से एक काल से दूसरे काल में प्रवेश कर सकता है। जी भर कर आज़ादी का अमृत काल भोगने के बाद हिन्दू-मुसलमान का जाप करता हुआ राष्ट्र अब कर्त्तव्य काल में प्रवेश कर चुका है। अब यह कर्त्तव्य काल का ही परिणाम है कि वर्तमान में राष्ट्र की गम्भीर समस्याओं को हल करने की बजाय सरकार विपक्ष को गरिया रही है, कहीं कैमरे के सामने साष्टांग दण्डवत कर रही है, मज़दूरों-दलितों के पाँव धो रही है या मणिपुर जाने की बजाय मैट्रो में सफर करती हुई नजर आ रही है। वोटों की चाह में अस्सी करोड़ लोगों पर अन्न विसर्जित करते हुए अन्तरराष्ट्रीय बाज़ार में हर रोज़ हो रहे रुपये के अवमूल्यन की तरह सरकार इच्छानुसार अवमूल्यित हो रही है। बेशर्मी के ऐसे ही गंग स्नान के बाद कोई वकील किसी राजनेता को साम्प्रदायिक दंगों या फर्जी मुठभेड़ मामलों में बाइज़्जत बरी करवाने के बाद जज की कुर्सी पर विराजमान होने के बाद न्यायपालिका के तार-तार हो चुके आँचल में बेशर्मी के पैबन्द जोड़ देता है या कोई जज मीलॉर्डी के बाद माननीय बन जाता है। कोई नौकरशाह भारत सरकार द्वारा बनाए जाने वाले सचिव के पैनल में मनोनीत न हो सकने के बावजूद किसी राज्य का मुख्य सचिव हो जाता है। सत्ता के गलियारों में दलाली करती पत्रकारिता विपक्ष से मूल्यों के पतन की दुहाई देते हुए केवल उसी से सवाल पूछती है। आम आदमी यह सब कुछ देखने के बावजूद इस बात पर तो अचम्भा कर ही सकता है कि प्रधानमंत्री आम चूस कर खाते हैं या काट कर, वह कभी पर्स क्यों नहीं रखते, वह इतने महान क्यों हैं कि बारिश में भीगने से बचने के लिए स्वयं छाता तान लेते हैं और स्वच्छता पखवाड़े में रेशम का कुर्ता डाल कर कर्त्तव्य पथ पर झाड़ू कैसे लगा लेते हैं। पर कभी इस बात पर अचम्भा नहीं करता कि कथित कौटिल्य तो धनानंद के साथ जोड़ी बना चुका है, ऐसे में अगर भूले-भटके कोई चन्द्रगुप्त कहीं से आ भी जाए तो उसका साथ कौन देगा ? इधर मैं अचम्भित हूँ कि मूल्य तो हर युग में विसर्जित होते रहे हैं, पर मूल्य और मर्यादाओं को ध्यान में रखते हुए समाज सत्य की गारन्टी की रक्षा करता आया है।

रामचंद्र पहले ही सिया से कह गए हैं कि ऐसा कलियुग आएगा, जिसमें कोई भी, कहीं भी, कभी भी, बिना क्यों के, किसी भी वक्त, कुछ भी विसर्जित कर सकेगा। इस विसर्जन के बारे में कोई गारन्टी नहीं दी जा सकेगी। पर शर्मो–हया के बारे में गारन्टी से कहा जा सकेगा कि मनुष्य सुविधा अनुसार इसे कहीं भी विसर्जित कर सकेगा। ऐसा मनुष्य ही कलियुग में सफलता का सही हक़दार होगा क्योंकि शर्मो–हया छोड़ कर मूल्यों, मर्यादाओं, सत्य और नैतिकता के वस्त्र त्यागने वालों से परमेश्वर भी डरते हैं। कहा भी गया है कि नंग बड़े परमेश्वर से। ख़ासकर लोकतंत्र की कथित चौपाई व्यवस्था में जो जितना अधिक बेशर्म होता है, उसकी सफलता की गारन्टी उतनी अधिक है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, निबंधन व अवैध उत्खनन रोकथाम को लेकर बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, निबंधन एवं अवैध उत्खनन की रोकथाम हेतु समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिले में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर पूर्व कि बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन प्रगति प्रतिवेदन की बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में अपर समाहर्त्ता द्वारा जानकारी दी गई कि पूर्व में सी0सी0एल0 चतरा को निदेशित किया गया कि सभी कांटा घरो का नियमित सत्यापन कराएंगे तथा सत्यापन रिपोर्ट की हॉर्ड कॉपी जिला खनन कार्यालय, चतरा को निश्चित रूप से उपलब्ध कराएंगे। इसे लेकर प्रतिवेदन के माध्यम से मगध परियोजना, पूर्णाडीह परियोजना, अशोका परियोजना व अम्रपाली परियोजना के प्रतिनिधि ने बताया कि आदेशानुसार कॉटाघरो का नियमित सत्यापन कार्य कराया जाता है। नियमित सत्यापन सर्टिफिकेट की हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी जिला खनन कार्यालय को प्लब्ध करा दी गई है। प्रतिवेदन के माध्यम से जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के खनिजो के अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स एवं कार्यालय स्तर पर जिलान्तर्गत विभिन्न क्षेत्रो का औचक जॉच लगातार की जा रही है। क्षेत्रिय जाँच में अवैध मामला पाए जाने पर अवैधकर्त्ता के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। दिनांक पंद्रह जून ग्यारह जुलाई तक अवैध परिवहन कर रहे कुल 15 वाहन को जब्त किया गया है और 1300 सीएफटी बालू व 200 सीएफटी स्टोन खनिज को जब्त किया गया है। वहीं 147000 की दंड राशि भी वसूली गई है।उपायुक्त ने कहा माननीय एनजीटी न्यायादेश के अनुसार मानसून सत्र दिनांक 10 जून से 15अक्टूबर तक की अवधि में राज्यान्तर्गत नदीघाटो से बालू का उठाव पूर्णतः प्रतिबंधित है। जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स के सभी सदस्य यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण ना हो इसके लिए लगातार छापेमारी अभियान जारी रखें। और आगे उन्होंने कहा प्रत्येक माह जिला स्तर पर अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी।उपायुक्त ने खनन विभाग, परिवहन विभाग, मत्स्य विभाग, उत्पाद विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 23-24 में अभी तक लक्ष्य के विरूद्ध किये गये राजस्व संग्रहण की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उन्होने निर्देशित किया कि दिसंबर माह तक राजस्व संग्रहण के प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें।अंचल की समीक्षा में मोटेशन, सकसेशन मोटेशन, जीएम लैंड सर्वे रिर्पोट, भु-अर्जन कार्यालय में लंबित मामले, निलाम पत्र, वाद, कर संग्रहण, संदेहात्मक जमाबंदी के अभिलेख का सुनवाई समेत अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए कहा जिले में 2205 वाद लंबित है। जुलाई महीने में अभियान मोड में लंबित वाद का निष्पादन करना सुनिश्चित करें। अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया अपने स्तर से महीने में एक बार राजस्व संग्रहण की समीक्षा करेंगे और इसका प्रतिवेदन जिला को उपलब्ध कराएंगे। सभी अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया।

# बारियातू प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का उत्पात जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे जंगली हाथियों की उत्पात लगातार जारी है। बिते मंगलवार की रात डाढा पंचायत के ग्राम गोखलाबागी के हनुमान चौकी स्थित जंगली हाथियों की झुंड ने महेश भगत पिता मनोहर भगत व मंटू उरांव पिता टिरपा उरांव का घर का खिड़की दरवाजा तोड़फोड़ किया. हाथियों की चित्कार सुनकर परिजनों ने किसी तरह घर से भागकर अपनी जान बचाई। भुक्तभोगीयों ने महेश भगत ने बताया कि पूर्व मे 26 जून को भी मेरे घर पर जंगली हाथियों ने उत्पात मचाया था।घर के चारों ओर की चारदिवारी, एवं बागवानी, तथा घर को क्षतिग्रस्त किया था। बिते रात दुबारा हाथीयों की झुंड पहुँच गए और सूंड से खिड़की एवं दरवाजा को तोड़ दिया गया. ज्ञात हो की बालूमाथ बारियातू व हेरहंज प्रखंड क्षेत्र मे पिछले कई वर्षो से हाथियों की उत्पात जारी है। खेती की मौसम मे कई किसानों का फसल नस्ट कर दिया जाता है. वहीं अबतक कई लोगों को भी हाथियों ने कुचल कर मार डाला है. गरीब अशिक्षित व्यक्ति को मुआबजा लेने के लिए चक्कर लगाना पड़ता है. ग्रामीणों ने अपनी सुरक्षा तथा, उचित मुआवजा दिलाने के साथ वन विभाग से अविलम्ब हाथियों की झुंड को हटाने की मांग की जाती रही है। लेकिन वन विभाग ने अभी तक कोई विशेष संज्ञान नहीं लिया है।

## चारागाह पर अंकुश लगाने को लेकर ग्रामीणों ने निकाला मोर्चा



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोयद पंचायत के सोपारम ग्राम में मंगलवार की शाम ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के उपरांत उपस्थित सभी ग्रामीणों ने पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पशु मालिकों को चारागाह को लेकर आगाह करते हुए चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर पहले दिन खेती में किसी का जानवर जाता है तो उसे एक बार छोड़ा जाएगा। लेकिन अगर दोबारा जानवर जाता है तो, उक्त पशु मालिक को क्षती हुए फसल का आकलन करते हुए क्षतिपूर्ति ली जाएगी। साथ ही साथ ग्रामीणों ने पूरे पंचायत क्षेत्र के सभी ग्रामीणों एवम् पशु मालिकों से आग्रह किया है कि, वह अपने जानवर को बांध कर रखें किसी के भी फसल में जाने से रोके। इस बैठक में पंचायत के मुखिया किशुन राम, मुरली दास, विजय दास, शैलेश कुमार दास, सुधीर कुमार दास, अभय दास सुनील दास, सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## 40 एकड़ जंगल को उजाड़ कर बना रहे खेत, उपायुक्त से शिकायत

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सिकरी गांव में दबंगों के द्वारा 40 एकड़ जंगल को उजाड़ कर खेत बनाया जा रहा है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन देकर किया है। शिकायत में ग्रामीणों ने कहा है कि गांव के कुछ दबंग जिसमें महेश महतो, शंकर महतो, हरनाथ महतो, फनी महतो और मुखलाल महतो शामिल हैं। हालांकि महेश महतो को वन कर्मियों ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सभी दिन-रात ट्रैक्टर चलाकर हरे भरे पेड़ पौधों को उजाड़ कर खेत बना रहे हैं। खेत बनाने के क्रम में उन्होंने भारी संख्या में पेड़ पौधों को नष्ट कर डाला है और वेशकीमती लकड़ी को उक्त स्थल से हटा लिया है। यह जंगल गांव के नजदीक है जिससे ग्रामीण दातुन पत्तों आदि से लाभान्वित होते हैं। इस करतूत की शिकायत वन कर्मियों से भी की गई है किंतु अबतक कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर सरकार जंगल बचाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है वहीं कुछ दबंग मिलीभगत कर जंगल को उजाड़ने पर तुले हुए हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त से स्वयं जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने की मांग की है। उपायुक्त को दिए गए आवेदन में 100 से अधिक ग्रामीणों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

## रोजगार सेवक द्वारा गाय सेड व अन्य के नाम पर लाखों की ठगी

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पुंडरा पंचायत के पूर्व रोजगार सेवक गंगवा उरांव द्वारा योजना दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत ग्रामीणों ने ठगी करने वाले रोजगार सेवक गंगा उरांव के विरुद्ध उपायुक्त से लिखित शिकायत की है। ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार सेवक ने कुआं, डोभा, बकरी सेड, गाय सेड आदि के नाम पर लगभग डेढ़ दर्जन ग्रामीणों से लाखों रूपये का ठगी की है और योजना नहीं दिया गया। यह ठगी वर्ष 2021-22 की योजना के लिए किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार सेवक का ट्रांसफर फिलहाल हंटरगंज किया गया है। फोन करने पर अब फोन नहीं उठाता है। गलती से उठा लेने पर कहता है कि लिया गया रुपया बीडीओ और डीसी को हम दिए हैं। उन्हीं से बात करो। जबकि कई ग्रामीण फोनपे के माध्यम से दिया है जिसका डिटेल भी उपायुक्त को ग्रामीणों ने दे चुके हैं। इस बाबत ग्रामीणों ने उपायुक्त से जांच पड़ताल कर रोजगार सेवक गंगवा उरांव के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। रोजगार सेवक द्वारा ठगी किए जाने वालों में जितेंद्र यादव से 49,000, मुकेश यादव से 15,000, महेश कुमार से 10,000, अमेरिका यादव से 12,000 शंकर यादव से 12,000, कुलु यादव से 12,000, अशोक साव से 5,000, रिचा देवी से 5,000, अनीता देवी से 4,000, सरिता देवी से 4,000, विजय भुइयां से 5,000, राजू यादव से 5,000, चैता भुइयां से 7,000, दिनेश प्रसाद से 4,000 हजार के अलावे अन्य कई लाभुकों से रूपये लिया है। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत सिमरिया थाना से भी जांच पड़ताल कर कानूनी कार्रवाई की लिखित आवेदन की है।

# जंगली हाथी से आए आफत वृद्ध मसोमात को सांसद प्रतिनिधि ने किया मदद

➲किसी के मुसीबत में खड़ा होना इंसान का पहला कर्तव्य : सांसद प्रतिनिधि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड अन्तर्गत डहु पंचायत के डहु गांव निवासी मसोमात लालिया देवी और सिदपा गांव निवासी मसोमात मंगली देवी का घर बीते रात जंगली हाथी के द्वारा घर को क्षति ग्रस्त कर दिया गया जिससे उसके घर तंगहाली भरा आफत आ गया। संज्ञान में आते ही टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने उस वृद्ध मसोमात लालिया देवी के घर पहुंचकर 50 किलो चावल, दाल, आलू, नमक खाद्य सामग्री देकर मदद किया। मसोमात मंगली देवी के घर भी मिलकर खाद्य सामग्री दिया गया। सांसद प्रतिनिधि द्वारा वन क्षेत्र पदाधिकारी से बात कर विशेष क्षति पूर्ति दिलाने एवम क्षेत्र में हाथियों के आतंक से लोगों को संरक्षित करने के लिए कहा गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी से भी बात कर आवास उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। वृद्ध महिला घर में अकेले रहती है इसके दो बेटे हैं जो अलग रहते हुए मजदूरी का अपना जीवन चलाते हैं। वृद्ध महिला सांसद प्रतिनिधि के द्वारा किए गए मदद के लिए आभार प्रकट की साथ ही ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि के त्वरित संज्ञान की पहल की सराहना की। इस मौके पर विशेष रूप में भाजपा टंडवा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, शिव प्रसाद गुप्ता, गणेश महतो, महेन्द्र महतो, हरि महतो, ऋतु महतो व अन्य उपस्थित थे।

# नरेगा की योजनाओं ने पंचायत के मजदूरों की जीवन शैली बदला दो वक्त की रोटी का होता है आसानी से जुगाड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** मयूरहंड प्रखंड के करमा पंचायत में नरेगा की योजनाओं को धरातल पर उतारने और अधिक से अधिक संख्या में मजदूरों को काम देने के लिए पंचायत के मुखिया और मनरेगाकर्मी पंचायत में संचालित नरेगा की योजनाओं का लगातार मॉनिटरिंग करते हैं।गौरतलब हो कि प्रखंड में नरेगा की अधिकांश योजनाएं करमा पंचायत में संचालित होती है जिसके कारण यहां पर मजदूरों को सबसे ज्यादा काम मिलता है और मजदूरों के घर में दो वक्त की रोटी का जुगाड़ आसानी से हो जाता है और इसका सारा श्रेय प्रखंड विकास पदाधिकारी, मनरेगा कर्मी और पंचायत के मुखिया को जाता है। हालाकिं करमा पंचायत में नरेगा की योजनाएं संचालित होने से पूरे प्रखंड में चर्चा का विषय बना रहता है लेकिन सच्चाई यह है कि यहां पर सबसे अधिक मजदूरों को काम मिलता है। पंचायत के जिस हिस्से में जाएंगे आप को अधिक से अधिक संख्या में मजदूर काम करते दिख जाएंगे। 100 दिन की रोजगार के नाम से प्रचलित नरेगा योजना सच में मजदूरों की जीवन शैली के लिए एक बेहतर विकल्प बना हुआ है। नरेगा करोडो गरीब परिवारों का जीने का सहारा बना हुआ है। बरसात के सीजन में जल संचयन के लिए टीसीबी की खुदाई इन दिनों जोर-शोर से किया जा रहा है और इसका लगातार मॉनिटरिंग पंचायत के मुखिया रामनाथ यादव ग्राम पंचायत रोजगार सेवक डॉ सुनील कुमार दास बीएफटी उमेश कुमार दांगी के द्वारा किया जा रहा है।

# आइपीएस में प्रोन्नत हुए डीएसपी शम्भू सिंह को लोगों ने दिया बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** झारखंड के 24 डीएसपी को आइपीएस में प्रोन्नति मिली है। आइपीएस में प्रोन्नत होने वालों में टंडवा के एसडीपीओ शम्भू कुमार सिंह भी हैं जिन्हें टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, जिला विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोबिंद तिवारी ने उनके आवास पर पुष्प गुच्छ व श्रीफल देकर बधाई एवं शुभकामना दिया। टंडवा में पदस्थापित रहते हुए मिले यह प्रमोशन टंडवा वासियों के लिए खुशी प्रदायक है, तो वहीं डीएसपी श्री सिंह के सेवा काल के लिए यह प्रमोशन सबसे महत्वपूर्ण व यादगार रहने वाला है। ज्ञातव्य हो कि बीते 19 जून को यूपीएससी बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद प्रोन्नत से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई। एसडीपीओ शम्भू कुमार सिंह ने टंडवा में कार्य करते हुए टंडवा वासियों से मिले स्नेह, प्यार, सहयोग व सम्मान के लिए आभार प्रकट किया। मौके पर शिव प्रसाद गुप्ता, अनील कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि सहित कार्यकर्ताओं ने सफाईकर्मियों को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** नगर परिषद क्षेत्र के सफाई कर्मियों को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सम्मानित किया है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफलतापूर्वक 9 वर्ष पूर्ण होने पर समाज के सभी वर्ग के लोगों को सम्मानित किया जा रहा है।भाजपा के महा-जनसंपर्क अभियान के तहत सम्पर्क से समर्थन के क्रम में नगरपालिका में कार्यरत सभी सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सभी को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा, सांसद प्रतिनिधि राकेश झा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक केशरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष निशा कुमारी, सांसद प्रतिनिधि कमलेश रजक, जितेंद्र यादव उपस्थित रहे। सभी लोगो को सम्मनित कर प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि राकेश झा ने बताया कि समाज के प्रत्येक क्षेत्र से लोगों को सम्मानित किया जा रहा है जिससे लोगों को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं की जानकारी गांव के हरेक व्यक्ति को सके।उन्होंने बताया कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर चतरा संसदीय क्षेत्र सहित पूरे झारखंड में संपर्क से समर्थन तक का अभियान चलाया जा रहा है।


# नामांकन को लेकर छात्राओं में रोष व्याप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के राजकीयकृत बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय में इस वर्ष इंटर के तीनों संकाय में मात्र 160 छात्राओं का ही नामांकन किया जाएगा। जेनरल - 65, एससी 33, एसटी 47, ईडब्ल्यूएस 15 आर्थिक कमजोर वर्ग के लिए जिसमे इएसडब्लू की कोटा मे 3 नामांकन हो सकती हैं , कुल 160 छात्राओं ही नामांकन ले कर पढ़ पाएंगे जबकि इसी विद्यालय से इस वर्ष 461 में 391 छात्राएं मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की है. ऐसे में शेष छात्राओं के समक्ष नामांकन को लेकर विषम परिस्थिति उत्पन्न हो गई है। अब इन छात्राओं को ग्रामीण इलाकों के अपग्रेड प्लस टू उच्च विद्यालयों में नामांकन कराना होगा। बता दें कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय जलता की दूरी जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर है. यहां जाने के लिए छात्राओं को सुनसान रास्तों से होकर जाना होगा। परसही पंचायत का जलता ग्राम पूर्व में उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता था। उत्क्रमित उच्च विद्यालय उदयपुरा की दूरी जिला मुख्यालय से सात किलोमीटर है। जबकि उत्क्रमित उच्च विद्यालय पांडेयपुरा की दूरी जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर है। ऐसे में छात्राओं की परेशानियों का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

## धमकी से भयभीत मुखिया ने एसपी को आवेदन देकर किया कार्रवाई की मांग



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चुॅगरु पंचायत के मुखिया बलदेव परहिया ने अपहरणकर्ता के द्वारा जेल से धमकी दिए जाने के संबंध में एसपी को आवेदन देकर कार्रवाई कि मांग किया है। मुखिया बलदेव परहिया ने बताया कि हमारे पंचायत-चुंगरू में कुछ दिन पूर्व परहिया आदिम जनजाति के पाँच नाबालिक लड़की को ग्राम नावाडीह के ही कलिम अंसारी पिता सतमुदीन मियां लेकर दिल्ली बेचने के लिए ले जा रहा था।जिसे सभी लड़की के माता पिता के द्वारा छिपादोहर थाना में लिखित आवेदन दिया गया। कुछ ही दिन में लातेहार पुलिस के द्वारा अपहरणकर्ता कलिम अंसारी पकड़ा गया। और पुलिस ने उसे अपहरण एवं मानव तस्करी के जुर्म में गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। परन्तु हमें कलिम अंसारी ने लातेहार जेल से ही धमकी दे रहा है - की बाहर निकलने के बाद जान मार देंगे यह जानकारी मुझे कॉल रिकॉर्डिंग के द्वारा मिली, दो मिनट 16 सेकंड का कॉल रिकॉर्डिंग वायरल होने पर मुझे किसी ब्यक्ति ने सुनाया जो रिकार्डिंग मेरे पास भी उपलब्ध है। सुनने के बाद मोबाइल नंबर को पता किया तो पता चला कि यह नंबर रफीक अंसारी पिता सलिमन अंसारी ग्राम जेरुवा, थाना मनिका का है, जो जेल से कलिम अंसारी और रफीक अंसारी के बीच बात हुई है। जिसमें हमको उल्टा केश में फंसाने व जान मारने की चर्चा दोनों के बीच हुई है। आगे मुखिया ने कहा कि मैं धमकी भरा कॉल रिकॉर्डिंग सुनकर भयभीत हुं। इसे जांच करते हुए कलीम के साथ इस योजना में शामिल रफीक अंसारी पर भी कानूनी कार्रवाई किया जाये।

# लातेहार नप में जन्म मृत्यु निबंधन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के थाना चौक स्थित नगर पंचायत कार्यालय में बुधवार को जन्म मृत्यु निबंधन अभियान के सफल संचालन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि झारखंड राज्य में जन्म-मृत्यु निबंधन का स्तर वर्तमान में लगभग 80 फीसदी के आसपास है जिसे संतोषजनक नहीं माना जा सकता है। सरकार द्वारा निबंधन के लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत आगामी 14 जुलाई से 14 अगस्त तक राज्य में जिला स्तर से लेकरं प्रखंड स्तर तक कोविड-19 अवधि के दौरान छूटे हुए एवं अन्य छूटे हुए घटनाओं के शत-प्रतिशत निबंधन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान जन जागरूकता एवं आम जनों में जन्म मृत्यु की घटना के निबंधन के महत्व को समझाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार का कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस कार्य में जन्म-मृत्यु निबंधन कार्य से जुड़े निबंध को आंगनबाड़ी सेविकाओं सहिया सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में परीक्षयन कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन, नगर प्रबंधक जयालक्ष्मी भगत, तहसीलदार राजू प्रसाद, क्षेत्र प्रवेक्षक रणधीर कपूर, सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं आंगनबाड़ी सेविका मौजूद रही।

# बोदा में फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन


## खेल से खिलाड़ियों के बीच उभरती है प्रतिभा : दीपू कुमार सिन्हा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बोदा में फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मंगलवार को झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा, मुखिया ललीता देवी, पंसस सुशीला टोपनो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।मैच हिरही और स्मॉल ब्लास्टर के बीच खेला गया जिसमें स्मॉल ब्लास्टर विजयी रहा। खेल में जिस टीम ने भाग लिया उनमें, नदी झरना पिपराही, जीटीएफसी लोहरदगा, नदी झरना पिपराही, हिरही बी टीम, जूनियर 11 एसटी वॉयस पतराटोली, हिरही बी टीम, केटी क्लब इटकी, भटखिजरी, जोरी, लुकुईया,आया तूफान गोली, एफसी रामपुर, केजीएन आजाद बस्ती बाँधटोली, सुलगाई, ब्लाक पेंथर होंदगा, एसटी ब्रोदर्स चामा ने भाग लिया। बुधवार को भी मैच खेला गया।इस टुर्नामेंट का फाईनल मैच गुरुवार को खेला जाएगा।मैच में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए जेएमएम नेता दीपू कुमार सिन्हा ने कहा है,कि इस खेल को खिलाड़ी खेल भावना से खेलें, हार से किसी भी टीम को निराश नहीं होना चाहिए, हारने वाले को ही जीत होती है।ऐसे खेल से खिलाड़ीयों का शारीरिक विकास होता है साथ ही ईलाके में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ती है, गांव में खेल का माहौल उत्पन्न होती है। इस तरह की टुर्नामेंट हर वर्ष करने के लिए आयोजक टीम को उन्होंने धन्यवाद दिया है। कमेंट्री की भुमिका मुस्लिम अंसारी जबकि रेफरी की जिम्मेदारी जसीम अंसारी निभा रहे हैं।आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शौरभ श्रीवास्तव, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान,चतरा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे अयुब खान, मो0 सेराज अंसारी, महबूब अंसारी, मो0 आलम, सुदामा कुमार उपस्थित थे। इस टुर्नामेंट में आयोजक टीम के अध्यक्ष सजाद अंसारी, टीम सदस्य तनवीर राजा, व अन्य कई लोग सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं।

## बीडीओ ने किया विद्यालय का निरीक्षण शिक्षक को दिए कई निर्देश



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत कई विद्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह बुधवार को निरीक्षण किए। एवं शिक्षकों को कई निर्देश दिए। बताते चलें कि निरीक्षण में बच्चों का हाजरी शिक्षकों का हाजिरी जांच किया गया। जहां सही सलामत था। उस विद्यालय के शिक्षकों को सराहा। एवं मध्यान भोजन की जांच की गई। जहां अच्छा नहीं था वहां बेहतरीन करने का निर्देश प्रधान शिक्षक को दीए। तो वहीं विद्यालय में रु आर कार्यक्रम के तहत नामांकन का प्रक्रिया चल रहा है। जो पोषक क्षेत्र का मामला आता है। जिसे निष्पादन करने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी से बीडियो ने बात करके नजदीकी विद्यालय में बच्चों का नामांकन करने की बात विद्यालय शिक्षकों को कहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉक्टर मनोहर लाल के मां का निधन

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरू कला निवासी एवं रिम्स रांची के डॉ मनोहर लाल प्रसाद की मां मुखिया देवी 73 वर्षीय का बुधवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया निधन होने के बाद पूरा गांव टोला मोहल्ला में मातम छा गया। छिछले 1 सप्ताह से मृतक का तबियत खराब होने के कारण अपने ही आवास में उनका निधन हुआ वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए अंतिम संस्कार के दौरान उनके डॉक्टर पुत्र मनोहर लाल ने पिता पर मुखाग्नि दी इस मौके पर इस अंतिम दाह संस्कार में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री लालचंद महतो शामिल हुए बताया गया कि मृतक अपनी समधन थी उनका दर्शन कर अंतिम संस्कार में शामिल हुए उधर ग्रामीणों द्वारा डॉक्टर पुत्र को ढाढ़स बंधाया डॉक्टर मनोहर लाल प्रसाद रांची आयुर्विज्ञान संस्थान गैस्ट्रोलॉजिस्ट विशेषज्ञ के साथ रिम्स मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल के रूप में कार्य पर सेवारत है।

### एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ जिले के सीमावर्ती क्षेत्र ग्राम रउता थाना माण्डु थाना क्षेत्र में भारी प्रदुषण एवं ग्रामीणों को हो रही क्षति को लेकर झारखंड विकास मोर्चा के रामगढ़ विधानसभा पूर्व प्रत्याशी आरीफ कुरैशी और नईसराय सदर सलीम कादरी ने रामगढ़ एसडीएम ज़ावेद हुसैन को ज्ञापन सौंपा दिए गए ज्ञापन में कहना है कि रउता एरीया में 12 फैक्ट्रीयां है जिससे बहुत ज्यादा प्रदुषण निकल रहा है उस फैक्ट्रीयों में प्रदुषण रोकने का यंत्र भी लगा हुए है परन्तु उसका इस्तमाल नहीं करते है कंपनी प्रदुषण को हवा में छोड़ रहे है जिस से आस पास के लोग प्रदुषण से त्रस्त है और बहुत से बिमारियों का शिकार हो रहे हम ग्रामीण जब फैक्ट्री में बोलने के लिए जाते है तो फैक्ट्री वाले उल्टा धमकी देते है रंगाबाजी के केस में फसा देंगें, कहा पूर्व में भी प्रशासन को लिखित आवेदन दिया लेकिन कोई पहल नहीं हुआ इस बार अगर एक हफ्ते के अंदर कारवाई नहीं हुई तो हमलोगो को मजबूरन आंदोलन करना होगा और इसके जिम्मेदार प्रशासन के पदाधिकारी गण होगें।

### धोती-साड़ी व लूंगी का वितरण

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरू कला पंचायत के जन वितरण प्रणाली दुकान में दर्जनों लाभुकों के बीच धोती साड़ी और लूंगी का वितरण किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो एवं पंचायत के मुखिया किशन राम मुंडा शामिल हुए इस मौके पर पार्षद ने कहा कि सोना सोबरन धोती साड़ी योजना वितरण कर रही है झारखंड सरकार असहाय निर्धन गरीबों की भलाई के लिए धोती साड़ी योजना वितरण कर रही है जिसका लाभ लाभुकों को मिल रहा है उन्होंने कहा कि लाभुकों को समय से प्रत्येक माह चावल गेहूं किरासन तेल के अलावे अन्य योजनाओं का लाभ समय पर दी दिया जाए।

### धार्मिक कार्यक्रमों में दान पुण्य करने से होता है बौद्धिक व समाजिकता की भावना का विकास : दीपक प्रकाश

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पवित्र श्रावण मास की पहली सोमवारी को शहर के प्राचीन बुढ़वा महादेव स्थित शिवमंदिर में पूजन समाग्री का वितरण किया गया। पूजन समाग्री वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य रूप से भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता एवं समाजसेवी कमलेश सिंह शामिल होकर श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया। कार्यक्रम सुबह सात बजे शुरूआत हुई। जिसमें श्रद्धालुओं को दूध, फूल एवं बेलपत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित नेतागण एवं समाजसेवियों को संस्थापक राकेश गुप्ता ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया व उनकी कार्यों की प्रशंसा की। इस मौके पर भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि संस्थान का यह काफी अच्छा पहल है। हर व्यक्ति अपने दायित्व पर खरा उतर धार्मिक कार्यक्रमों में अवश्य दान पुण्य करना चाहिए। इससे हमारा बौद्धिक एवं समाजिकता की भावना का विकास होता है।

### हजारीबाग यूथ विंग के प्रयास से कराया गया रक्त उपलब्ध

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा मंगलवार को देर शाम देवांगना चौक निवासी बालेश्वर मेहता जिनका इलाज वीना हॉस्पिटल में चल रहा है। जिनके परिजन के द्वारा हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन से रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया।जिसके बाद यूथ विंग के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा संबंधित रक्त की खोजबीन की गई। कहीं रक्त उपलब्ध ना होने पर यूथ विंग के सदस्य मोहम्मद ताजुद्दीन से रक्तदान करने का आग्रह किया गया। जिसके पश्चात शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर 55 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की जान बचाई।

### ग्रामीण स्तर पर प्रतिभावान खिलाड़ियों ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सरकार कृतसंकल्पित : रूपा रानी तिर्की

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरूकला पंचायत भवन में बुधवार को सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब गठन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की व विशिष्ट अतिथि रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो, मुखिया किशुनराम मुंडा मौजूद थे। इस दौरान ग्राम सभा के माध्यम से कुंदरू, सरैया व लभना गांव के लिए युवा खेल क्लब का गठन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह से कृतसंकल्पित है। ताकि छोटे छोटे गांव से खिलाड़ी बाहर निकलें, और बेहतर खेल का प्रदर्शन कर राज्य व देश का नाम रौशन करें। वहीं विशिष्ट अतिथि ने कहा कि सरकार द्वारा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। सभी खिलाड़ी इन योजनाओं का लाभ लेकर ओलंपिक स्तर तक खेल कर देश के लिए पदक जीतने का काम करें। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत बुके देकर किया गया। मौके पर उप मुखिया मोहलाय महतो, पंचायत सेवक महेश प्रजापति, रेणु कुशवाहा, सताक्षी कुमारी के अलावे धनेश्वर यादव, दिलीप यादव, चंदन यादव, संजय मुंडा, पंकज करमाली, प्रदीप नायक,दिनेश महतो, फूलचंद महतो, अनूप कुमार, कृष्णा यादव आदि मौजूद थे।

# स्थानीय मुद्दों को लेकर बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन 16 जुलाई को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हजारीबाग के मटवारी स्थित गाँधी मैदान में 16 जुलाई को बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर समिति की तैयारियां जोरों से चल रही है। महासभा को लेकर हजारीबाग और चतरा लोकसभा क्षेत्र की आम-अवाम काफी उत्साहित हैं। इस आयोजन को छात्र नौजवान मिलकर अंजाम दे रहे हैं।इस सभा में मुख्य तौर पर स्थानीय हक अधिकारों पर जयराम महतो एवं बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता सहित झारखंड के अन्य वक्ता अपनी राय रखेंगे। महासभा में चतरा, रामगढ़, कोडरमा,



हजारीबाग जिले के लोग शामिल होंगे। विशेषकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही, हजारीबाग सदर , बड़कागांव, मांडु, और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के छात्र - नौजवान, बड़े - बुजुर्ग शामिल होंगे।

**महासभा के मुख्य मुद्दे :** इस सभा का मुख्य मुद्दा स्थानीय एवं नियोजन नीति होगा। साथ ही झारखंड समेत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर भी वक्ता अपनी राय रखेंगे।निजी क्षेत्र के उद्योगों में स्थानीय को 75 प्रतिशत नौकरी, बड़कागांव के गोंदलपुरा आंदोलन को समर्थन, पकरी - बरवाडीह परियोजना में अब तक कई रैयतों को मुआवजा नहीं मिल पाना, बरही में जियाडा भूमि पर स्थापित उद्योगों से हो रहे प्रदूषण, रामगढ़ के बूढाखाप में चल रहे आंदोलन, जमीनों की लूट, छात्रों को अब तक छात्रवृति नहीं मिल पाना, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, हजारीबाग से लंबी दूरी की ट्रेनों की माँग, एनएच चौड़ीकरण में कई प्रभावित रैयतों को अब तक मुआवजा नहीं मिल पाना आदि माँगों एवं समस्याओं को लेकर वक्ता अपने - अपने विचार रखेंगे।

महासभा को लेकर क्या कहते हैं संजय मेहता

बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता ने कहा कि झारखंड 23 सालों बाद भी नीतिगत मसलों के दोराहे पर खड़ा है। यहाँ की स्थानीय नीति स्पष्ट नहीं होने के कारण नियोजन नीति का भी बिंदु फँस जा रहा है। छात्र नौजवानों में निराशा है। साथ ही निजी क्षेत्र के उद्योगों में स्थानीय को 75 प्रतिशत नौकरी की बात कही गयी है। इसके लिए विधेयक भी लाया गया। इसके बावजूद इसका पालन नहीं हो रहा। कई परियोजनाओं के नाम पर गरीब - किसानों का भूमि अधिग्रहित कर लिया गया लेकिन उन्हें आज तक मुआवजा नहीं मिला। कंपनियों के आने से प्रदूषण चरम पर है। पेयजल की समस्या बढ़ती जा रही है।ऐसे में झारखंड के सभी लोकसभा और विधानसभा सीट पर पर स्थानीय और ईमानदार लोगों की जरूरत है। जो जनता के मुद्दों के साथ खड़े रहें न कि कम्पनियों से सांठ - गाँठ कर ले। इस सभा के माध्यम से नेतृत्व कौशल को उभारने की कोशिश की जाएगी।

# भामाशाह में मनाई गई महावीर साहू की पुण्यतिथि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भामाशाह सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगन में विधालय के पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक के पद पर निःस्वार्थ सेवा देने वाले स्व. महावीर साहू की पुण्यतिथि बनाई गई। मौके पर उपस्थित शिक्षकों व विद्यार्थियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वही शोक सभा का भी आयोजन किया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि स्व. महावीर साहू एक देशभक्त, समाजसेवी, विद्वता के धनी व्यक्ति थे।इन्होंने समाज में शिक्षा का अलख जगाने का कार्य किया जिसका जीता जागता प्रमाण आज भामाशाह सरस्वती शिशु विधा मंदिर के रूप में विराजमान है। शोक सभा के आयोजन पर विद्यालय के वर्तमान संरक्षक त्रिवेणी साहू ने कहा कि महावीर साहू समाज के आदर्श है और इनके कुशल नेतृत्व मार्गदर्शन से मैं अभियंता के पद पर रहा ।

# नुक्कड़ नाटक टीम ग्रामीणों को बाजार हाट में अभियान चलाकर कर रही है जागरूक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** चौपारण में ज़िला जनसंपर्क विभाग, हजारीबाग के तत्वावधान में गीत नाट्य प्रचार-प्रसार योजना 2023 में आमलोगों को जागरूक एवं जनभागीदारी के लिए आमजनों की स्थानीय भाषा-बोली में नुक्कड़ नाटक कर प्रेरित किया गया जा रहा है। बुधवार को इस कडी में चौपारण प्रखंड के महराजगंज बाजार, पाण्डेयबारा भीड़ क्षेत्र में,युवा विकास केंद्र चौपारण की टीम ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति कर आम लोगों को सरकार की जन



कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही, इस दौरान सरकार के द्वारा संचालित कल्याणक योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इस क्रम में सरकार की प्राथमिकता वाली मलेरिया बचाव एवं उसके रोकथाम, फलेरिया बचाव एवं उसके रोकथाम, वज्रपात, नशामुक्ति, सर्वजन पेंशन योजना,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, हरा राशन कार्ड योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, फूलों झानो आशीर्वाद, बिरसा हरित ग्राम योजना आदि के बारे में आम लोगों को जानकारी दी गई। इस दौरान लोगों के बीच विभिन्न योजनाओं का पंपलेट, पोस्टर आदि का वितरण नुक्कड़ नाटक टीम के द्वारा किया गया।

# सीसीएल डीटी ने सिरका खुली खदान का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल मुख्यालय रांची से बुधवार को सीसीएल डीटी रामबाबू प्रसाद व अन्य अधिकारियों का दल कोलयरी सिरका खुली खदान निरीक्षण के लिए पहुंचा। इससे पूर्व डीटी का काफिला जीएम ऑफिस मुख्यालय पहुंचा, यहां जीएम सुधांशु कुमार पांडे, जीएम ऑपरेशन सुजीत कुमार सिन्हा, एसओ माइनिंग डीके सिंह, सुरक्षा पदाधिकारी एसएन तिवारी ने डीटी रामबाबू प्रसाद का स्वागत किया। सीसीएल रांची डायरेक्टर टेक्निकल रामबाबू प्रसाद ने सिरका खुली खदान के विस्तार और समस्याओं को लेकर स्थानीय अधिकारियों से जानकारी ली। इसके बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताया जाता है कि खदान में पानी भरने, फायर जोन को लेकर कई टिप्स दिए। जबकि सीटीओ आने के बाद किस प्रकार कोलियरी में उत्पादन को सुरक्षा को ध्यान में रखकर बढ़ाया जाए इसके बारे में भी बताया। वहीं डीटी आने की सूचना पर सभी



विभाग के अधिकारी अलर्ट मुड पर दिखे। मौके पर अरगड्डा जीएम सुधांशु कुमार पांडे, जीएम ऑपरेशन सुजीत कुमार सिन्हा, एसओ पीएंडपी राजीव कुमार सिंह, एसओ माइनिंग डीके सिंह, एसओ एक्सवेशन संजय कुमार, एसओ ईएंडएम संजय झा, जयप्रकाश, एरिया भीटीसी अधिकारी एसएन तिवारी, सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा, सिनियर मैनेजर सिरका राकेश कुमार, सेफ्टी ऑफिसर कामेश्वर महतो, डब्लू.आई. विजय सिंह, बीएमएस क्षेत्रीय सचिव प्रशांत बेलथरिया आदि उपस्थित थे।

# 125 बच्चों ने दिया खेलो इंडिया सेंटर के लिए ट्रायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** खेलो इंडिया के तहत झारखंड राज्य के सभी जिलो में खेलो इंडिया सेन्टर की शुरुआत किया जा रहा है। जिसके तहत रामगढ़ के सिधो-कान्हो स्टेडियम को फुटबॉल सेन्टर हेतु चयनित किया गया है। उक्त के तहत बुधवार को खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल की शुरुआत की गई। ट्रायल के दौरान पहले दिन जिले के सभी प्रखंडों के 10-14 वर्ष के 99 बालक एवं 26 बालिकाओं ने हिस्सा लिया। ट्रायल के दौरान जिला खेल पदाधिकारी रूप रानी तिर्की ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए हमेशा



इसी तरह खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने एवं खेलते रहने की बात कही। इस मौके पर जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की, जिला परिषद सदस्य रामगढ़ धनेश्वर महतो मुखिया कुंदरू कला पंचायत किशन राम मुंडा पंचायत सचिव महेश प्रजापति, पंचायत सचिव रेणु कुशवाहा, पंचायत सचिव शताक्षी कुमारी एवं अन्य उपस्थित थे ।

# आदिवासियों के ऊपर पेशाब कर अपमानित कर रही है भाजपा : महेंद्र पाठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय में आदिवासी महासभा रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक महादेव मांझी की अध्यक्षता में हुई।बैठक में भाकपा राज्य सचिव सह अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव ने कहा कि देश के महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लगातार देश में अपमानित किया जा रहा है । कई मंदिरों में अपमानित किया गया , झारखंड के देवघर में भी गर्भगृह में पूजा अर्चना नहीं करने दिया गया ।? राष्ट्रपति अपने जन्मदिन के अवसर पर दिल्ली के मंदिरों में पूजा अर्चना करने गए उन्हें भी गर्भगृह से बाहर रखा गया । अभी नागपुर में राष्ट्रपति के आगमन पर मुख्यमंत्री के द्वारा अगुवाई नहीं कर प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया गया । नए संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री ने उन्हें आमंत्रित




नहीं किया बल्कि भारतीय जनता पार्टी एवं आर एस एस के इशारे पर किसी से मिलना जुलना प्रेस कॉन्फ्रेंस करना सारे कार्य प्रधानमंत्री कार्यालय से संचालित किए जा रहे हैं । पूर्व में भी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भी कई जगह पर अपमानित किया गया । मंदिरों में प्रवेश वर्जित किया गया। उसी के तर्ज पर देश के महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपमानित किया जा रहा है। राष्ट्रपति का अपमान देश के आवाम का अपमान है। देश की जनता की अपमान है । जब राष्ट्रपति की चुनाव हो रहा था उस समय गोदी मीडिया बड़ी जोर-शोर से प्रचारित किया कि देश में पहली बार राष्ट्रपति आदिवासी महिला बन रही है। वोट बैंक की राजनीति के लिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया, लेकिन जो सम्मान एवं आजादी राष्ट्रपति को मिलना चाहिए आज आर एस एस के दफ्तर से उन्हें अपमानित एवं संचालित किया जा रहा है। जीला सचिव अबीनास बेदिया ने कहा कि राष्ट्रपति के अपमान के विरोध में 20 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री की पुतला जलाकर आर एस एस और भाजपाइयों के विरोध करें । आजाद सिंह ने कहा कि रामगढ़ के राजनीतिक कार्यकर्ताओं एवं आम आवाम से अपील किया देशमें पहली बार एक महिला राष्ट्रपति बनी है। संविधान की रक्षा के लिए महामहिम राष्ट्रपति के अपमान के विरोध में सड़कों पर उतरे। देश की सम्मान की रक्षा करें । बैठक में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, प्रखंड सचिव खुर्शीद अहमद कुरेशी उर्फ आजाद सिंह, महादेव मांझी ,राजेंद्र कुमार , खिली चरन मांझी ,द्वारिका प्रजापति ,कालिदास महतो ,कैलाश बेदिया ,चिंतामणि देवी सहित कई लोग मौजूद थे ।

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल मे वर्ल्ड पेपर बैग डे मनाया गया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 'वर्ल्ड पेपर बैग डे' मनाया गया। इसे मनाने का उद्देश्य लोगों को प्लास्टिक की थैलियों की बजाय पेपर बैग के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित करना है। दरअसल, सिंगल यूज प्लास्टिक थैलियां काफी आसानी से उपलब्ध होते हैं और लोग



सब्जियों से लेकर किराना तक की शॉपिंग के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं लेकिन, आपको बता दें कि इन थैलियों की रीसाइकिल आसानी से नहीं हो पाती, जिसकी वजह से ये आज प्रदूषण की सबसे बड़ी वजहों में से एक बन गया है। ऐसे में पेपर बैग का इस्तेमाल कर आप पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त बना सकते हैं। विद्यालय के बच्चों ने तरह-तरह के रंगीन कागजों से तथा अखबार से पेपर बैग बनाया और अपने सुविचार को प्रस्तुत कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य श्री हरजाप सिंह जी ने बच्चों के द्वारा बनाए गए पेपर बैग की काफी प्रशंसा की और बच्चों से कहा कि सभी अपने अपने घरों में लास्टिक बैग को ना कहें तथा अपने घरों में पेपर बैग का ही प्रयोग करें क्योंकि प्लास्टिक को विघटित होने में हजारों साल लगते हैं और यह जीव- जन्तुओं के लिए भी हानिकारक है।

# एजेकेएसएस ने अरगड्डा क्षेत्र एसओपी को 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ (एजेकेएसएस) के द्वारा बुधवार को सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र एसओपी मोहम्मद फैयाज उल हक को मजदूरों से जुड़े 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इसमें एजेकेएसएस ने कहा है कि पूरे अरगड्डा क्षेत्र में कायाकल्प योजना से किए गए



अधूरे कार्यों को जांच कर बरसात से पूर्व क्वार्टर छतों पर तारपेंटिंग का कार्य अविलंब करें, आवासीय कॉलोनी के बीच जर्जर सड़क पूर्ण मरम्मत कार्य हो, महाप्रबंधक कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मियों को समय पर प्रमोशन दे, भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए बरसों से संवेदनशील विभागों में जमे कर्मियों का स्थानांतरण हो, जीएम ऑफिस डिस्पेंसरी को पर्याप्त चिकित्सक, नर्स, पारा मेडिकल स्टाफ मुहैया कराया जाए। जीएम ऑफिस कर्मियों को आवश्यकतानुसार होलीडे, संडे ड्यूटी दिया जाए, जीएम ऑफिस में पदस्थापित कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका में दर्ज आश्रितों की सूची को जांच कर त्रुटियों को ठीक किया जाए, कार्यरत महिला कर्मियों के लिए विश्राम गृह व शौचालय व्यवस्था हो, फरवरी माह के 13 दिनों के बकाया वेतन कामगारों का भुगतान शीघ्र हो, महाप्रबंधक के सभी कार्यालय के विभागों में स्टेशनरी प्रिंटर इंक की कमी हैं, जिससे दैनिक कार्य करने में कर्मचारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा हैं, इसे शीघ्र उपलब्ध कराया जाए आदि मांगे शामिल हैं। मौके पर एजेकेएसएस क्षेत्रीय सचिव रामजी सिंह, शाखा सचिव देव कुमार बेदिया, सुनील बेदिया, अर्जुन कुमार, लुखरी देवी, मीरा दुबे, बबली कुमारी, तुलेश्वर बेदिया, संतोष, दुर्गेश सिंह समेत कई कर्मचारी उपस्थित थे।

# आदिवासी महिला छात्रावास का औचक निरीक्षण

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ के पूर्व विधायक सह आंदोलनकारी नेत्री ममता देवी ने रामगढ महाविद्यालय में निर्माण हो रहे आदिवासी महिला छात्रावास का निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण के पश्चात कार्यों को देखकर हुई ममता देवी नाराज हुई और विभागीय पदाधिकारियों को जम कर फटकारा और कार्य बंद करने का आदेश दिया और विभागीय जाँच हेतु सचिव को लिखा पत्र भी लिखा।

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बरही में किया गया पौधारोपण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही के कोनरा में एनएच टू के किनारे एनएचआई के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनएचआई के परियोजना निदेशक पीसी काहिली, एसडीओ पूनम कुजूर, जिप उपाध्यक्ष किसून यादव, प्लस टू गर्ल हाई स्कूल के प्राचार्य रविकांत ओम, एनएचआई के टेक्निकल मैनेजर अभिषेक मिश्रा, टीम लीडर निलेश पांडेय, साइट इंजीनियर मुकेश विश्वकर्मा, रंजीत बिस्वास, राजीव त्रिवेदी, हरियाली दूत मनोज कुमार, कानूनो दा, कुलदीप कुमार आदि मौजूद थे। मौके पर अतिथियों के हाथों अमरूद, कटहल, गुलमोहर, करोंज आदि के पौधे लगाए गए। निर्देशक पीसी काहिली ने कहा की भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के



निर्देशानुसार आज पूरे देश में एनएचआई के द्वारा हाईवे किनारे पौधारोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज हमलोग बरही में भी पौधारोपण कर रहें है। आज यहां विभिन्न प्रजाति के करीब एक हजार पौधे लगाए जा रहें है। वहीं उन्होंने कहा की भारत सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग को हरा भरा बनाना चाहती है। इसलिए भारी संख्या में पूरे देश में पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। वहीं एसडीओ पूनम कुजूर ने एनएचआई के द्वारा की जा रहे पौधारोपण कार्य की सराहना करते हुवा कहा की पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधा रोपण बहुत जरूरी है। वहीं जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव ने कहा की पेड़ मानव जीवन का अनमोल हिस्सा है और यह मनुष्य के बीच का एक चक्र है। मौके पर गर्ल हाई स्कूल के स्कूली बच्चियां भी मौजूद थी।

# स्वरोजगार शुरू करने के लिए युवाओं को राज्य सरकार उपलब्ध करा रही कई सुविधा : अम्बा प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत कई लाभार्थियों को ट्रैक्टर, स्कार्पियो तथा लोन स्वरोजगार शुरू करने के लिए सहायता प्रदान की गई है। इसी क्रम में अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा हजारीबाग के द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभार्थियों को मिलने वाली परिसंपत्तियों का वितरण बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया गया। विधायक ने हजारीबाग स्थित आवास में विधानसभा क्षेत्र के कई लाभुकों को परिसंपत्तियों का वितरण किया तथा स्वरोजगार शुरू करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा प्रदत चेक सौंपा। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने



बारी-बारी से सभी लोगों को ट्रैक्टर की चाबी प्रदान की एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से राज्य के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए यह योजना शुरू की गयी है। इस योजना के तहत प्रदेश के बेरोजगार शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रत्येक लाभार्थी युवाओं को राज्य सरकार की और से ऋण सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही जिससे वह अपने लिए आसानी से व्यवसाय को स्थापित कर सकें। इस अवसर पर बड़कागांव गुरु चट्टी के नितेश कुमार, नटराज नगर के आशीष कुमार, गुरु चट्टी के नारायण महतो,सुधांशु शेखर, कृष्णा कुमार यादव को ट्रैक्टर की चाबी सौंपी गई एवं दिलीप कुमार शर्मा एवं उमेश ठाकुर को स्वरोजगार के लिए 50-50 हजार का चेक प्रदान की गई।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## सीसीएल सीकेएस ने तीन नये अधिकारियों का किया अभिनंदन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल सीकेएस (बीएमएस) के द्वारा सिरका कोलयरी में आए तीन नए अधिकारियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। इसका नेतृत्व सीसीएल सीकेएस सिरका सचिव विश्वनाथ सिंह ने किया। यूनियन सदस्यों ने नए सीनियर मैनेजर राकेश कुमार, रणधीर कुमार सिंह, अंजनी सिंह को अंग वस्त्र गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही कोलियरी के उज्जवल भविष्य के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण से उत्पादन को गति देने की बात कहीं। स्वागत करने वालों में सीसीएल सीकेएस के क्षेत्रीय अध्यक्ष मदन कुमार, क्षेत्रीय सचिव प्रशांत बेलथरिया, शाखा सिरका अध्यक्ष कमलेश कुमार, रणधीर कुमार, खालिद अंसारी, सत्तार मियां, विजय बेदिया, खुर्शीद अंसारी, विश्वनाथ गोप, बिंदेश्वर साव, अजय कुमार शर्मा, कालेंद्र बेदिया आदि शामिल हैं।

## कनकी से भोले के भक्तों का जत्था बाबाधाम हुआ रवाना

**गिददी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रावण माह के अवसर पर बुधवार को डाड़ी के गांव कनकी से भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक करने के लिए बाबा के भक्तों का जत्था देवघर नगरी के लिए रवाना हुआ। अवसर पर भगवान शंकर के भक्तों ने भूतनाथ के जयकारे लगाएं। जिससे वातावरण बम बम लहरी के भक्ति में सरोवर बन उठा। बाबा धाम जाने वाले भक्तों में पप्पू साव, डालेश चौधरी, लक्ष्मण साव, बासुदेव महतो, संजय प्रजापति, विनोद कुमार साव, छतरु साव, मनोज सिंह, गिरधारी महतो, मनजूभ मुर्मू, मिशन राम, संतोष साव, प्रकाश साव, बबलू महतो, रंजीत कुमार, दुलार महतो आदि शामिल थे।

## रैलीगड़ा पश्चिमी मुखिया के द्वारा व्हीलचेयर दिया गया

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेलीगड़ा ढीपरा मोहल्ला के रिया कुमारी पिता स्वर्गीय अशोक सोनी को बाल विकास परियोजना के द्वारा व्हीलचेयर की अनुशंसा मुखिया द्वारा किया गया था जिसे मुखिया द्वारा प्रदान किया गया । इस मौके पर मुखिया ने कहा कि रिया कुमारी बचपन से ही चल बोल नहीं सकती है अगर इस तरह का कोई दिव्यांग आपके आसपास अगर हो और उससे व्हीलचेयर, वैशाखी, ईयर फोन तथा अन्य सामग्री की आवश्यकता हो तो कृपया संपर्क करें इस पुनीत कार्य में रैलीगड़ा पश्चिमी मुखिया गुंजन साव रवि वर्मा समाजसेवी प्रेमचंद शर्मा तथा अन्य लोग मौजूद थे।

## खरना मुखिया निर्मला देवी ने किया नि:शुल्क बीज का वितरण

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत खरना पंचायत के भंडेरी में अनुसूचित जाति के किसानों के बीच बिरसा मुंडा एग्रो प्रोड्यूसर कम्पनी से प्राप्त निशुल्क धान आई आर-64 और 7 प्रकार के सब्जियों के बीज का वितरण मुखिया निर्मला देवी,पंसस चाँदमुनी हेम्ब्रम,वार्ड सदस्या विमला देवी,और डायरेक्टर शिबू सोरेन के द्वारा किया गया । किसान तुलसी दास,त्रिलोकी रविदास,राजू दास महादेव तुरी,शांति देवी,विमला देवी,पूनम देवी,लखिया देवी सहित लगभग 50 किसानों के बीच निशुल्क बीज वितरित की गई। इस मौके पर मुखिया निर्मला देवी ने कहा कि आगे भी सरकार या किसी गैरसरकारी संस्था से प्राप्त लाभ को इसी तरह आम लोगो के बीच लाने का काम निरन्तर जारी रहेगा।

## झामुमो सचिव ने मंत्री हफीजुल से मुलाकात कर जनसमस्याओं से कराया अवगत

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ झामुमो प्रखण्ड सचिव सह विष्णुगढ़ बीस सूत्री सदस्य संजय कुमार प्रजापति अपने झामुमो सहयोगियों के साथ हेमन्त सरकार में खेल मंत्री हफीजुल अंसारी से उनके रांची आवास पर औपचारिक मुलाकात की । मुलाकात के दौरान संजय कुमार प्रजापति ने विष्णुगढ़ से जुड़ी जनसमस्याओं से मंत्री को अवगत कराया ।संजय कुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि मंत्री हफीजुल अंसारी ने जनसमस्याओं को सुनकर सकारात्मक जवाब देते हुए जल्द ही निराकरण की बात कही ।इस मौके पर मुख्य रूप से संजय कुमार प्रजापति,पंसस इबरार अंसारी समेत अन्य लोग शामिल थे ।

## धान आधारित समन्वित कृषि प्रणाली विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को केन्द्रीय वर्षाश्रित उपराउं भूमि चावल अनुसंधान केन्द्र, हजारीबाग के सभागार में धान आधारित समन्वित कृषि प्रणाली विषय पर तीन दिवसीय ( 10 – 12 जुलाई 2023 ) प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, राँची के माननीय कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने किया. उन्होंने अपने संबोधन में बिहार, झारखण्ड एवं महाराष्ट्र से आये कृषकों को अपनी आय को दुगुनी करने के लिए समन्वित कृषि प्रणाली अपनाने को कहा. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे सारदा ( सोशल एक्शन फॉर रूरल डेवलपमेंट ) के प्रबन्ध निदेशक, डॉ नरेश प्रसाद सिंह ने इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ लेने एवं अपने-अपने राज्यों के जमीन पर उतारने की अपील की. केन्द्र के अध्यक्ष, डॉ निमाई प्रसाद मंडल ने केन्द्र के द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों को बताते हुए उपराउं भूमि वाले धान के प्रजातियों के विकास में केन्द्र की भूमिका पर प्रकाश डाला. उद्घाटन सत्र का संचालन करते हुए केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ प्रियमेधा ने विभिन्न राज्यों से आये प्रतिभागी कृषकों को प्रशिक्षण का महत्त्व बताते हुए आय दुगुनी करने में धान आधारित समन्वित कृषि प्रणाली के महत्व को बताया।

# कब्रिस्तान मोहल्ला अरगड्डा जल मीनार में लगे स्वीच ले भागे बदमाश

### महिलाओं ने किया विरोध, पार्षद ने दिया आश्वासन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिरका :** अरगड्डा के नप वार्ड 12 कब्रिस्तान मोहल्ला में बीते एक माह पूर्व बिठाए गए जल मीनार के स्टार्टर स्वीच बॉक्स चोरी होने का मामला बुधवार को तब सामने आया, जब महिलाएं जल मीनार से पानी भरने पहुंची। महिलाओं ने टंकी में लगे स्वीच चोरी होने का विरोध भी किया। जबकि इससे पानी की समस्या उत्पन्न होने के बारे में बताया। सूचना के बाद पार्षद 12 गोपाल मुंडा पहुंचे, चोरी हुए जल मिनार स्थल का निरीक्षण करने के बाद इसके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिया। इधर ग्रामीणों ने इस प्रकार जल मीनार से चोरी कर स्वीच लेकर भागने वाले को ढूंढकर कानून के हवाले करने की बात कहीं। मौके पर चोरी के बाद विरोध जताने वालों में मधु सिंह, रीता सिंह, शकीला खातून, सुनीता देवी, सोनिया देवी, रेणु देवी, नैंसी देवी, जुबेदा खातून, मालती देवी, किरण देवी, आशा देवी, आरती देवी समेत कई महिलाएं शामिल थे।

## पांचवा दिन भी नही मिला शव परिजनों में निराशा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** चरही थाना क्षेत्र के सीसीएल 42नम्बर कॉलोनी के खदान में शनीवार को एक बच्ची खदान में डूब गई थी।7वर्षीय बच्ची संजना कुमारी को डूबे हुए पांच दिन बीत चुका है लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी बच्ची के शव को नहीं ढूंढा जा सका। पत्थर से पत्थर दिल को झकझोर देने वाली इस घटना से क्षेत्र में काफी दुख का माहौल है। आप को बता दें की शनिवार की हुई घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा दूसरे दिन रविवार को सड़क जाम कर दिया गया था। एनडीआरएफ की टीम के आने के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम को हटाया। वही एनडीआरएफ की टीम के द्वारा लगातार दो दिन रविवार और सोमवार को रेस्क्यू अभियान चलाया लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। इसके बाद ग्रामीणों ने भी अपने स्तर से शब्द को ढूंढने का हर सफल प्रयास किया लेकिन सफलता दूर ही खड़ी रही। ग्रामीणों द्वारा आपसी विचार विमर्श के बाद बोकारो जिला के जोरांडीह खेतको से निजी ग्रुप के गोताखोरों को बुलाया। खदान का पानी कुछ फीट की गहराई के बाद इतना ठंडा है की आधा दिन बीतते बीतते 10 सदस्य गोताखोरों की टीम ने भी हार मान लिया और लगभग 3ः00 बजे अपना रेस्क्यू ऑपरेशन को समाप्त किया। इन सबके बाद ग्रामीणों को अब किसी तरह की कोई आस नजर नहीं आ रही है।

## कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में लगा स्वास्थ्य जाँच कैम्प

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बदले मौसम के मिजाज ने हर-घर मे लगभग बच्चो को सर्दी खाँसी एवं बुखार आम है,वहीं इसको देखते हुए विष्णुगढ़ कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की वार्डेन सुनीता गुप्ता ने कस्तूरबा में अध्ययनरत छात्राओ की स्वास्थ्य जाँच के लिए विष्णुगढ़ सीएचसी चिकित्सा प्रभारी डॉ0अरुण कुमार सिंह से आग्रह किया,इस आग्रह पर डॉ0अरुण कुमार सिंह ने तत्काल डॉ0विनय कुमार पांडेय के नेतृत्व में टीम भेजकर छात्राओं की स्वास्थ्य जाँच कर दवा वितरित की। इस अवसर वार्डेन सुनीता गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में छात्राओ का हरसंभव ख्याल रखा जाता है। डॉ0अरुण कुमार सिंह का सहयोग भी हमसबो को नियमित मिलता रहता है।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर पीवीयूएन ठेका श्रमिकों की बैठक

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीवीयूएन में कार्यरत त्रिपक्षीय समझौते से आच्छादित सभी ठेका श्रमिकों की एक आवश्यक बैठक बुधवार को शाह कॉलोनी पंचायत स्थित गांधी स्मारक मैदान परिसर में श्रमिक यूनियन उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार शर्मा के संचालन संपन्न हुई। बैठक में स्थानीय प्रबंधन द्वारा पूर्व के बनीस्पत वर्तमान समय में लचर व्यवस्था देखते हुए असंतोष जाहिर किया गया। बैठक में लचर व्यवस्था को लेकर कहा गया कि संविदा समाप्त होने के उपरांत समय अंदर टेंडर नहीं किया जाना। एवं समय से श्रमिकों का गेट पास नहीं बनना। श्रमिकों का मासिक वेतन भुगतान का समय प्रबंधन द्वारा निर्धारित किया गया है परंतु निर्धारित समय के अंदर श्रमिकों का भुगतान नहीं किया जाना।

---

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
**National Rural Employement Program, Ranchi.**

**Very Short**
**e-Procurement Notice**

e-Tender Refrence No. – National Rural Employement Program, Ranchi./RANCHI-14/2023-24 Date :-

| Sl. No. | Name of Scheme | Estimated Amount (Lakh) | Earnest Mone (Lakh) | BOQ Cost | Scheme Completion Date | Tools & Plant |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इटकी प्रखण्ड के सियारटोली में फुटबॉल स्टेडियम निर्माण। | 2,38,55,300/- | 4,78,000/- | 10,000/- | 18Months | कार्य के अनुरूप |
| 4. | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtendrs.gov.in | | | | |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | Start Date 17.07.2023 to 11.00 AM<br>End Date 22/07/2023 up to : 2.00 PM | | | | |
| 6. | Bids online Submission | Start Date 17.07.2023 Time : 11.00 AM<br>End Date 22/07/2023 Time : 2.00 PM | | | | |
| 7. | Hard Copy Submission Date | Date 22/07/2023 Time : 3.00 PM | | | | |
| 8. | Technical Bid Oppening Date | Date 24/07/2023 Time : 11.00 AM | | | | |
| Officer Inviting Bids | | Executive Engineer<br>National Rural Employement Program, Ranchi.<br>Address : National Rural Employement Program, Vikash Bhawan, Ranchi. | | | | |

Executive Engineer
National Rural Employement Program, Ranchi.

PR 302188 (NREP) 23-24 (D)

---

पत्रांक – (ii)/मं0 दिनांक –

### झारखण्ड सरकार
### राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

**-:: आवश्यक सूचना ::-**

न्यायालय पीठासीन पदाधिकारी द्वारा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा–49(5) के तहत सुनवाई की जा रही वादों की सूचना का प्रकाशन निम्नवत् किया जाता है। जिसमें वादी एवं प्रतिवादी के प्रतिनिधि अथवा उनके विद्वान अधिवक्ता बहस हेतु निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं हो रहे है।

अतः उक्त संबंध में वादी एवं प्रतिवादी को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक– 18/07/2023 को माननीय मंत्री के भू–तल परिसर, कल्याण कॉम्पलेक्स, बलिहार रोड, मोराबादी, राँची स्थित न्यायालय मे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे। अन्यथा एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा।

–: वाद की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | वाद सं0 | वादी का नाम | प्रतिवादी का नाम | मौजा/थाना | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा ए0 मे | कुल रकबा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 39/21–22 | हीरालाल सिंह मुण्डा वगै0 | मेसर्स जे.एस. डब्ल्यू. लि0 | बारेन्दा 18 | 677 | 388<br>390<br>389 | 0.465<br>0.865<br>0.80 | 2.13 ए0 |
| 2 | 34/21–22 | मृत्युंजय पातर वगै0 | मेसर्स जे.एस. डब्ल्यू. लि0 | चोकाहातु 03 | 1059<br>1060 | कुल प्लॉट 09<br>कुल प्लॉट 12 | 6.07 | 6.07 ए0 |
| 3 | 37/21–22 | श्रीमती भारती देवी, पति–गोपाल मुण्डा | मेसर्स जे.एस. डब्ल्यू. लि0 | बारेन्दा 18 | 5663 | 153 | 1.02 | 1.02 ए0 |
| 4 | 38/21–22 | कालीपदो पातर, पिता–स्व0 गोपाल पातर | मेसर्स जे.एस. डब्ल्यू. लि0 | चोकाहातु 03 | 1061 | 708<br>1173<br>1179<br>1183<br>1186<br>1187<br>1188<br>1190<br>1195<br>1204<br>1209 | 0.04<br>0.56<br>0.03<br>0.10<br>0.02<br>0.01<br>0.06<br>0.16<br>1.04<br>0.09<br>0.99 | 3.10 ए0 |
| 5 | 40/21–22 | सत्यनारायण सिंह मुण्डा वगै0 | मेसर्स जे.एस. डब्ल्यू. लि0 | बारेन्दा 18 | 572<br>573 | 324<br>274 | 0.18<br>3.16 | 3.34 ए0 |
| 6 | 41/21–22 | नन्दलाल पातर वगै0 | मेसर्स जे.एस. डब्ल्यू. लि0 | बारेन्दा 18 | 693<br>787 | 593<br>594<br>268 | 0.225<br>0.4<br>0.66 | 0.925 ए0 |
| 7 | 42/21–22 | श्री विशम्भर सिंह मुण्डा | मेसर्स जे.एस. डब्ल्यू. लि0 | बारेन्दा 18 | 760 | 421<br>422<br>423<br>418 | 0.37<br>0.235<br>0.025<br>1.305 | 1.935 ए0 |
| 8 | 49/21–22 | कन्हाई मुण्डारी वगै0 | मेसर्स जे.एस. डब्ल्यू. लि0 | बारेन्दा 18 | 67 | 248<br>249<br>250<br>288<br>291<br>462<br>253 | 0.21<br>0.50<br>0.42<br>0.10<br>0.10<br>2.50<br>1.34 | 4.72 ए0 |

विश्वाभाजन
(अमित कुमार)
माननीय मंत्री के आप्त सचिव

PR 302164 Revenue (23-24)_D

---

### कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार।
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

पत्रांक : /(ITDA) लातेहार, दिनांक :–

–: अति अल्पकालीन निविदा :–

लातेहार जिला अन्तर्गत सभी कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय, झारखण्ड आवासीय बालिका विद्यालय एवं सभी आवासीय विद्यालयों में आवश्यकतानुसार Library Book Shelves, Library Table, Library Chair , Bunk bed & 08 Seater Dining Table क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| I. | कार्य का नाम | : | Library Book Shelves, Library Table, Library Chair, Bunk bed & 08 Seater Dining Table क्रय |
| II. | Library Book Shelves, Library Table, Library Chair, Bunk bed & 08 Seater Dining Table आपूर्ति की समय सीमा। | : | 15 दिन |
| III. | लातेहार जिला के वेबसाईट (www.latehar.nic.in) में निविदा प्रकाशन की तिथि | : | 12.07.2023 |
| IV. | अग्रधन की राशि | : | 01.00 लाख (एक लाख) रू0 जो उपायुक्त, लातेहार के नाम से लातेहार में भुगतेय हो |
| V. | निविदा जमा करने का स्थान | : | परियोजना निदेशक आई0टी0डी0ए0, लातेहार |
| VI. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | : | तिथि :21.07.2023, समय : 01.00 PM |
| VII. | निविदा खोलने का स्थान | : | कार्यालयः परियोजना निदेशक आई0टी0डी0ए0, लातेहार |
| VIII | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | तिथि :21.07.2023, समय : 03.00 PM |
| IX. | प्रजेंटेशन | : | तिथि :21.07.2023, समय : 04.00 PM |
| X. | सम्पर्क नम्बर | : | 8340500638 |

PR 302109 Welfare(23-24)D परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0 लातेहार।

---

### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

**द्वितीय शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या– **DWSD/KH-24/2022-23 (2nd Call)**, Dt.- 05.06.2023 **P.R.No.–299223 (Drinking Water & Sanitation) 22-23.D** के द्वारा प्रकाशित एवं प्रचारित निविदा (**Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility Khunti and Arki Block under J.J.M.**) के तिथियों में निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है।

| Date Revision | Previous Date | Revised Date |
|---|---|---|
| Date of Tender Uploading on Website | 17.06.2023/05.00 PM | 15.07.2023/05.00 PM |
| Bid Submission End Date | 24.06.2023/05.00 PM | 22.07.2023/05.00 PM |
| Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 26.06.2023/05.00 PM | 24.07.2023/05.00 PM |
| Date of Opening of Tender | 27.06.2023/11.00 AM | 25.07.2023/05.00 PM |
| निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी। | | |

(ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर)
कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 302180 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

---

### OFFICE OF CIVIL SURGEON, RANCHI

**Tender Ref No: - 2418 Date:- 11-7-2023**
**EXPRESSION OF INTREST**

**SPECIAL EXPRESSION OF INTREST FOR: -** Selection of Agency for Supply and Installation of Various Equipments and Items to Community Health Centre of Burmu block of Ranchi district of Jharkhand.

| NO | INFORMATION/SUBJECT | DETAIL |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | NAME OF WORK | Selection of Agency for Supply and Installation of Various Equipments and Items to Community Health Centre, Burmu |
| 02 | DATE OF PUBLICATION OF BID On website www.sadarhospital.com | 13.7.2023 |
| 03 | EARNEST MONEY TO BE DEPOSITED | RS 2,00,000.00 (TWO LAKH). MSME Registered Organization to be exempted as per Jharkhand Procurement policy 2014. |
| 04 | LAST DATE & TIME FOR BID SUBMISSION | 28.7.2023 (11:00 AM) By Hand. |
| 05 | BID SUBMMISSON PLACE | Office of Civil Surgeon, Ranchi |
| 06 | DATE AND TIME FOR BID OPENING | 31.7.2023 (3.00 PM) |
| 07 | BID OPENING PLACE | Office of Civil Surgeon, Ranchi |
| 08 | NAME AND OFFICE FOR INVINTING EOI | Office of Civil Surgeon, Ranchi |
| 09 | HELPLINE NO. AND EMAIL ADDRESS | Email – csofficeranchi@yahoo.com<br>Mob no. – 9431353301 , 9905315600 , 6204814009 |
| 10 | Estimated Project Cost | 86,00,000.00 ( Eighth Six) Lakh. |

**Further details & Corrigendum can be seen on website www.sadarhospital.com**

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा (EOI.) समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदा (EOI.) के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा। किसी प्रकार के शुद्धि पत्र आदि का **www.sadarhospital.com** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची।

PR.NO.302167 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ**

**-: अति आवश्यक सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–7/2023–24 जिसकी PR 301523 Building(23-24)D के क्रम सं0–01 से 12 तक कार्य के नाम में Construction of 2 Additional Class Room जोड़ा जाय। निविदा निर्गत की तिथि 14.07.2023 के स्थान पर 18.07.2023 तथा निविदा प्राप्ति की तिथि 15.07.2023 के स्थान पर 19.07.2023 को निर्धारित किया गया है। निविदा के अन्य शर्तें एवं सूचनाएँ यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, रामगढ़

PR 302197 Building (23-24)_D

---

### समाहरणालय, लातेहार
**(राजस्व शाखा)**

**लातेहार जिला के सभी किसान भाईयों के लिए आम सूचना**

जिला अन्तर्गत सभी पी0एम0 किसान लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत 14 वें किस्त (अप्रैल–जुलाई2023–24) की राशि भारत सरकार के द्वारा उन्हीं लाभुक किसानों को दी जायगी, जिनका (I)e-KYC पूर्ण कर लिया गया हो (II) Land Details Seeding किया जा चुका हो तथा (III)बैंक खाता आधार से जुड़ा हुआ हो।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने वाले सभी लाभुक किसानों से अनुरोध है कि एक सप्ताह के अन्दर बैंक / CSC में जाकर e-KYC पूर्ण करा लें एवं बैंक खाता आधार से लिंक करा लें, साथ ही अंचल कार्यालय में जाकर Land Details Seeding करा लें अन्यथा अप्रैल–जुलाई 2023–24 की किस्त की राशि रोक दी जायगी।

अपर समाहर्त्ता
लातेहार

PR 302111 District (23-24)_D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–10/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 19.07.2023 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 20.07.2023 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 20.07.2023 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, राँची, अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची एवं नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation with entire painting, changing of floor tiles with provision of shed including other Miscellaneous work in Judge Bungalow No.-12 (Under Occupation of Hon'ble Judge Mr. Sanjay Prasad) at A.G. More, Doranda Ranchi (High Court Pool) | 4920400.00 | 98500.00 | 5000.00 | Three Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 302171 (Building) 23-24 (D)

---

### कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, रांची।
**|| आम सूचना ||**

पत्रांक............................ राँची/दिनांक–..............................

एतद् द्वारा सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करना है कि आपके द्वारा अपने परमिट के समाप्ति के उपरान्त अभी तक नवीकरण नहीं कराया गया है कि सूची निम्नवत है–

1. स्कूल बस परमिट की सूची :–

| S.NO | VEHICLE NO | NAME | PERMIT NO | VALIDITY |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JH01CS-2848 | SYMBOSIS INSTIUTE OF SOCIAL SER | 01/2018 | 01.01.2023 |
| 2 | JH01CM-8488 | MANAN VIDYA MANRAKHAN MAHTO SCHOOL | 04/2018 | 15.01.2023 |
| 3 | JH01CE-0269 | Mrs .REKHA KUMARI (RTC institute Of Technology) | 07/2018 | 29.01.2023 |
| 4 | JH01AU-9527 | SATISH KUMAR SINHA (Bharti College Of Education Mnadar) | 08/2018 | 12.02.2023 |
| 5 | JH01AM-6935 | VARSHA SARIKA MINJ (DAV Public School Kanke ) | 12/2018 | 06.02.2023 |
| 6 | JH01AT-3172 | VARSHA SARIKA MINJ (DAV Public School Kanke ) | 13/2018 | 06.02.2023 |
| 7 | JH01BJ-2015 | NAWAL KISHORE PRASAD MEMORIAL TRUST | 14/2018 | 09.02.2023 |
| 8 | JH01AP-1783 | INST OF CHRISTIAN DOCTRINE FATH SOCIETY INST | 15/2018 | 19.02.2023 |
| 9 | JH01AG-0940 | LITTLE FLOWER PREP ARATORY SCHOOL | 16/2018 | 22.02.2023 |
| 10 | JH01AZ-1899 | NIRUPA TOPPO | 17/2018 | 09.03.2023 |
| 11 | JH01AF-8502 | M/S AAYUSH EDUCATION SERVICE | 18/2018 | 09.03.2023 |
| 12 | JH01BQ-5368 | M/S AAYUSH EDUCATION SERVICE | 19/2018 | 09.03.2023 |
| 13 | JH01CA-0746 | ST.JOHN HIGH SCHOOL | 23/2018 | 09.03.2023 |
| 14 | JH01AV-7389 | ST.FRANCIS SCHOOL | 29/2018 | 23.03.2023 |
| 15 | JH01CA-1734 | DEVENDRA PAL BIJ | 36/2018 | 27.03.2023 |
| 16 | JH01BH-7234 | DEVENDRA PAL BIJ | 37/2018 | 14.03.2023 |
| 17 | JH01BY-1193 | DEVENDRA PAL BIJ | 38/2018 | 14.03.2023 |
| 18 | JH01AN-5321 | DEVENDRA PAL BIJ | 39/2018 | 14.03.2023 |
| 19 | JH01CV-8312 | DEVENDRA PAL BIJ | 40/2018 | 03.04.2023 |
| 20 | JH01CK-4105 | MANIKA ARJUN TRUST | 41/2018 | 03.04.2023 |
| 21 | JH01AZ-0940 | LITTLE FLOWER SCHOOL | 42/2018 | 03.04.2023 |
| 22 | JH01BZ-7543 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | 43/2018 | 18.04.2023 |
| 23 | JH01AP-2758 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | 44/2018 | 18.04.2023 |
| 24 | JH01AP-2760 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | 45/2018 | 18.04.2023 |
| 25 | JH01AM-4889 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | 47/2018 | 18.04.2023 |
| 26 | JH01AP-2759 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | 48/2018 | 18.04.2023 |
| 27 | JH01CP-9316 | NAWAL KISHORE PRASAD MEMORIAL TRUST | 53/2018 | 10.05.2023 |
| 28 | JH01AF-3258 | GREEN LAND PUBLIC SCHOOL | 54/2018 | 19.05.2023 |
| 29 | JH01AF-3259 | GREEN LAND PUBLIC SCHOOL | 55/2018 | 19.05.2023 |
| 30 | JH01AY-7662 | JAY SINGH YADAV (DAV PUBLIC SCHOOL HEHAL | 64/2018 | 07.06.2023 |
| 31 | JH01AY-7661 | JAY SINGH YADAV (DAV PUBLIC SCHOOL HEHAL | 65/2018 | 07.06.2023 |
| 32 | JH01AY-7663 | JAY SINGH YADAV (DAV PUBLIC SCHOOL HEHAL | 66/2018 | 07.06.2023 |
| 33 | JH01BT-7979 | HILL VIEW NURSING SCHOOL | 69/2018 | 12.06.2023 |
| 34 | JH01AU-6543 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | 72/2018 | 12.06.2023 |
| 35 | JH01BB-9296 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | 73/2018 | 12.06.2023 |
| 36 | JH01CV-6143 | SHAIL BALA LAKRA (LORETO SCHOOL) | 74/2018 | 20.06.2023 |
| 37 | JH01CV-2736 | SHAIL BALA LAKRA (LORETO SCHOOL) | 75/2018 | 20.06.2023 |
| 38 | JH01CY-8578 | MITALI YADAV (DAV PUBLIC SCHOOL PUNDAG) | 76/2018 | 20.06.2023 |
| 39 | JH01BR-9837 | SUMAN BASSI(TENDER HEART SCHOOL) | 77/2018 | 20.06.2023 |

अतः उपरोक्त सभी वाहन स्वामियों को अपने वाहनों का परमिट अवधि समाप्ति के उपरांत परिचालित कर रहे है, वो अपना परमिट का नवीकरण सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर करा लेंगे। अन्यथा बिना परमिट वाहन परिचालित होते हुए पाए जाने पर उनके विरूद्ध मोटनवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

PR 302121 Transport(23-24)D उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव, द0छो0प्रा0परि0प्राधिकार,रांची।

## फुटपाथ दुकानदारों पर चटका निगम का डंडा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** फुटपाथ दुकानदारों को वेंडिंग जोन में



सिफ्ट करवाने को लेकर नगर निगम की कड़ी कार्यवाई। डीआरएम आफिस के सामने हीरापुर हटिया रोड पुलिस लाइन के फुटपाथ दुकानदारों पर चटकाई लाठीया। जबरन दुकानदारों को वेंडिंग जोन में भेजा गया। वहीं निगम के पदाधिकारी अनिल कुमार ने बताया की लगातार सड़क पर यातायात में हो रही परेशानियों को लेकर निगम के द्वारा दो करोड़ की राशि खर्च कर कोहीनूर मैदान में वेंडिंग जोन बनाया गया है जिसमे 192 दुकानदारों को दुकानें आवंटित की जा चुकी है। किन्तु फुटपाथ दुकानदार सड़क किनारे दुकान लगा कर यातायात को बाधित करते हैं जिसको लेकर कार्यवाही की जा रही है।

## मारवाड़ी महिला समिति का सावन मेला 16 जुलाई को

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को मारवाड़ी महिला समिति



सरायढेला शाखा ने हीरापुर स्थित अग्रसेन भवन में प्रेस वार्ता कर बताया कि आगामी 16 जुलाई को सावन मेला का आयोजन किया जाएगा जिसमें ज्वेलरीज, कुर्तिस, बेडशीट्स, होम डेकोर, राखी, गिफ्ट आइटम्स, लग्जरी हैम्फर्स समेत अन्य स्टॉल लगेंगे। समिति के अध्यक्ष कृष्णा सुल्तानिया ने कहा इस वर्ष का सावन मेला बहुत ही शानदार और यादगार रहेगा। मेले स्टॉल्स में आकर्षक और खूबसूरत वस्तुएं उपलब्ध होंगी और विभिन्न रोचक गेम्स के स्टॉल भी लगेंगे। प्रेस वार्ता में समिति की अध्यक्ष कृष्णा सुल्तानिया, सचिव सुमन मित्तल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, मीनू तुलसियान, नीलिमा अग्रवाल, रेखा गोयल, वीणा भर्तियां, उर्मिला भुवानिया, संगीता अग्रवाल एवं समिति के अन्य सदस्या उपस्थित थीं।

## चाणक्य आईएएस एकेडमी में नए बैच की शुरूआत 15 जुलाई से

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बिग बाजार के समीप युनिविस्टा टावर



स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी के धनबाद शाखा में यूपीएससी के नए बैच की शुरूआत आगामी 15 जुलाई से होगी। उक्त जानकारी चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने दी। उन्होंने कहा कि 10+2 पास कर चुके छात्र छात्राओं के लिए विशेष रूप से तैयार किया हुआ तीन वर्षीय अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स के नए बैच की शुरुआत आगामी 15 जुलाई को होने जा रही है। उन्होंने बताया कि चाणक्य आईएएस एकेडमी में विद्यार्थियों की तैयारी के लिए एक आदर्श शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक व उन्नत लाइब्रेरी, अनुकूल कक्षाएं, जीडी रूम एवं डाउट क्लियरिंग कक्षाओं की सुविधा के साथ सफल अभ्यर्थियों से भी मार्गदर्शन कराए जाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि संस्थान की ओर से विद्यार्थियों के सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि चाणक्य आईएएस एकेडमी में हमेशा नई शैक्षणिक रिसर्च पद्धति के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुकूल एवं बेहतर वातावरण मुहैया कराया जाता है। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान के धनबाद शाखा में आकर नामांकन संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## भाकपा माले लोकल कमिटी की बैठक संपन्न

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया में बुधवार को भाकपा माले



बागोडीह पंचायत का दूसरा लोकल कमिटी सम्मेलन सम्पन्न किया गया। सम्मेलन की शुरुआत में पार्टी के शहीद व दिवंगत साथियों की याद में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजली दी गयी। अध्यक्षता व संचालन शमीम अहमद कर रहे थे। सम्मलेन में बतौर पर्यवेक्षक जिम्मी चौरसिया मौजूद रहे। सम्मलेन के मुख्य अतिथि के रूप में भाकपा माले विधायक विनोद कुमार सिंह मौजूद थे।सम्मलेन के उद्घाटन संबोधन में संबोधित करते हुए बगोदर विधायक ने कहा कि जैसे किसी वृक्ष को वृक्ष उसके पत्ते उसके तने उसकी डालियां बनाती है ठीक उसी तरह किसी भी संगठन का रीढ़ उसके कार्यकर्ता होते है,उसकी शाखाएं होती है,उसकी कमिटीयां होती है इन सबसे मिलकर कोई संगठन तैयार होता है। आगे उन्होंने केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि आज बागोडीह पंचायत का सम्मेलन ऐसे दौर में हो रहा है जब पूरे देश मे फासीवाद को सत्ता के जरिये थोपा जा रहा है,महंगाई,बेरोजगारी से पूरे देश में त्राहिमाम मचा हुआ है और अगर इन सब के खिलाफ कोई आवाज उठाए तो उसे देशद्रोही करार दे दिया जाता है। संविधान को ताख पर रखकर मनुस्मृति के हवाले से देश को चलाने की साजिश चल रही है उसी का नमूना था कि देश के नए संसद भवन के उद्घाटन तक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को शामिल तक नही किया गया।सेंगोल रूपी छड़ी को हाथ मे लेकर प्रधानमंत्री ऐसे चल रहे थे मानों किसी राजा का राज्याभिषेक हो रहा हो।

# आरएसएस कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिले में आरएसएस कार्यकर्ता सह ग्राम रक्षा दल के सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सामने से छह गोली मारी गई है। घटना मंगलवार (11 जुलाई) देर रात की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

**टुंडी में ग्राम रक्षा दल के रूप में कार्यरत :-** जिले के पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के दूमा गांव के रहने वाले आरएसएस कार्यकर्ता सह ग्राम रक्षा दल के सदस्य शंकर प्रसाद की बीती रात गोली मारकर हत्या कर दी है। अपराधियों ने उन्हें सामने से छह गोली मारी है। बताया जा रहा है कि टुंडी के शहरपुरा में वह ग्राम रक्षा दल के रूप में कार्य करते थे। घटना की रात भी वह अपने घर से शहरपुरा के लिए निकले थे। इस दौरान दूमा कब्रिस्तान के पास अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। सुबह होने के बाद उनके लोगों को घटना की जानकारी हुई।

**पुलिस मुखबिरी में हुई शंकर की हत्या :-** शंकर के भतीजे ने बताया कि वह समाजसेवी थे। उनका लोगों के साथ बहुत अच्छा संबंध था। सामाजिक कार्यों में भी वह बढ़-चढ़कर भाग लेते रहे थे। पिछले तीन दशक से संघ से जुड़े हुए थे। वह धनबाद जिला वनवासी कल्याण केंद्र के जिला कार्य प्रमुख भी थे। मृतक के भतीजे ने बताया कि पुलिस के सहयोग करने के कारण वह कुछ लोगों के आंखों की किरकिरी बन चुके थे। पुलिस को वह लगातार सूचनाएं भी दिया करते थे।

## गांधीजी की प्रतिमा के सामने दिया गया एक दिवसीय मौन सत्याग्रह धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** एआईसीसी महासचिव सह झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार झारखंड के सभी जिलों से आए कांग्रेस जनों ने राहुल गांधी के ऊपर मानहानि का मुकदमा दर्ज साजिश के तहत सत्ता कि हनक में गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा सजा के आदेश को बरकरार रखने के निर्णय के विरुद्ध मोहराबादी स्थित बापू वाटिका रांची में महात्मा गांधी जी के प्रतिमा के सामने एक दिवसीय मौन सत्याग्रह धरना दिया गया।

धरना मे धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी ने अपनी उपस्थित दर्ज कराई जिसमें धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा राहुल गांधी देश कि जनता कि आवाज बनकर लड़ रहे हैं इसके लिए वे कोई भी कीमत चुकाने के लिए तैयार है। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष राशीद रजा अंसारी ने कहा की राहुल गांधी सच कि आवाज बन कर प्रखरता से आवाज बुलंद कर रहे हैं। उनकी आवाज को दबाया नहीं जा सकता है।

मौके पर सतपाल सिंह ब्रोका, नवनीत नीरज, शमशेर आलम, राजीव रंजन, रामजी भगत, राजेश्वर सिंह यादव, माला झा, योगेंद्र सिंह योगी, जावेद रजा, शाहिदा कमर, विनोद शर्मा, वकील बाउरी, शाहिद कमर, अफजल खान सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित थे।

## 19 को सीएम का आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संभावित गिरिडीह आगमन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अपने-अपने विभाग के कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित परिसम्पति विवरण, उद्घाटन/शिलान्यास विध पत्र वितरण तथा स्टॉल से संबंधित विवरणी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारी को कार्यक्रम



के दौरान लाभान्वित होने वाले लाभुकों को समय पर लाने के लिए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने अपने विभागों से संबंधित स्टॉल लगाना सुनिश्चित करेंगे।वहीं अनुमंडल पदाधिकारी डुमरी व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरी को निर्देश दिया गया कि वे डुमरी अनुमंडल क्षेत्र में विधि व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा जिला परिवहन पदाधिकारी को आवागमन सुगमता से हो, इसके लिए सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में गिरिडीह को दो पदक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** 19वीं झारखंड राज्यस्तरीय जूनियर वुशु प्रतियोगिता में गिरिडीह के कृष्णा कुमार पवन कुमार ने जीता कांस्य पदक। गिरिडीह जिला वुशु संघ के महासचिव आकाश स्वर्णकार ने बताया कि धनबाद के टाटा कम्युनिटी सेंटर में दिनांक 09 और 10 जुलाई को हुए 19वी जूनियर राज्यस्तरीय वुश प्रतियोगिता में भाग लेने गिरिडीह से चार सदस्यीय टीम कोच अभिषेक कुमार के साथ तीन खिलाड़ी कृष्णा कुमार ,पवन कुमार और राकेश कुमार भाग लेने गए थे इस प्रतियोगिता में पूरे झारखंड के विभिन्न जिलों से लगभाग 400 खिलाड़ी आये हुए थे। जिसमें गिरिडीह



के कृष्णा कुमार ने अंडर 52 किलोग्राम में और पवन कुमार ने अंडर 56 किलोग्राम में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम करने कामयाब रहे।जिला अध्यक्ष संदीप डंगेच ने बताया कि गिरिडीह के खिलाड़ी लगातार राज्यस्तरीय वुशु प्रतियोगिता में पदक जीत कर पूरे गिरिडीह का नाम रौसन कर रहे है जिसे गिरिडीह वुशु संघ इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है और ये पूरा विस्वाश है कि एक दिन यहां खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीत कर गिरिडीह सहित पूरे झारखंड के नाम रौसन करे गे। उसकी इस उपलब्धि से गिरिडीह के सभी खिलाड़ियों एवं पदाधिकारी ने उन्हें बधाई दी और आज गिरिडीह वुशु संघ द्वारा श्री गुरुनानक विद्यालय में उनके लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

गिरिडीह जिला वुशु संघ के अध्यक्ष संदीप डंगेसच, संरक्षक मुकेश जालान राजेंद्र तर्वे, अनिल मिश्रा,उपाध्यक्ष संतोष खत्री, अमित स्वर्णकार, साधन पटनायक, कोषाध्यक्षया अनिता ओझा, जॉइंट सेक्रेटरी रोहित राय, अभिषेक कुमार तथा अन्य पदाधिकारीयो ने सभी खिलाड़ियों और उनके कोच अभिषेक कुमार को पदक जीतने पर बहुत बहुत बधाई और सुभकामना दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## सम्पर्क से समर्थन कार्यक्रम के तहत केंद्रीय मंत्री ने चलाया जनसम्पर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** भारतीय जनता पार्टी के महाजनसंपर्क अभियान के तहत बुधवार को बगोदर विधानसभा क्षेत्र के सरिया में संपर्क से समर्थन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सरिया में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने विभिन्न लोगो से सम्पर्क कर समर्थन मांगा।केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा लोकसभा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सरिया बाजार के कई व्यवसायियों से मिलकर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देते हुवे प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए समर्थन की अपील की।

## ताम्बरम व धनबाद के मध्य अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु गोमो-कोडरमा- गया-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-इटारसी-नांदेड़-सिकंदराबाद- चेन्नई इगमोर के रास्ते ताम्बरम और धनबाद के मध्य गाड़ी संख्या 06077/06078 ताम्बरम-धनबाद-ताम्बरम स्पेषल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 06077 ताम्बरम-धनबाद अनारक्षित स्पेषल दिनांक 14.07.2023 (षुक्रवार) को ताम्बरम से 22.00 बजे खुलकर, 22.30 बजे चेन्नई इग्मोर शनिवार को सिकंदराबाद 12.40 बजे, रविवार को 12.50 बजे जबलपुर, 22.20 बजे डीडीयू, 23.45 बजे सासाराम, सोमवार को 00.05 बजे डेहरी ऑन सोन, 01.35 बजे गया, 02.43 बजे कोडरमा, 04.00 बजे गोमो रूकते हुए 05.30 बजे धनबाद पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 06078 धनबाद-ताम्बरम स्पेषल 18.07.2023 (मंगलवार) को धनबाद से 15.35 बजे खुलकर 16.15 बजे गोमो, 17.35 बजे कोडरमा, 18.50 बजे गया, 19.43 बजे डेहरी ऑन सोन, 20.00 बजे सासाराम, 21.15 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बुधवार को 06.00 बजे जबलपुर, 10.00 बजे इटारसी, गुरूवार को 06.20 बजे सिकंदराबाद, 20.45 बजे चेन्नई इग्मोर रूकते हुए 22.00 बजे ताम्बरम पहुंचेगी ।

## बूथ संख्या 51 के बीएलओ को पद मुक्त किया जाए : सद्दाम हुसैन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झामुमो, वार्ड संख्या 18 के वार्ड अध्यक्ष मो. सद्दाम हुसैन ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को आवेदन देते हुए कहा है की बूथ संख्या 51 की बीएलओ रजिया सुल्ताना को पद मुक्त किया जाए। रजिया सुल्ताना ने वर्ष 2015 में धनबाद नगर निगम के अंतर्गत वार्ड संख्या 18 से पार्षद का चुनाव लड़ी थी और उम्मीद है की इस बार भी वह पार्षद का चुनाव लड़ेगी। आगे उन्होने लिखा है की एक पार्षद प्रत्याशी को उसी के वार्ड से बीएलओ बनाना उचित नहीं है। वर्ष 2015 में वार्ड पार्षद के चुनाव लड़ने से पहले रजिया सुल्ताना ने सहायक पद से इस्तीफा दिया था। फिर उसी आंगनबाड़ी में दुबारा नियुक्त भी हो गई और अभी रजिया सुल्ताना आंगनबाड़ी की सहायिका है। जिस आंगनबाड़ी में वह सहायिका है, उसी आंगनबाड़ी की सेविका पहले से बूथ संख्या 60 की बीएलओ है। एक आंगनबाड़ी में कार्यरत सेविका और



सहायिका दोनों बीएलओ नहीं हो सकते। ऐसी स्थिति में जल्द से जल्द रजिया सुल्ताना को बीएलओ के पद से मुक्त किया जाए ताकि रजिया सुल्ताना बीएलओ बनकर अपनी राजनीतिक लाभ ना ले सके।

## झारखंड सीआईडी के प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर मोहम्मद जाहिद हुसैन को धनबाद में भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के रामपुर निवासी मोहम्मद जाहिद हुसैन को दिल्ली में एक सम्मान समारोह आयोजित कर पूरे झारखंड सी आई डी का प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया गया उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मान किया गया एवं दिल्ली एसएसपी अनिल राठौर ने इन्हें सम्मान से नवाजा गया बताया जाता है कि दिल्ली से धनबाद आने के क्रम में धनबाद रेलवे स्टेशन तोपचांची गोमो गोविंदपुर टुंडी में इनके समर्थकों द्वारा बुके एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया एवं सीआईडी के प्रदेश झारखंड प्रदेश सचिव बनने पर पूरे टुंडी के ग्रामीणों ने बोरियो मोड़ में भव्य स्वागत किया गया। वहीं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनने पर सुमन पांडे को भी कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार रूप से स्वागत किया गया एवं आने वाले दिनों में झारखंड में लोगों को बहुत हद तक उचित न्याय मिले गा मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के बैजनाथ साहू अपना संबोधन में कहा कि सीआईडी और मानव अधिकार दोनों मिलकर धनबाद के ग्रामीण जनता को उचित हक दिलाने में काफी मदद करेगा।

## 9 साल बेमिसाल के तहत चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई की ओर से शहरी क्षेत्र में 9 साल बेमिसाल के तहत जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस आभियान को मकतपुर चौक, कालीबाड़ी चौक, पदम चौक, टावर चौक, अंबेडकर चौक में गति दी गई। पार्टी की प्रदेश मंत्री प्रोफेसर विनीता कुमारी और नगर अध्यक्ष हरविंदर सिंह बग्गा के नेतृत्व में चलाएं गए जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत सभी दुकानों में जाकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताया गया साथ ही इन योजनाओं का लाभ किसे मिल रहा है इसे भी बताया गया।

## सामाजिक कार्यकर्ता शंकर दे के हत्यारों को पुलिस-प्रशासन तत्काल गिरफ्तार करे : दीपनारायण सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पूर्वी टुंडी :** पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के जाने माने सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्राम रक्षा दल के सदस्य दूम्मा गांव निवासी शंकर दां की बीती रात अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी। सुचना पा कर जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह दुम्मा पहुंच कर पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना देते हुए हर संभव सहयोग करने की बात कही। दीप नारायण सिंह ने घटना की निन्दा करते हुए कहा कि शंकर दे पुलिस का मुखबिर और ग्राम रक्षा दल का सदस्य था, इस लिए पुलिस-प्रशासन शंकर दे के हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार करें, साथ ही साथ पीड़ित परिवार को दस लाख रुपया मुआवजा और परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी दे। बताते चलें कि घटना रात के 11 बजे की है। बतौर ग्राम रक्षा दल के सदस्य के रूप में वे



रात को शहरपुरा जा रहे थे। रास्ते में दुमा कब्रिस्तान के पास अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। दुख व्यक्त करने वालों में गुड्डू सिंह, दुलाल दा, पंकज कुमार, सुभाष सिंह, आदि लोग शामिल थे।

## उपायुक्त ने उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन, रिक्त पदों, नियुक्ति प्रतिनियुक्ति को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज बुधवार को शिक्षा विभाग की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। इस बैठक में जिला में अवस्थित उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन, रिक्त पदों, नियुक्ति/प्रतिनियुक्ति, निर्माण से संबंधित चर्चा हुई और आवश्यक निदेश पदाधिकारियों को दिये गये। समीक्षा में पाया गया कि उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू प्लस टू उच्च विद्यालय, लोहरदगा को छोड़ अन्य दो विद्यालयों में नामांकन का कार्य पूर्ण हो गया है। नदिया हिंदू प्लस टू उच्च विद्यालय में नामांकन हेतु रिक्त पदों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर भरे जाने का निदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। नामांकन हेतु रिक्त सीटों की स्थिति से संबंधित एक वेब पेज लोहरदगा जिला के वेबसाईट पर बनाये जाने और इस पेज को प्रत्येक दिन तीन बार अपडेट करने का निदेश जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी को दिया गया। उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों व प्रतिनियुक्ति पर भी चर्चा हुई व आवश्यक निदेश दिये गये। सभी विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थित सौ फीसदी सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में नेताजी सुभाषचंद्र बोस विद्यालय हिरही में नामांकन, स्कूल रूआर कार्यक्रम 2023-24, निपुण भारत मिशन का विजन, एससीए, सीएसआर, डीएमएफटी योजना मद से संचालित योजनाएं, बजट 2023-24 समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई व आवश्यक निदेश पदाधिकारियों को दिये गये। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## रेस परियोजना के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** लीड्स द्वारा संचालित रेस परियोजना के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला कॉन्फ्रेंस हॉल में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ रेस परियोजना के डीपीएम नरेंद्र मिश्रा के द्वारा किया गया। परियोजना के टेक्निकल एक्सपर्ट कुलदीप मेहता ने क्लीन एनर्जी के ऊपर हो रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना चार वर्ष से सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड में मॉडल ब्लॉक के रूप में संचालित हो रही है। जिसमें ग्राम स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा समिति बनाकर लोगों को ऊर्जा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं परियोजना के प्रखण्ड समन्वयक मनीष कुमार सिंह ने कोलेबिरा प्रखंड के अंदर क्लीन एनर्जी के ऊपर किए जा रहे कार्यों व उपलब्धियों की चर्चा की। साथ ही उन्होंने रेस परियोजना के तहत अबतक लगभग 500 से अधिक युवाओं को स्किल प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जो पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम को प्रथम एजुकेशन फाउंड के संदीप कुमार, रुपेश, कृतिराज सिंह कोलेबिरा प्रखंड के पंचायत नावाटोली मुखिया कल्पना देवी अगरमा मुखियाअजूरीना मिंज ने भी संबोधित कर रेस परियोजना द्वारा युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ कर को कार्य किया जा रहा है वो सराहनीय है।

## दुष्कर्म का नामजद आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र पेशरार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुतरार में विगत दिनों एक महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद पुलिस से बचने के उद्देश्य से फरार चल रहे दुष्कर्म के नामजद आरोपी को पेशरार थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इधर पेशरार थाना कांड संख्या 03/23 धारा 376/506 भा0द0वि0 के तहत प्राथमिकी अभियुक्त लोदा लोहरा उर्फ राजेश लोहरा पिता राजेंद्र लोहरा ग्राम पुतरार थाना पेशरार को उसके पैतृक निवास पुतरार से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर मण्डल कारा लोहरदगा भेज दिया गया। मामले को ले थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी पेशरार थाना क्षेत्र के ग्राम पुतरार की एक महिला से दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद फरार चल रहा था।थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध पीड़िता ने लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। उक्त महिला के आवेदन के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी दुष्कर्मी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इधर छापामारी अभियान के दौरान पेशरार थानेदार मोहम्मद अख्तर अली, स0अ0नि0 दिनेश प्रसाद सिंह तथा सैट के जवान शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल ग्रामीणों ने कराया अस्पताल में भर्ती



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भड़गांव तालाब के समीप मोटरसाइकिल पेड़ से टकराने दो युवक घायल हो गये। घायल युवकों को ग्रामीणों के मदद से अस्पताल में कराया गया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव तालाब के समीप एन एच 143 ए मुख्य पथ पर एक बाइक अनियंत्रित हो पेड़ से जा टकराया जिसमे मोटरसाइकिल चालक सहित दो युवक घायल हो गये। जिसे ग्रामीणों की मदद से दोनों युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में इलाज के लिये भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक बिनोद सुरीन ने प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया। वहीं चिकित्सकों ने बताया कि रोबिन महली का बांया पैर दो जगह टूट टूट गया है। और शरीर में कई जगह अंदरूनी चोटें लगी है। जबकि फूलदेव महली को हल्की चोटें आई है। वही घायल युवकों का पहचान बगडू केंद टोली निवासी स्वर्गीय विरिया महली के 22 वर्षीय पुत्र रोबिन महली तथा फूलदेव महली के रूप में किया गया है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है। कि घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकी धाम मन्दिर से पूजा कर दोनों घर लौट रहे थे। जिसे की मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो पेड़ से जा टकराया और दोनो भाई घायल हो गये। घटना की सूचना थाना प्रभारी अभिनव कुमार को प्राप्त होते ही उनके निर्देश पर स0आ0नि0 बिरेन्द्र बाखला दल बल के साथ अस्पताल पहुंच घटना का जायजा लेते हुए अग्रतर करवाई में पुलिस जुट गई।

## पिता के मौत के बाद, बेबसी और लाचारी में जीने को मजबूर परिवार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** घटना किस्को प्रखण्ड के नवाडीह नदी टोली की जहाँ एक तिहाडी मजदूर की मौत हो जाने से पूरा परिवार बेबसी और लाचारी की जिंदगी जीने को मजबूर हो गए समय से पहले सर में से पिता का साया उठ जाने परिवार पर भारी मुसीबत आन पड़ी है, किस्को प्रखंड निवासी 45 वर्षीय अर्जुन राम, पिता स्व किशुन राम की मौत 7 जुलाई को गुजरात में हो गई। परिजनों ने बताया कि अर्जुन राम गुजरात में पोलीरम कंपनी में काम करते थे,जिसकी मौत 07 जुलाई को हो गई। परिवार वालो ने बताया कि कंपनी द्वारा शव को लाने में किसी प्रकार की मदद नही की जा रही थी,काफी मसक्कत और गिडगिडाने के बाद कंपनी द्वारा 30 हजार मदद की गई, और परिवार वाले ने किसी तरह 30 हजार कर्ज इकट्ठा कर 60 हजार खर्च कर एम्बुलेंस के माध्यम से 08 जुलाई को शव गुजरात से किस्को भेजी गई। जिसका अंतिम संस्कार 11 जुलाई को नवाडीह नदी टोली में किया गया। अर्जुन राम की मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है, अर्जुन राम अकेले घर में कमाने वाले व्यक्ति थे। जिसके ऊपर पत्नी आरती देवी, पुत्र नितेश राम, रितेश राम,एवं नेहा कुमारी की पढ़ाई लिखाई तथा भरण पोषण जिम्मेवारी थी, जिसके मौत के बाद अब परिवार टूट से गया है, कुछ महीने पहले कमाने गए अर्जुन राम को क्या पता कि उसके मौत के बाद उसके परिवार का क्या होगा, परिवार वालो ने बड़ी उम्मीद लेकर प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## नगर परिषद द्वारा आवंटित दुकानों के किराए में बेतहाशा वृद्धि के विरुद्ध दुकानदार हुए गोलबंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुदरी बाजार स्थित खेम राज स्मृति भवन में नगर परिषद द्वारा आवंटित दुकानों के किराए में 700/800 प्रतिशत की दर से बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ दशरथ महतो की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। जिसमें रेलवे साइडिंग, सोमवार बाजार, बड़ा तालाब व गुदरी बाजार के दुकानदार सम्मिलित हुए। बैठक में उपस्थित दुकानदारों ने कहा कि लोक कल्याण हेतु परिषद द्वारा दुकान/भूमि आवंटित की गई है जहां सब्जी फल, चाय पकौड़ी, पान, कॉपी पेंसिल, जूता चप्पल, आइसक्रीम, बिजली, वस्त्र, बर्तन, श्रृंगार, रबर स्टांप, सैलून, बेल्ट, टेलर, जूता चप्पल मरम्मत आदि जैसे छोटे-छोटे दुकाने हैं जो ऋण लेकर संचालित करते हैं। वही आज ऑनलाइन शॉपिंग व रांची लोहरदगा ट्रेन चार फेरा एवं अन्य ट्रेनों के परिचालन से उपभोक्ता रांची तथा ऑनलाइन शॉपिंग को बेहतर विकल्प मान रहे हैं। लोग अभी महामारी कोविड-19 से निजात पा रहे हैं।वहीं कुछ अवसरों को छोड़ दिया जाए तो लोग दिनभर ग्राहकों के इंतजार में अपने प्रतिष्ठानों में बैठे रहते हैं। ऐसी स्थिति में किराया अधिनियम के तहत 10 प्रतिशत की वृद्धि 3 वर्षों में होती है परंतु 700/800त्न वृद्धि किसी भी दृष्टिकोण से न्यायोचित नहीं है। तथा सभी दुकानदारों ने एक स्वर में कहा कि एक बार फिर से जिला प्रशासन से किराया कम करने हेतु आग्रह किया जाएगा और यदि प्रशासन का रवैया नकारात्मक रहा तो न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया जाएगा। इस बैठक का संचालन संजय बर्म्मन ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन लालू कुमार ने किया। बैठक में सऊद आलम, दिलीप कांस्यकार, गुलाम मुर्तुजा, मो नईम, विजय सिंह, कुलदीप राम, हसनैन अली, वीरेंद्र गुप्ता, शहजाद अली, प्रदीप साहू, रामकृपाल ठाकुर, शहजाद आलम, प्रवीण चौरसिया, सुनील महतो, शमशेर आलम, विजय ठाकुर, मो मिनहाज, जावेद खलीफा, दीपक कुमार, विनोद अग्रवाल, सोनू भगत,मो जावेद, वसीम रजा, एहसान खान, आफताब आलम, धनेश्वर राम, हैदर अली, जागेश्वर राम, मो अनवर, मो जमाल, इरफान, आफाक मंजर, सुबोध महतो, विजय कुमार, मनोज राम आदि उपस्थित थे।

## नगजुआ स्टेशन में सासाराम ट्रेन का ठहराव कराने हेतु करेंगे प्रयास : सुखदेव भगत



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत कैरो प्रखंड के नगजुआ बाजार टांड पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने सुखदेव भगत को बताया कि सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन जब प्रारंभ हुआ था तब वह ट्रेन नगजुआ स्टेशन में रुकती थी जिससे लोहरदगा, रांची और गुमला जिले के लोग लाभान्वित होते थे, कोरोना काल के समय नगजुआ में ट्रेन का ठहराव को बंद कर दिया गया जो आज तक प्रारंभ नहीं हुआ है। जबकि प्रारंभ में बहुत से स्टेशनों में जहां ट्रेन नहीं रुकती थी वहां ट्रेन रुकने लगी जैसे लातेहार, बरवाडीह इत्यादि जबकि नागजुआ में ट्रेन रुकती थी वहां बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों ने श्री भगत से यहां सासाराम एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव कराने की मांग किए साथ ही रेलवे स्टेशन तक पीसीसी पथ निर्माण कराने की भी मांग किए। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा नगजुआ में ट्रेन का स्टॉपेज कराने का जनता की जो मांग है वह जायज है। यह ट्रेन यहां रुकना चाहिए इसके लिए वे रेलवे के अधिकारी से वार्ता कर ट्रेन रुकवाने के लिए प्रयास करेंगे। ट्रेन नहीं रुकने से तीन जिलों के लोग प्रभावित हो रहे हैं ।ग्रामीणों ने कहा कि जल्दी नगजुआ स्टेशन में सासाराम ट्रेन रुकवाने की मांग को लेकर एक आम सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया जाएगा इसमें सुखदेव भगत मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू, तेमबू उरांव, रामधन उरांव, शाहजहां अंसारी, सलील सिंह, महबूब अंसारी, इमरान अंसारी, मनराज उरांव करमदयाल उरांव, सोहराब अंसारी, फिरोज अंसारी, परमेश्वर उरांव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का आमलोगों के बीच प्रचार-प्रसार हेतु आज बुधवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा एक जागरूकता रथ को लोहरदगा जिला के सभी 66 पंचायतों में जागरूकता हेतु समाहरणालय परिसर लोहरदगा से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ अगले 10 दिनों तक जिला के सभी सात प्रखण्डों के 66 पंचायतों में जाएगा। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का उद्देश्य बालिका शिक्षा पर जोर, बाल विवाह प्रथा का अंत, महिला शक्तिकरण, किशोरियों को अपने जीवन के संबंध में स्वतंत्र निर्णय लेने हेतु सक्षम बनाना है। इसमें कक्षा 8वीं में ढाई हजार रूपये, कक्षा नौवीं में ढाई हजार रूपये, कक्षा 10वीं में पांच हजार रूपये, कक्षा 11वीं में पांच हजार रूपये, कक्षा 12 वीं में पांच हजार रूपये और 18-19 वर्ष के आयु की किशोरी को एकमुश्त 20 हजार रूपये अनुदान राज्य सरकार दे रही है। आज इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूजा कुमारी, सभी सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित थे।

## उतका ग्राम के मनोहर मिंज के घर में रात्रि को लगी आग, कई समान जल कर हुए खाख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो थाना क्षेत्र के उतका ग्राम में 11 जुलाई मंगलवार रात्रि 9 बजे के करीब मनोहर मिंज पिता मयतन मिंज के घर में आग लग गई। आग लगने से घर के कई समान जल कर खाख हो गया।अगलगी से घर पर रखे कपड़ा,बिस्तर, खिड़की, दरवाजा, खाने पीने का सामना, घर पर रखे कैश पैसा, सहित एस्बेस्ट आदि भी बर्बाद हो गया जिससे लगभग लाख रूपया का नुकसान बताया जा रहा है।हालांकि आग लगने का कोई ठोस कारणों का पता नही है।पीड़ित मनोहर मिंज ने बताया कि मंगलवार रात्रि लगभग 8 बजे खाना का के सभी परिवार सो गए, अचानक 9 बजे के करीब धुंवा धुंवा का गंध आने पर जगा तो देखा कि घर का एक छोर धधक रहा है तभी आस पास के लोगो को जगाया फिर सभी के सहयोग से मोटर चला कर पानी पर काबू पाया गया परन्तु तबतक काफी क्षति हो चुका था।घटना की जानकारी मिलने पर कैरो मुखिया बीरेंद्र महली बुधवार को सुबह घटना स्थल पहुँच कर सरकारी प्रावधान के तहत क्षतिपूर्ति दिलाने का अश्वासन पीडत को दिया व आगे की कागजी करवाई में सहयोग करने की बात कही है।


## आयुष कुमार सिंह व रुचि कुमारी ने कैंप क्रिटिकल थिंकिंग अवार्ड में प्राप्त किया गोल्ड मेडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य जी पी झा के तत्वावधान में सीसीए प्रभारी अश्विन पात्रा व शितेश कुमार पाठक द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय पेपर बैग दिवस के अवसर पर पेपर बैग बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्लास्टिक बैगों का प्लास्टिक द्वारा फैलने वाले प्रदूषण में विशेष योगदान है। यह एक प्रकार का प्रदूषण है जो पर्यावरण को हानि पंहुचा रहा है, जिससे यह पृथ्वी पर जीवन के लिये भी एक गंभीर संकट बन गया है। इसलिये प्रदूषण को कम करने के लिये प्लास्टिक बैगों पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक है। प्लास्टिक बैगों के विकल्प स्वरूप पेपर बैग को प्रोत्साहन देने तथा जागरूकता लाने हेतु विद्यार्थियों के मध्य पेपर बैग बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें कक्षा एलकेजी में अनुराज कुंडू ने कक्षा यूकेजी में, अथर्व कृत ,एसके सुहान, अंशुमन पात्रा, ईशान्वी राज, प्रतिष्ठा गोरा, कक्षा सातवीं में तेजस राज ने प्रथम स्थान अर्जित किया। विद्यालय के छात्र आयुष कुमार व छात्रा रुचि कुमारी ने कैंप क्रिटिकल थिंकिंग अवार्ड में विशेष स्थान प्राप्त किया।

## नन्दनी नहर के मध्य कैनाल में पानी खुलने से मायुस कूछ किसानो के चेहरो में आयी रौनक



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो एवं भंडरा प्रखण्ड के सीमा पर स्थित नंदनी जलाशय योजना के तहत कैरो प्रखंड, भंडरा प्रखंड एवं कुडू प्रखण्ड के कुछ गांव के किसानों के लिए वरदान है। इन दिनो नन्दनी नहर के मध्य कैनाल मे विभाग के द्वारा पानी खोले जाने पर क्षेत्र के मायुस कुछ किसानो के चेहरो मे रौनक दिखाई पड़ने लगा है। विदित है कि नन्दनी जलाशय योजना का निर्माण कार्य 1983-84 में हुआ था जंहा से कैरो प्रखंड की ओर तीन नहर निकलती है जो किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है।कैरो प्रखंड क्षेत्र में 14388.83 हेक्टयर भूमि है जंहा 8100.24 हेक्टयर भूमि सिंचित है। इस वर्ष किसानों ने बिचड़ा तो समयनुसार कर दिये परंतु अभी तक मानसून की बारिस नही हुआ है। जिसके कारण बिचड़ा का अंकुर सूखने के कगार पर आ गया है। जिससे किसानो को दोहरी पूँजी लगने की संभावना बना हुआ था। परंतु नन्दनी नहर के मध्य कैनाल खुलने से अब घबराहट से निजात क्षेत्र के मायुस कुछ किसानो को मिल सकता है। एक ओर किसान अपने खेतों की तैयारी करने के समय में दूसरे कामो में लगे हैं। इसी बीच नंदनी जलाशय का पानी खोलने से किसानों की आस जगी है। नहर पक्कीकरण को लेकर रबी फसल की पटवन के लिए किसानों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था बहुतो का गेंहू की पैदावारी सामान्य से भी कम हुआ था। यदि अब भी मानसून के तहत वर्षा नही होती तो खरिफ फसल के पैदवार उपज का इस क्षेत्र के अधिकतर किसानो की आर्थिक स्थिति बद से बदतर होने की संभावना मालुम प्रतीत हो रही है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने समाज के प्रतिष्ठित लोगों को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में महा जनसंपर्क अभियान चला रही है इसी निमित्त संपर्क से समर्थन अभियान के तहत केरसई भाजपा मंडल अध्यक्ष मानकीलाल के नेतृत्व में केरसई अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के 35 समाज सेवियों एवं प्रतिष्ठित लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया मौके पर केरसई मंडल प्रभारी मनोज साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ सत्ता प्राप्त करने के लिए चुनाव नहीं लड़ते बल्कि भारत देश विश्व गुरु की ओर अग्रसर हो विश्व में भारत का मान हो इस मंत्र को साथ लेकर चलती है मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के शासनकाल में अनेक ऐसी योजनाएं बनी जिससे गांव का विकास हुआ आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ चाहे वह प्रधानमंत्री आवास हो नल जल योजना हो उज्जवला योजना हो या आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि हो या उर्वरक में सब्सिडी प्रधानमंत्री ने सभी वर्गों को विकास के रास्ते पर साथ चलाने की कोशिश की है । मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गौतम कुमार महामंत्री कुलेश्वर प्रसाद सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामविलास राणा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रविंद्र बड़ाईक मंडल उपाध्यक्ष कैलाश मेहर मंडल मंत्री सुधीर माझी वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश प्रसाद अजय झा प्रभु प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सदर प्रखंड कार्यालय में हुआ जन्म व मृत्यु निबंधन सह एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सदर प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार रजक की अध्यक्षता में जन्म एवं मृत्यु निबंधन का प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन हुआ।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निबंधन का शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु विशेष अभियान 14 जुलाई 2022 से 14 अगस्त 2022 तक चलाया जाएगा। उन्होंने इस विशेष अभियान को सफल बनाने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि जन्म व मृत्यु जिस स्थान पर होती वहीं प्रमाण पत्र बनेगा। उन्होंने बताया कि अगर सिमडेगा का रहने वाला और उसका जन्म रांची में होता है तो रांची में ही जन्म प्रमाण पत्र बनेगा। साथ ही रहने वाला सिमडेगा का व्यक्ति हो, और उसे मेडिकल इलाज के लिए रांची, दिल्ली, व मुंबई ले गया हो और वहीं उनका मृत्यु हो जाता है तो उनका मृत्यु प्रमाण पत्र वहीं बनेगा। तथा उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति का सिमडेगा से मेहमान कोलेबिरा गया हो और किसी दुर्घटनावश मृत्यु हो जाता है तो कोलेबिरा में मृत्यु प्रमाण पत्र बनेगा। ठीक उसी प्रकार किसी शिशु का जन्म रांची में होता है और वह निवास करने वाला सिमडेगा हो तो रांची के जन्म स्थान से ही जन्म प्रमाण पत्र बनेगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि जिले के हर व्यक्ति का जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनना आवश्यक है। इसे गंभीरता से लें। उन्होंने 21 जुलाई से मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के लिए डोर टू डोर सर्वेक्षण का कार्य होगा, इसमें सहयोग करें। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण निर्देश। बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, बीएलओ सुपरवाइजर, सहिया उपस्थित थे।

## हर्ष उल्लास के साथ जिले भर में निकलेगा मोहर्रम 2023 का जुलूस

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोहर्रम 2023 को लेकर अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी की अध्यक्षता में मोहर्रम अखाड़ों के लाइसेंसी के साथ बैठक हुई। बैठक में सभी लाइसेंसी अखाड़ों के साथ विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 2023 मोहर्रम का जुलूस पूरे जिले में हर्षउल्लास के साथ निकाला जाएगा। जिसके लिए अंजुमन इस्लामिया ने बैठक में उपस्थित अखाड़ों को अपनी तैयारियां शुरू करने के लिए भी कहा है साथ ही जिले के विभिन्न प्रखंडों में अंजुमन इस्लामिया की टीम दौरा कर अखाड़ों के साथ समन्वय स्थापित कर मोहर्रम का जुलूस निकालने को लेकर कार्य करेगी।

## चलते चलते एक नजर

### केंद्र ने नेफेड, एनसीसीएफ को आंध्र, कर्नाटक से टमाटर खरीदने का निर्देश दिया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने टमाटर की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) को आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र की मंडियों से टमाटर खरीदने और उन्हें दिल्ली-एनसीआर सहित प्रमुख केंद्रों में वितरित करने का निर्देश दिया है, जहां पिछले एक महीने में कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई है।उपभोक्ता मामलों के विभाग ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि टमाटर का स्टॉक इस सप्ताह शुक्रवार तक दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में उपभोक्ताओं को रियायती कीमतों पर खुदरा दुकानों के माध्यम से वितरित किया जाएगा। वितरण के लिए लक्षित केंद्रों की पहचान पिछले एक महीने में खुदरा कीमतों में अधिकतम वृद्धि के आधार पर की गई है, जहां कीमतें अखिल भारतीय औसत से ऊपर हैं। राज्यों में टमाटर की खपत वाले मुख्य केंद्रों की पहचान की गई है। इन केंद्रों की पहचान पुख्ता कर उन्हें आगे की कार्यवाही के लिए चिह्नित किया गया है।भारत में टमाटर का उत्पादन अलग-अलग मात्रा में लगभग सभी राज्यों में होता है। अधिकतम उत्पादन भारत के दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्रों में होता है, जो अखिल भारतीय उत्पादन में 56 प्रतिशत से 58 प्रतिशत का योगदान देते हैं।

### देहरादून में दो दिवसीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर 14 जुलाई से, मांडविया करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 14 जुलाई को देहरादून में स्वास्थ्य चिंतन शिविर का उद्घाटन करेंगे। दो दिवसीय इस शिविर का आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण परिषद के तत्वावधान में किया जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार और प्रो. एसपी सिंह बघेल भी शामिल होंगे। इस आयोजन में विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ-साथ स्वास्थ्य मंत्रालय और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। चिंतन शिविर की शुभारंभ केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण परिषद के 14वें सम्मेलन की कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने के साथ होगी। शिविर में आयुष्मान भारत के सभी पहलुओं पर चर्चा की जाएगी।

### करदाताओं की सहायता हेतु टैक्स क्लिनिक सहायता केंद्र का आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया इस वर्ष अपनी स्थापना की गौरवपूर्ण 75वीं वर्षगांठ मन रही है। आईसीएआई अपने यात्रा के 75 वर्षों में देश के आर्थिक नवनिर्माण में एक प्रमुख स्तम्भ के रूप में सामने आयी है। इस उपलक्ष में आयकर विभाग और सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स की सहमति से दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की डायरेक्ट टैक्स कमिटी के द्वारा पुरे देश में अपने शाखाओं के माध्यम से 13 और 14 जुलाई, 2023 को दो दिवसीय टैक्स क्लिनिकफ्र का आयोजन कर रहा है। इस टैक्स क्लिनिक में प्रत्यक्ष कर विशेषज्ञ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक उपस्थित रहेंगे और करदाताओं की समस्यों का निदान का प्रयास किया जायेगा। साथ ही इस क्लिनिक में छोटे करदाताओं का टैक्स रिटर्न भी दाखिल किया जायेगा। इस सन्दर्भ में जानकारी देते हुए इंस्टिट्यूट की रांची शाखा के अध्यक्ष सीए पंकज मक्कड़ ने बताया आगामी 13 और 14 जुलाई, 2023 को दो दिवसीय टैक्स क्लिनिक का आयोजन इंस्टिट्यूट की रांची शाखा परिसर आईसीएआई भवन डॉ मुक्ति सरन लेन, एच वी रोड, लालपुर रांची में आयोजित की गयी है।

# सीएम ने कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी योजनाएं चल रही है, उसका लाभ राज्य वासियों को हर हाल में दिलाना सुनिश्चित करें। आदिवासी, दलितों पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों के विकास पर सरकार का विशेष जोर है। ऐसे में इनके लिए संचालित योजनाएं सुचारू तरीके से संचालित होनी चाहिए ।

### विभाग की इन योजनाओं पर हुई चर्चा

मुख्यमंत्री ने इस बैठक में विशेष रूप से साइकिल वितरण योजना, एकलव्य और आश्रम विद्यालय, छात्रावासों का जीर्णोद्धार, कल्याण अस्पतालों का संचालन और छात्रवृत्ति योजनाओं की विशेष रुप से समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों से इन योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और कई निर्देश दिए।


### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विभागीय मंत्री चम्पाई सोरेन, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का आदिवासी कल्याण आयुक्त लोकेश मिश्रा और अपर सचिव अजय नाथ झा मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने दिए ये निर्देश

- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में लगभग 15 लाख विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण किया जाना है । यह काफी चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में साइकिल की बजाए विद्यार्थियों अथवा उनके अभिभावकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से साइकिल के लिए जो राशि आवंटित है ,उसे डालने की कार्य योजना पर कार्य करें। ताकि, विद्यार्थियों को तय समय सीमा में इसका लाभ मिल सके।
- छात्रावासों का पूर्ण रूप से जीर्णोद्धार होना चाहिए। जो छात्रावास पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं, उसे तोड़कर उसी जगह नए छात्रावास का निर्माण हो। छात्रावासों मैं रसोईया, चौकीदार और बिजली -पानी और शौचालय जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं बेहतर तरीके से होनी चाहिए । छात्रावास पूरी तरह चकाचक रहे इसे हर हाल में सुनिश्चित करें।
- जिलों में जितने छात्रावास अवस्थित है ,उसकी संख्या और वहां रहने वाले विद्यार्थियों की सूची तैयार करें और इन छात्रावासों में विद्यार्थियों के लिए भोजन उपलब्ध कराने के लिए सेंट्रलाइज्ड किचन की व्यवस्था करने संबंधित कार्य योजना बनाएं।
- एकलव्य और आश्रम विद्यालय को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की तर्ज पर चलाने की दिशा में कार्य योजना तैयार करें। इन विद्यालयों में शिक्षकों और कर्मियों के पदों पर शत प्रतिशत स्थानीय की नियुक्ति हो, इसे सुनिश्चित करें।

# अमरनाथ यात्रा : कड़ी सुरक्षा के बीच 7,800 से अधिक श्रद्धालुओं का 10वां जत्था जम्मू से रवाना



एजेंसी

**जम्मू।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार को 7,800 से अधिक श्रद्धालुओं का 10वां जत्था जम्मू आधार शिविर से कश्मीर के जुड़वां आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ। यह अमरनाथ की पवित्र गुफा के लिए जम्मू से जाने वाला अब तक का सबसे बड़ा जत्था है।बुधवार सुबह 7,805 श्रद्धालु 339 वाहनों के काफिले में जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से घाटी के लिए रवाना हुए। 4,677 श्रद्धालु 207 वाहनों के काफिले में पहलगाम के लिए गए और 3,128 श्रद्धालु 132 वाहनों के काफिले में बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुए हैं।

इसके साथ ही 30 जून से अब तक 56,303 श्रद्धालु जम्मू आधार शिविर से घाटी के लिए रवाना कर चुके हैं। इसी बीच 1 जुलाई से अब तक कुल 1,37,353 श्रद्धालु अमरनाथ की पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि 8 और 9 जुलाई को लगातार बारिश के कारण राजमार्ग को अभूतपूर्व क्षति हुई, विशेषकर रामबन जिले में एक हिस्से को जिससे इसे बंद करना पड़ा। रामबन में मरम्मत के लिए जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के बंद होने के कारण तीन दिनों तक निलंबित रहने के बाद यात्रा 11 जुलाई दोपहर को जम्मू आधार शिविर से फिर से शुरू हुई थी।

# स्वामी विवेकानंद पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले साधु को इस्कॉन ने किया प्रतिबंधित



एजेंसी

**कोलकाता :** इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) ने रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले अपने भिक्षु अमोघ लीला दास को एक महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। इसके साथ ही उन्हें एक महीने के लिए सार्वजनिक जीवन से खुद को अलग करने को कहा गया है।

मछली खाने के लिए स्वामी विवेकानन्द की आलोचना करने वाली साधु की टिप्पणी ने पश्चिम बंगाल में भारी विवाद पैदा कर दिया है। बंगाल में मछली न केवल बहुसंख्यक आबादी के आहार का एक अनिवार्य हिस्सा है बल्कि कुछ धार्मिक परंपराओं में देवताओं को भी इसे अर्पित किया जाता है। इस्कॉन ने अपने बयान में कहा कि इन प्रतिष्ठित हस्तियों के प्रति अमोघ लीला दास की अपमानजनक टिप्पणियां, मुख्य रूप से उनकी आहार संबंधी प्राथमिकताओं के उद्देश्य से, न केवल अपमानजनक हैं, बल्कि आध्यात्मिक पंथों और व्यक्तिगत विकल्पों की विविधता के बारे में सजगता की कमी को भी दर्शाती हैं। ये कार्रवाइयां आपसी सम्मान, धार्मिक सहिष्णुता और सद्भाव के बुनियादी सिद्धांतों को कमजोर करती हैं जो एक शांतिपूर्ण समाज के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास द्वारा हस्ताक्षरित बयान में कहा गया है कि संगठन टिप्पणियों से दुखी है और कहा कि रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद भारतीय इतिहास और आध्यात्मिकता में अत्यधिक सम्मानित व्यक्ति हैं।

# सांसद ने सदर अस्पताल के आयुष्मान भारत की टीम को किया सम्मानित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आयुष्मान भारत योजना को धरातल पर उतारने और इसका लाभ जनता को देने में सदर अस्पताल, रांची भारत में तीसरे नंबर पर रहा। इस बड़ी उपलब्धि के बाद सांसद संजय सेठ ने आज सदर अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ0 विनोद कुमार सहित सभी चिकित्सकों और आयुष्मान भारत की पूरी टीम को सम्मानित किया।

टीम को सम्मानित करने के लिए सदर अस्पताल पहुंचे सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के अंतिम व्यक्ति की चिंता की। पहले सामान्य से सामान्य बीमारियों के भी उपचार में लोग अपनी जमीनों को गिरवी रखते थे। जमीनें बेच देते थे। महिलाओं को जेवर बेचना पड़ता था। लोग कर्ज में डूब जाते थे। यह ऐसी स्थिति थी, जिससे आदमी को उबरने में लंबा समय लगता था। परंतु अब न तो किसी को जमीन बेचने की जरूरत है और न जेवर बेचने या कर्ज लेने की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना ऐसे ही परिवारों के लिए लाई, जहां 5 लाख तक का उपचार निःशुल्क किया जाता है। इसे कई अस्पताल संबद्ध हुए। कई अस्पतालों में इसका उपचार शुरू हुआ परंतु सदर अस्पताल ने जो उपलब्धि हासिल की, यह पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है। सांसद ने कहा कि यह चिकित्सकों का सेवाभाव है जिन्होंने इतनी बड़ी उपलब्धि को हासिल किया। प्रधानमंत्री जी ने जो सोचा, सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे जमीन पर उतारने का काम किया। इसके लिए सभी साधुवाद के पात्र हैं।

सांसद सेठ ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना ने देश के लाखों परिवारों को जीवनदान दिया है। लाखों लोगों को नया जीवन दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह सोच कि पैसे के अभाव में किसी व्यक्ति का इलाज नहीं रुके, उस सोच को इस योजना ने धरातल पर उतारा है। सांसद ने जहां इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार प्रकट किया है वहीं सदर अस्पताल की पूरी टीम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

इस अवसर पर सांसद द्वारा डॉ किरण, डॉज्ञरविंद्र, डॉ अखिलेश, डॉ ए0के0 झा, डॉक्षउषा सिंह, डॉ उमा सिन्हा, डॉ दयानंद, डॉ लक्ष्मीकांत, डॉ प्रभात, डॉ अमरेश, डॉक्टर विमलेश सहित अन्य प्रमुख लोग सम्मानित किए गए।

### हथिनी कुंड बैराज से छोड़े जाने वाले पानी को लेकर केजरीवाल ने लिखा केन्द्रीय गृहमंत्री को पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को यमुना के बढ़ते जल स्तर पर पत्र लिखा है। इसमें मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया है कि हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से पानी सीमित गति से छोड़ा जाए ताकि बाढ़ जैसे हालात ना बने। अपने पत्र में दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में पिछले कुछ दिनों से तेज वर्षा नहीं हो रही है। ऐसे में यमुना का जलस्तर बढ़ने का मुख्य कारण हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से छोड़ा गया पानी है। केजरीवाल ने कहा कि सेंट्रल वाटर कमीशन के अनुसार आज रात में यमुना का जल स्तर 207.72 मीटर पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है और कुछ ही समय में यहां जी-20 सम्मेलन भी होना है। ऐसे में दिल्ली में बाढ़ से दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा।

# पुलिस हिरासत में गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या



एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान के भरतपुर में गैंगस्टर कुलदीप जघीना की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। हमला तब हुआ जब पुलिस उसे जयपुर जेल से भरतपुर कोर्ट लेकर जा रही थी। बदमाशों ने हमले के दौरान पुलिस की आंखों में मिर्च झोंक दी और फायरिंग शुरू कर दी। कुलदीप की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कुलदीप को कई गोलियां लगी हैं। गैंगस्टर कुलदीप को भाजपा नेता कृपाल सिंह जघीना हत्याकांड में गिरफ्तार किया गया था। जानकारी के अनुसार जयपुर पुलिस की टीम बुधवार को गैंगस्टर कुलदीप सिंह जघीना व उसके साथी विजयपाल को सरकारी बस से भरतपुर ले जा रही थी। दोपहर करीब 12 बजे भरतपुर के अमोली टोल प्लाजा के पास दो बदमाश बस में चड़े। बदमाशों ने पहले पुलिसकर्मियों की आंखों में मिर्ची फेंकी और फिर जघीना पर फायरिंग कर दी। बदमाशों ने करीब 15 राउंड फायरिंग की। इस दौरान गोली लगने से जघीना की मौके पर ही मौत हो गई।

विजयपाल घायल है। दो यात्रियों को भी गोली लगी है। पुलिस की टीम ने गैंगस्टर जघीना के शव को अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद है। एसपी मृदुल कच्छावा के अनुसार चालानी गार्ड इन्हें लेकर आ रहे थे। टोल के फुटेज पुलिस ने बरामद कर आरोपितों की पहचान कर ली है। बदमाशों की गाड़ी बरामद कर ली है। विजयपाल की हालत नाजुक है। गौरतलब है कि भरतपुर में 10 महीने पहले 4 सितम्बर, 2022 को भाजपा नेता कृपाल सिंह जघीना की हत्या की गई थी। बदमाश 3 बाइक और 2 कारों में सवार होकर आए थे।

# ईडी के गलत इस्तेमाल से सुप्रीम कोर्ट ने पर्दा उठा दिया : झामुमो




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से दूध का दूध और पानी का पानी सामने आ चुका है कि किस तरह केंद्र सरकार ईडी सहित अन्य जांच एजेंसियों का अपने राजनीतिक फायदे और राजनीतिक दुश्मनी निभाने के लिए इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि ईडी के गलत इस्तेमाल से सुप्रीम कोर्ट ने पर्दा उठा दिया है। भट्टाचार्य बुधवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद यह भी साबित हो गया की ईडी का इस्तेमाल गैर भाजपाई सरकार को डिस्टर्ब कर विकास कार्य को बाधित करने के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया। अब केंद्र सरकार को अपने किए पर आत्ममंथन करना चाहिए।उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बांड के जरिए वित्तीय वर्ष 2021-22 में देश के राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दलों के खाते में 92 88.36 करोड़ रुपये आया। इसमें 55 प्रतिशत यानी 5271.975 करोड रुपये केवल भाजपा के खाते में आये। यह एक तरह से मनी लॉन्ड्रिंग का भी मामला बनता है लेकिन ईडी का ध्यान इस ओर कभी नहीं गया। उन्होंने कहा कि ईडी का कैसे गलत इस्तेमाल हो रहा है, इसका जीता- जागता प्रमाण महाराष्ट्र है। एनसीपी के एक विधायक पर ईडी का छापा पड़ता है और तुरंत इसके बाद महाराष्ट्र सरकार में शामिल होकर मंत्री बन जाता है। देश की जनता सारा कुछ देख और समझ रही है। समय पर इसका जवाब मिलेगा। उन्होंने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के घटना के विरोध में जब आदिवासी लोग भाजपा कार्यालय घेराव कर रहे थे, तो उन्होंने कहा कि ये लोग आदिवासी नहीं जमीन दलाल हैं। उन्होंने कहा कि इस पर सवाल उठता है कि बाबूलाल मरांडी के अध्यक्ष बनने के बाद पूरे शहर में जितने पोस्टर लगे हैं, उनके स्वागत और सम्मान में, वे लोग कौन हैं, जिसे बाबूलाल को खंगालना चाहिए।

# आईओसीएल एवं गेल के झारखण्ड में प्रतिष्ठानों में समस्या समाधान पर हुई चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड की अध्यक्षता में 22वीं (ओएससीसी ) की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में ओएनजीसी, आईओसीएल एवं गेल के झारखण्ड में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों में समस्या समाधान एवं आपसी समन्वय से संबंधित बातों पर विस्तृत चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि उक्त ओएससीसी की बैठक प्रत्येक छः माह पर आयोजित की जाती रही है, परन्तु कोविड के कारण 2019 में आयेजित 21 वीं ओएससीसी की बैठक के बाद यह बैठक हो रही है। बैठक में सर्वप्रथम आदित्य जौहरी कार्यकारी निदेशक, ओएनजीसी बोकारो द्वारा पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। तदोपरान्त डॉ बलजीत सिंह (भा0पु0से0), कार्यकारी निदेशक, मुख्य सुरक्षा ओएनजीसी एवं संयोजक ओएससीसी तथा आदित्य जौहरी, कार्यकारी निदेशक, ओएनजीसी बोकारो द्वारा झारखण्ड स्थित ओएनजीसी, आईओसीएल एवं गेल के विभिन्न प्रतिष्ठानों में उत्पन्न समस्याओं, उसके समाधान, आपसी समन्वय तथा 21वीं ओएससीसी की बैठक में लिये गये निर्णय पर बिन्दुवार चर्चा किये। बैठक में ओएनजीसी आईओसीएल एवं गेल के स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा प्रतिष्ठान एवं कार्य करने में आ रही समस्याओं को रखा गया एवं उसके ऑपरेशनल एरिया में आ रही समस्याओं को पुलिस एवं स्थानीय ग्रामीणों से समन्वय स्थापित कर हल करने पर जोर दिया गया। इस बैठक के दौरान स्थानीय एवं जिला स्तर पर भी लगातार समन्वय समिति की बैठक करने पर जोर दिया गया। डिपो / टर्मिनल के आस पास ढाबा, चाय की दुकानों पर विशेष निगरानी रखने पर बल दिया गया। ज्ञात हो कि पूर्व से ही इस कार्य में स्थानीय स्तर पर पुलिस का काफी सहयोग मिलता रहा है। वर्तमान में इस वर्ष अभी तक आईओसीएल के पाईप द्वारा तेल चोरी की एक भी घटना नहीं हुई है जिसके लिए ओएनजीसी आईओसीएल एवं गेल के सभी पदाधिकारियों के द्वारा झारखण्ड पुलिस की प्रशांसा की गई। पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड ने निर्देश दिया कि आने वाले नये प्रोजेक्ट हेतु भूमि अधिग्रहण विधि-व्यवस्था एवं पाइपलाईन से तेल चोरी के अन्तराज्यीय गिरोह से संबंधित सूचनाओं का आदान-प्रदान संबंधित जिला के पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ पुलिस मुख्यालय के नोडल पदाधिकारी से भी किया जाय। चूँकि नई परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण एक चुनौती है, जिसे जिला में कार्यरत सभी एजेन्सियों को ग्रमीणों के साथ लगातार संयुक्त प्रयास से हल किया जा सकता है एक टीम के रूप में इस क्षेत्र में काफी प्रगति हुई है तथा चल रही नियोजित परियोजनाओं के कार्यान्वयन, निर्वाद्ध समन्वय विधि सम्मत कार्रवाई एवं संयुक्त प्रयास से समस्याओं का समाधान संभव है।

इस अवसर पर संजय आनन्द राव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक (अभियान) अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) सह- -नोडल पदाधिकारी प्रभात कुमार पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन), नरेन्द्र कुमार सिंह, पुलिस उप-महानिरीक्षक (हजारीबाग) मयुर कन्हैयालाल पटेल, पुलिस उप महानिरीक्षक (बोकारो) अनुप विरथरे, पुलिस उप महानिरीक्षक (रांची) के अतिरिक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद, वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची, तथा पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़, गिरीडीह, चतरा, सिमडेगा, खूँटी, देवघर तथा अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी सहित बलजीत सिंह, कार्यकारी निदेशक, मुख्य सुरक्षा ओएनजीसी एवं संयोजक ओएससीसी तथा आदित्य जौहरी कार्यकारी निदेशक, ओएनजीसी, बोकारो अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित थे।